रांची का तापमान
कांके: अधिक. 26.6° न्यून. 22.1°
रांची: अधिक. 28.0° न्यून. 23.0°

रांची, शुक्रवार
11 जुलाई 2025
वर्ष-26, अंक-159, पृष्ठ-12

श्रावण कृष्ण पक्ष 01, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




# 36 घंटे तक बरसा पानी, नालियों की गदंगी सड़कों पर आई...

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** पिछले 36 घंटे की बारिश के बाद गुरुवार को राजधानी में जनजीवन अस्त-व्यस्त नजर आया। आसमान से पानी इतना ज्यादा बरसा कि लोगों के घर तालाब बन गए और सड़कें डूब गईं। निचले इलाकों में रह रहे लोगों को सबसे ज्यादा दिक्कत हुई। वहीं, दूसरी ओर बारिश ने रांची नगर निगम की सफाई व्यवस्था की भी पोल खोल दी। क्यूआरटी की भी हकीकत सामने आ गई। गंदगी से भरी पड़ी और महीनों से बंद नालियों से गंदा पानी सड़कों पर बहने लगा।

शेष पेज 11 पर




## झारखंड में 15 जुलाई तक बारिश की चेतावनी, कई जिलों में येलो अलर्ट जारी

**रांची।** झारखंड में अगले कुछ दिनों तक मौसम बिगड़ा रह सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र, रांची ने राज्य के सभी 24 जिलों के लिए 10 जुलाई से 15 जुलाई तक वज्रपात और हल्की से मध्यम बारिश की चेतावनी जारी की है।

**बारिश का पूर्वानुमान 10 जुलाई से 12 जुलाई तक :** राज्य के अधिकतर जिलों में 76% से अधिक क्षेत्रों में बारिश की संभावना जताई गई है। इन दो दिनों के दौरान झारखंड के लगभग सभी जिले भारी से मध्यम बारिश की चपेट में रह सकते हैं।

**बारिश का पूर्वानुमान 13 जुलाई :** मौसम विभाग के मुताबिक, 13 जुलाई को बारिश की तीव्रता में थोड़ी कमी आने की संभावना है। अधिकांश जिलों में केवल 26% से 50% क्षेत्रों में ही वर्षा की संभावना है, जबकि गढ़वा मंल बारिश की संभावना 25% से भी कम बताई गई है।

**वज्रपात की चेतावनी 10 से 15 जुलाई तक :** 10 से 12 जुलाई तक झारखंड के विभिन्न हिस्सों में 30-40 किमी/घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और वज्रपात होने की संभावना है। 12 से 15 जुलाई के बीच अलग-अलग स्थानों पर वज्रपात की आशंका बनी हुई है।

### वज्रपात, आंधी और बारिश की चेतावनी

*मौसम विभाग ने सभी जिलों को येलो अलर्ट की श्रेणी में रखा है। इसका अर्थ है कि लोगों को सतर्क रहने और मौसम से संबंधित अद्यतन जानकारी पर नजर रखने की जरूरत है। झारखंड में आगामी दिनों में मौसम का मिजाज अस्थिर रहेगा। वज्रपात, आंधी और बारिश के चलते जनजीवन पर असर पड़ सकता है। ऐसे में सभी नागरिकों को सतर्क और सावधान रहने की आवश्यकता है।*

## सेना को सलाम

राष्ट्रीय नवीन मेल




**डॉ सुरिन्दर कौर नीलम**

22 अप्रैल, पहलगाम के नृशंस, आतंकी हत्याकांड के उपरान्त जन -जन में रोष, आक्रोश और प्रतिशोध की ज्वाला धधक उठी।7 मई को हमारी पराक्रमी सेना ने शत्रुओं के आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। उनके बंकरों को ध्वस्त कर इस वहशी हमले का बदला ले लिया।उन सभी वीर सैनिकों को शत -शत नमन और हृदय तल से वंदन, जिन्होंने अपने प्राण जोखिम में डालकर दुश्मनों को उनकी औकात बता दी। बहादुर सेना के जवानों ने अपने शौर्य का परचम लहराकर प्रत्येक भारतवासी को गौरवान्वित किया। जब ऑपरेशन सिंदूर की खबर सुबह -सुबह सुनी तो ऐसा लगा कि हवाएँ संगीत सुना रहीं हैं, सूर्य शीतलता बरसा रहा है, दिलों की उदास बस्तियाँ संतुष्टि और प्रसन्नता के उपवन में तबदील हो गई हैं, सैनिकों के साहस की खुशबुएँ उन तक पंहुच कर जवानों का मनोबल बढ़ा रही हैं, और प्रकृति का कण-कण उनका अभिनंदन कर रहा है।

शेष पेज 11 पर

## वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ददई दुबे नहीं रहे, दिल्ली में निधन

**रांची।** झारखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे का निधन हो गया है। गढ़वा जिले के विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक ददई दुबे मजदूर यूनियन के भी नेता थे। पिछले कुछ दिनों से नयी दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। गुरुवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। वहीं, ददई दुबे के निधन पर झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्रनाथ महतो ने शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि भगवान दिवंगत आत्मा शांति दें व उनके परिवार को सहन-शक्ति प्रदान करें।



व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444
कार्यकारी संपादक।

**27वीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक**

# रांची में मेट्रो रेल परियोजना को स्वीकृति दें : मुख्यमंत्री

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रांची में गुरुवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में आयोजित 27वीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड राज्य की समस्याओं, विकास की जरूरतों और लंबित मामलों को विस्तार से रखा। मुख्यमंत्री ने झारखंड की ओर से 31 अहम मुद्दों को उठाते हुए राज्य के विकास के लिए केंद्र सरकार से सहयोग की अपेक्षा जताई। बैठक में बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और झारखंड के प्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया।

**सांस्कृतिक विरासत और साझा समस्याएं :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बैठक की शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा और सिदो-कान्हू की धरती से अतिथियों का स्वागत करते हुए की। उन्होंने कहा कि बंगाल, बिहार, ओडिशा और झारखंड की साझा सांस्कृतिक विरासत हमें एकजुट करती है। हमारी सामाजिक-आर्थिक चुनौतियां भी समान हैं। ऐसे में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद राज्यों के बीच बेहतर तालमेल और सहयोग का मंच है।

**खनन प्रभावितों के लिए नीति में बदलाव की मांग :** सीएम सोरेन ने खनन क्षेत्रों में रहने वाले आदिवासी और कमजोर वर्गों पर खनन के नकारात्मक प्रभाव को देखते हुए मुख्यमंत्री ने डीएमएफटी नीति में संशोधन कर खनन प्रभावितों को अधिक लाभ देने की मांग की।

**केंद्रीय बलों की नियुक्ति पर राज्यों से राशि नहीं मांगी जाए :** मुख्यमंत्री ने कहा कि उग्रवाद से निपटने में झारखंड सरकार ने सभी उपलब्ध संसाधनों का उपयोग किया है। उन्होंने केंद्र से मांग की कि केन्द्रीय बलों की प्रतिनियुक्ति के एवज में राज्य से राशि की मांग नहीं की जाए, क्योंकि यह संयुक्त जिम्मेदारी है।

**मेडिकल कॉलेजों के निर्माण के लिए मदद की अपील :** उन्होंने कहा कि झारखंड में कुपोषण की स्थिति में सुधार हो रहा है, लेकिन इसे मजबूत करने के लिए 15वें वित्त आयोग की सिफारिश के तहत 312 करोड़ रुपये की राशि शीघ्र दी जाए। इसके अलावा रिम्स -2 और छह नए मेडिकल कॉलेजों के निर्माण के लिए केंद्र से आर्थिक सहयोग की मांग की।

**धार्मिक स्थलों को रामायण सर्किट में शामिल करने की मांग :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के धार्मिक स्थलों को रामायण सर्किट और बौद्ध सर्किट में शामिल किया जाए ताकि पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। साथ ही, झारखंड-बिहार के बीच लंबित परिसंपत्ति बंटवारे का मुद्दा भी उन्होंने जोरशोर से उठाया।

शेष पेज 11 पर

## बिहार और झारखंड के बीच सोन नदी के जल बंटवारे पर सहमति

## झारखंड के धार्मिक स्थलों को रामायण सर्किट व बौद्ध सर्किट में शामिल हो



**केंद्र से 'सहकारी संघवाद' की अपील :** सीएम ने कहा कि झारखंड की भौगोलिक चुनौतियों और सामाजिक-आर्थिक स्थिति को देखते हुए केंद्र सरकार को सहकारी संघवाद की भावना के तहत सहयोग करना चाहिए। उन्होंने भरोसा जताया कि इस बैठक से झारखंड के कई लंबित मुद्दों का समाधान निकलेगा।

**मईयां सम्मान योजना का जिक्र :** सीएम ने मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना का उल्लेख किया, जिसके तहत 18-50 वर्ष की महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये की सहायता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि इससे महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं और सामाजिक बदलाव का रास्ता खुला है।

## राज्यों के विकास में मदद को केंद्र तत्पर : गृह मंत्री




**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में गुरुवार को रांची में आयोजित पूर्वी क्षेत्रीय अंतरराज्यीय परिषद की 27वीं बैठक में चार राज्यों झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और ओडिशा से जुड़े 20 महत्वपूर्ण मुद्दों पर व्यापक सहमति बनी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आश्वस्त किया कि केंद्र सरकार राज्यों के समावेशी विकास की कार्ययोजनाओं के लिए हरसंभव मदद को तत्पर है। उन्होंने राज्यों की ओर से रखी गई मांगों पर समुचित कार्रवाई का भी भरोसा दिलाया। बैठक में चारों राज्यों की सरकारों ने विकास, जनकल्याण, क्षेत्रीय संतुलन, जल संसाधनों के वितरण और अपराध नियंत्रण से संबंधित विषयों पर बेहतर समन्वय के साथ काम करने का संकल्प लिया। बिहार की ओर से बैठक में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शिरकत की। उन्होंने बताया कि बिहार में गंगा, कोसी सहित अन्य नदियों से होने वाले जलस्राव और गाद के कारण हर साल आने वाली बाढ़ की समस्या के स्थायी समाधान के लिए व्यापक गाद प्रबंधन नीति बनाने पर बैठक में सहमति बनी है। उन्होंने कहा कि बैठक में बिहार और झारखंड के बीच सोन नदी के जल बंटवारे पर सहमति बन गई है। इन्द्रपुरी जलाशय और बाणसागर समझौते के तहत इस नदी का 5.75 एमएएफ जल बिहार को और 2.00 एमएएफ जल झारखंड को आवंटित होगा। बिहार सरकार के प्रतिनिधियों ने बैठक में फरक्का बराज के निर्माण से गंगा नदी का अविरल बहाव सुनिश्चित करने और बिहार-पश्चिम बंगाल सीमा पर कटावरोधी कार्यों के खर्च का शत-प्रतिशत भार केंद्र सरकार द्वारा उठाने की मांग की।

शेष पेज 11 पर

**भड़काऊ सोशल मीडिया कंटेंट पर रोक लगाने के लिए कड़े कानून की मांग बंगाल ने की**

## देवघर श्रावणी मेले का उद्घाटन होते ही उमड़ी भक्तों की भारी भीड़



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** देवघर स्थित विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले का उद्घाटन पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार, श्रम मंत्री संजय यादव और पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। 11 जुलाई से देवघर का विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला शुरू हो रहा है, जहां अब श्रद्धालु सुल्तानगंज से दुम्मा द्वार होते हुए देवघर के बाबा धाम मंदिर में जलाभिषेक करने सीधे पहुंच सकेंगे। इस मौके पर विधायक सुरेश पासवान, विधायक देवेंद्र कुंवर, विधायक उदय शंकर सिंह, डीसी नमन प्रियेश लकड़ा, एसपी एपी डुंगडुंग, सीडीओ रवि कुमार, डीडीसी पीयूष सिंहा, एनडीसी शैलेश कुमार, एसडीपीओ अशोक सिंह, पूर्व मंत्री बादल पत्रलेख, जेएमएम संजय शर्मा सहित कई गणमान्य मौजूद थे।

**एआई के माध्यम से श्रद्धालुओं के पास पहुंचेगी सुविधा :** मंत्री सुदिव्य कुमार ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से श्रद्धालुओं को सुविधा मुहैया कराई जाएगी। किसी भी बड़े सफल आयोजन का संचालन तभी होता है जब समाज और स्थानीय लोगों की मदद मिले इसलिए उन्होंने देवघर वासियों से अपील करते हुए कहा कि लोगों के साथ बेहतर व्यवहार बनाकर रखें।

शेष पेज 11 पर

**बरसात में बढ़ी दुर्घटनाएं**

## कार व स्कूटी में टक्कर, शादी की खुशियां मातम में बदल गई



नवीन मेल संवाददाता

**खूंटी।** जिले के तोरपा थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह लगभग 11 बजे एक हृदयविदारक सड़क हादसे में तोरपा-कर्रा मुख्य मार्ग पर छाता नदी जंगल के पास एक ऑल्टो कार और स्कूटी की सीधी टक्कर में स्कूटी सवार मां और बेटी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना ने इलाके में शोक की लहर दौड़ा दी है। मृतकों की पहचान कर्रा थाना क्षेत्र के कुदलूम गांव की रहने वाली सुकरो मिंज (50 वर्ष) और उनकी बेटी हन्ना मिंज (27 वर्ष) के रूप में हुई है।

शेष पेज 11 पर

### बोलेरो ने 3 को रौंदा सभी की मौत की मौत

**हजारीबाग।** हजारीबाग में एक बोलेरो ने तीन लोगों को रौंद दिया। घटना में तीनों की मौत हो गई। घटना के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया लेकिन दो की पहले ही मौत हो गई, जबकि तीसरे की मौत अस्पताल में हुई। मिली जानकारी के अनुसार, मामला दारू थाना क्षेत्र के मेढ़कुरी झुमरा मार्ग का है। यहां के सेवाने नदी के पास गुरुवार दोपहर दर्दनाक हादसा हुआ। हादसा इतना भयानक था कि दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक को अस्पताल ले गए और वहीं मौत हो गई। तीनों की मौत के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है। तीनों मृतक घटना से पहले जानवर बेचने गए थे।

शेष पेज 11 पर

## कनाडा में कपिल शर्मा के कैफे पर गोलीबारी

**हमलावर ने कई राउंड फायर किए**

- 3 दिन पहले ही खुला था

कनाडा । एजेंसी

कॉमेडी किंग के नाम से मशहूर कपिल शर्मा ने तीन दिन पहले ही कनाडा में अपना नया कैफे 'कैप्स कैफे' खोला था। लेकिन अब खबर आ रही है कि कपिल के इस कैफे पर बुधवार रात को गोलीबारी हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कैफे पर कई राउंड गोलीबारी की गई। हालांकि अभी तक किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

**फायरिंग का वीडियो भी बनाया :** कपिल के कैफे पर गोलीबारी करते वक्त हमलावर ने इसका एक वीडियो भी बनाया, जो सोशल मीडिया पर वायरल है। इसमें हमलावर कैफे के बाहर एक कार में बैठा लगातार फायरिंग करता नजर आ रहा है।

**बब्बर खालसा से जुड़े आतंकवादी ने ली जिम्मेदारी :** रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि इस हमले की जिम्मेदारी एनआईए की सूची में शामिल भारत के सबसे वांछित आतंकवादियों में से एक हरजीत सिंह लाडी ने ली है। हरजीत, बब्बर खालसा इंटरनेशनल से भी जुड़ा हुआ है। ये हमला कथित तौर पर कपिल की टिप्पणियों पर नाराजगी के चलते किया गया है।

**कपिल की तरफ से नहीं आया बयान :** हाल ही में कपिल शर्मा ने यह कैफे खोला था। कनाडा में रह रहे भारतीयों के बीच यह काफी पसंद भी किया गया। अब इस कैफे पर गोलाबारी की खबर से हर कोई हैरान है। हालांकि, कपिल शर्मा ने अभी तक इस घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

**इंडिया**

# राजनीतिक ताकत बनती जनसंख्या पर काबू करेगा कौन ?



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

बहुत पहले पीएम इंदिरा गांधी ने कहा था कि जितनी योजनाएं बनती हैं सभी ताश के पत्तों की तरह धराशायी हो जातीं हैं और 1975 में तब के लोकप्रिय युवा नेता संजय गांधी का नसबंदी का अभियान जबरन टार्गेट पूरा करने के कारण विवादास्पद हो गया था पर इसकी अनिवार्यता को दर्शाता है जो आज वोट बैंक राजनीति और जनसंख्या को ही राजनीतिक ताकत बनाए जाने के कारण लगभग असंभव हो गया है । संभवतः इसी कारण जातीय जनगणना को हथियार बनाने वाले विपक्ष के सामने केंद्र सरकार भी जनसंख्या नियंत्रण की मात्र औपचारिकता पूरी कर रही है जबकि इसे स्वच्छ भारत अभियान,योग और डिजिटल इंडिया,खेलो इंडिया जैसी प्राथमिकता देनी चाहिए थी । देश में चुनौती बनती जनसंख्या वृद्धि पर रोक के लिए लंबे समय से कड़े कानून बनाने की मांग हो रही है लेकिन इस दिशा में कुछ राज्य सरकारें दो से ज्यादा बच्चों वाले परिवारों को सरकारी नौकरी तथा स्थानीय निकाय चुनावों में उम्मीदवारी से अयोग्य अघोषित करने जैसे उपायों पर विचार कर रही हैं, अन्य चुप हैं । भारत जैसी जनसंख्या वाले चीन में 1980 से पहले केवल एक बच्चा पैदा करने की अनुमति थी, जिसका उल्लंघन करने पर दंपति को न केवल सरकारी योजनाओं से वंचित कर दिया जाता था बल्कि सजा भी दी जाती थी लेकिन वहां यह नीति सफल नहीं हुई। इसीलिए चीन सरकार ने 2016 में इस नीति में बदलाव कर दो बच्चों की अनुमति दी और बाद में तीन बच्चों की अनुमति देनी पड़ी। चीन की तानाशाही सरकार द्वारा नीतियों में बड़ा बदलाव करते हुए दंपतियों को तीन बच्चे करने की अनुमति वहां लोगों की सामान्य प्रजनन दर में निरन्तर गिरावट थी पर भारत की स्थिति विचित्र है।जनसंख्या में स्थायित्व और कामकाजी युवाओं की स्थिर संख्या के लिए महिलाओं की सामान्य प्रजनन दर 2.1 होनी चाहिए और चीन में यह दर निरन्तर गिर रही है। 1970 में चीन में यह दर 5.8 थी, जो 2015 में घटकर 1.6 और 2020 में केवल 1.3 ही रह गई जबकि बुजुर्गों की आबादी लगातार बढ़ती गई। नेशनल ब्यूरो ऑफ स्टेटिस्टिक्स (एनबीएस) के अनुसार आने वाले समय में आबादी में अधिक उम्र वालों की संख्या बढ़ने से संतुलित विकास और जनसंख्या को लेकर दबाव बढ़ेगा। 1982 में हुई जनगणना में चीन की जनसंख्या में 2.1 फीसदी की सबसे ज्यादा वृद्धि दर्ज की गई थी लेकिन उसके बाद जनसंख्या में लगातार गिरावट दर्ज की गई, जिसके लिए वहां की कम्युनिस्ट सरकार द्वारा अपनाई गई दशकों पुरानी 'वन चाइल्ड पॉलिसी' को जिम्मेदार माना जाता है। विगत एक दशक में चीन की जनसंख्या करीब सात करोड़ बढ़ी लेकिन बुजुर्गों की संख्या बढ़ने से चीन के लिए अलग ही समस्या उत्पन्न होने लगी है।चीन को आशंका है कि अगले दस वर्षों में उसकी जनसंख्या में गिरावट आएगी, जिससे कामगारों की संख्या में कमी आने से उसकी खपत भी घटेगी। एनबीएस के आंकड़ों के मुताबिक चीन को जिन जनसांख्यिकीय संकट का सामना करना पड़ा था, वह और गहरा होने की उम्मीद थी, इसीलिए चीन को अपनी जनसंख्या नीति में बदलाव करने पर विवश होना पड़ा।जहां तक भारत की बात है तो यहां 1994 में महिलाओं की सामान्य प्रजनन दर 3.4 थी, जो घटकर 2015 में 2.2 रह गई थी यानी सामान्य के करीब। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार भारत की जनसंख्या 2050 तक बढ़ने के बाद से गिरनी शुरू हो जाएगी और 2100 तक पहुंचते-पहुंचते सामान्य प्रजनन दर केवल 1.3 ही रह जाएगी। इसका अर्थ है कि तब अधिकांश परिवारों में केवल एक ही बच्चा होगा और भारत उसी स्थिति में खड़ा होगा, जिसमें वन चाइल्ड पॉलिसी के बाद चीन खड़ा हुआ और उसे विगत सात वर्षों में दो बार अपनी जनसंख्या नीति में बड़ा परिवर्तन करना पड़ा। इसलिए टू चाइल्ड पॉलिसी जैसे कानूनों के के माध्यम से जनसंख्या नियंत्रण के प्रयासों को व्यावहारिक नहीं माना जा रहा बल्कि इसके लिए डराने-धमकाने वाले कानूनों के बजाय लोगों में जागरूकता पैदा किया जाना सबसे जरूरी है। बिना कड़े कानूनों के देश के ऐसे राज्यों में जनसंख्या वृद्धि दर में कमी आई है, जहां साक्षरता दर ज्यादा है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार भारत में गरीब महिलाओं की प्रजनन दर करीब 3.2 है जबकि अभिजात्य वर्ग की महिलाओं में यह दर केवल 1.5 पाई गई है। इसी प्रकार अनपढ़ महिलाओं के औसतन 3.1 बच्चे होते हैं जबकि शिक्षित महिलाओं में यह संख्या औसतन 1.7 है। इसका स्पष्ट अर्थ है कि जनसंख्या विस्फोट का सीधा संबंध सामाजिक और शैक्षिक स्थितियों से जुड़ा है। शिक्षा के अभाव में ही देश की बड़ी आबादी को छोटे परिवार के लाभ को लेकर जागरूक नहीं किया जा सका है। स्थिति यह है कि महानगरों की तरह झारखंड में भी पति-पत्नी यदि प्राइवेट या बहुराष्ट्रीय कंपनियों में नौकरी करते हैं तो करियर के लिए बच्चों से परहेज करने लगे हैं तो दूसरी ओर अधिकाधिक बच्चों की अपील करने वाले समुदाय भी हैं जो इसे भीड़ के आधार पर सरकार पर कब्जा के रूप में देखते हैं।



### रिमझिम और तेज बारिशों के बीच आज सावन शुरू

# पहाड़ी मंदिर में सफाई और सड़कों की व्यवस्था पर पर निगम पीछे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रिमझिम और तेज बारिशों के बीच आज सावन आया है। सावन का पवित्र महीना भगवान शिव और आदिशक्ति माता पार्वती की पूजा करने का अवसर होता है। पहाड़ी मंदिर रांची में सावन को लेकर समिति के द्वारा पहले से ही तैयारी की जाती है। पहाड़ी मंदिर समिति के अध्यक्ष जिले के उपायुक्त हैं और एसडीओ रांची सचिव हैं। सावन के महीने में पहाड़ी मंदिर में विशेष सुरक्षा की व्यवस्था के साथ सीसीटीवी कैमरे से भीड़ पर नजर रखी जाती है। आज से सावन शुरू हो रहा है और निगम ने स्वच्छता और सड़कों पर ध्यान नहीं दिया है। नाली की सफाई और मरम्मत नहीं हुई है जिससे नाली का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। पूजा करने आने वाले श्रद्धालु जिसमें खाली पैर महिलाएं पूजा करने के लिए आती हैं उन्हें उन सड़क में बहते गंदे पानी में पांव रखकर मंदिर परिसर पर पहुंचना पड़ेगा। वहीं सड़कों पर बने गड्ढों को नहीं भरा गया है, नालियां भी खुली हुई है। पहाड़ी मंदिर में श्रद्धालुओं की उमड़ती भीड़ में नालियों का खुला रहना और सड़क पर गड्ढे बने होने से दुर्घटना की संभावना बनती है। पूजा के सामान की दुकानें रोड तक लगाइ गई है। इस बार पिछली बार से भी ज्यादा भीड़ होने की संभावना बताई जा रही है।



सावित्री देवी ने कहा कि निगम के कर्मियों को कई बार वेंकटेश्वर मंदिर के मोड़ पर नाली भरी होने की सूचना दिए मगर उन्होंने नाली साफ नहीं किया। पानी सड़कों में बह रहा है जिससे हम सभी महिलाओं को पूजा करने पहाड़ी मंदिर आने के लिए गंदे पानी पर पांव रखकर मंदिर पहुंचना होगा।



संजय राम ने कहा कि बानो मंजिल रोड में नाली टूटी हुई है जिससे शौचालय का पानी सड़क पर आता है। कि सावन में आने जाने वालों को गंदे पानी में पैर रखकर आगे बढ़ना होगा।



स्थानीय दुकानदार एमडी इकबाल ने बानो मंदिर रोड का बारे में बताया कि शौचालय का गंदा पानी सड़क पर बहता है, निगम ने नालियों की साफ सफाई और मरम्मत नहीं कराई है।







## आरटीई उल्लंघन करने वाले स्कूलों पर हो सख्त कार्रवाई : अजय राय

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के 45 निजी विद्यालयों द्वारा शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत चयनित आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों का नामांकन नहीं लेने के मामले को झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने अत्यंत गंभीरता से लिया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने रांची उपायुक्त को एक ईमेल के माध्यम से पत्र भेजकर इस गैर-जिम्मेदाराना रवैये पर कड़ी आपत्ति जताई है और संबंधित विद्यालयों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा तीन बार नोटिस भेजे जाने के बावजूद भी जब इन 45 स्कूलों ने नामांकन नहीं किया, तो यह शिक्षा के अधिकार अधिनियम का खुला उल्लंघन है।



श्री राय ने कहा कि "शिक्षा हर बच्चे का मौलिक अधिकार है और इसे वंचित बच्चों से छीनना एक सामाजिक अपराध है। झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन इसके विरुद्ध हमेशा मुखर रहेगा।

उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया कि वह इस गंभीर मुद्दे को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए तत्काल कार्रवाई करे, जिससे शिक्षा का अधिकार अधिनियम पूरी पारदर्शिता और प्रभावशीलता के साथ लागू हो सके।

### भारी बारिश को लेकर मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने आज आपात बैठक बुलाई, कहा-

# राज्य सरकार हर प्रभावित नागरिक के साथ खड़ी है

- **राहत कार्यों में कोई कोताही नहीं होगी : डॉ इरफान अंसारी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य के विभिन्न हिस्सों में विगत कई दिनों से लगातार हो रही भारी वर्षा के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। भारी बारिश के चलते अनेक क्षेत्रों में जलजमाव, आवागमन में बाधा, मकानों और



फसलों को नुकसान जैसी समस्याएं उत्पन्न हुई हैं। यह स्थिति राज्य के नागरिकों के लिए गंभीर चुनौती बनकर उभरी है।

इस आपदा की घड़ी में राज्य सरकार पूरी तरह सतर्क, संवेदनशील एवं प्रतिबद्ध है। राज्य की जनता को हो रहे नुकसान की भरपाई और राहत कार्यों को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी द्वारा आपदा प्रबंधन विभाग की एक आपात बैठक आहूत की गई है। यह बैठक शुक्रवार को पूर्वाह्न 10:00 बजे आयोजित की जाएगी। बैठक में सभी संबंधित विभागों के वरीय अधिकारियों को उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है, ताकि स्थिति का समुचित मूल्यांकन कर त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों की रणनीति बनाई जा सके। राज्य सरकार जनता से अपील करती है कि वे अफवाहों से बचें, सतर्क रहें तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें।

## दिव्यांगजनों की सहायता करता है डालसा : शिवानी सिंह



- **शिवानी सिंह ने दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम-2016 पर किया फोकस**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** चेशायर होम बरियातू में दिव्यांगजनों के लिए विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डालसा टीम के सदस्यों में एलएडीसी सहायक शिवानी सिंह, पीएलवी सम्पा दास, स्नेहलता दुबे, विधि की छात्रा अम्बरीन फिरदौस समेत अन्य लोग उपस्थित थे। एलएडीसी सहायक, शिवानी सिंह ने दिव्यांगजनों के अधिकारों के बारे में संवैधानिक प्रावधान पर फोकस किया। दिव्यांग बच्चों को एक ऐसी शक्ति ईश्वर के द्वारा दी गई है, जो किसी सामान्य बच्चों को नहीं प्राप्त है। दिव्यांग बच्चे कभी अपने आप को असहाय, असहज महसूस न या हिन भावना से ग्रसित न समझे क्योंकि वह भी समाज के एक हिस्सा है। सुश्री सिंह ने कहा कि दिव्यांगजनों को किसी भी सहायता की आवश्यकता है, तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची में अपना आवेदन पीएलवी के माध्यम से दे सकते है। उनके समस्याओं का समाधान कर उन्हें मदद पहुंचाना ही डालसा का उद्देश्य है। इसके अलावा उन्होंने दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम-2016 के बारे में वहां के दिव्यांगजनों को बतलाया। संविधान के आर्टिकल-21 ए में शिक्षा का अधिकार दिया हुआ है, चाहे समाज के किसी भी तबके के किसी भी तरह के लोग हो उनको निःशुल्क शिक्षा मिलनी ही चाहिए। दिव्यांग व्यक्तियों के लिए उच्च शिक्षा में 5 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था है। सरकारी नौकरियों में भी आरक्षण का प्रावधान है। रोजगार के अवसर में आरक्षण का प्रावधान दिया गया है। इनकम टैक्स में आरक्षण की व्यवस्था की गयी है। यह भी ज्ञात हो कि सुश्री शिवानी सिंह ने नालसा द्वारा चलाये जा रहे योजना 'साथी' और 'आशा' तथा जागृति एवं डॉन के बारे में भी दिव्यांगजनों को जानकारी प्रदान की। नालसा टॉल फ्री नम्बर के बारे में भी जानकारी दी। विधि की छात्रा अम्बरीन फिरदौस ने साथी अभियान के तहत निराश्रित, अनाथ व असहाय बच्चों जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची से मिलनेवाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी।

## समिति धनबाद जिले की स्थल अध्ययन यात्रा अगले माह करेगी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बजट सत्र 2025 के दौरान सदस्य चंद्रदेव महतो एवं अरूप चटर्जी के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पर ,धनबाद जिला के बलियापुर अंचल के सुरूंगा एवं झरिया के भौरा में बीसीसीएल क्षेत्र 10 एवं एटी देवप्रभा कंपनी द्वारा ज़बरन ओबी डम्प किए जाने से संबंधित मामले पर सत्र के दौरान गठित "विशेष समिति (प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण)" की आज समिति कक्ष में बैठक आयोजित हुई।

बैठक में समिति द्वारा संबंधित संस्थानों से प्राप्त प्रतिवेदनों की समीक्षा की गई। जिसमें पाया गया



कि, विभिन्न संस्थानों से प्राप्त प्रतिवेदनों में अपेक्षित जानकारियां उपलब्ध नहीं कराई गई है।

समिति ने यह निर्णय लिया कि अगले माह समिति धनबाद ज़िले की स्थल अध्ययन यात्रा करेगी। उस दौरान समिति रैयतों एवं ग्रामीणों से भी संबंधित विषयों पर वार्ता करेगी ।

विशेष समिति (प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण) की बैठक में विशेष समिति के संयोजक मथुरा प्रसाद महतो, सदस्य राज सिन्हा, सदस्य सुदीप गुड़िया एवं सदस्य धनंजय सोरेन के साथ-साथ रंजीत कुमार संयुक्त सचिव, विरेन्द्र कुमार, अवर सचिव सचिव झारखंड विधानसभा उपस्थित रहे ।

## पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक झारखंड को राष्ट्रीय पटल पर रखने का अवसर :नायक

**रांची।** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कहा है



कि पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक झारखंड के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। यह न केवल केंद्र और राज्य के बीच संवाद का मंच है, बल्कि झारखंड को अपनी अनूठी संभावनाओं और चुनौतियों को राष्ट्रीय पटल पर रखने का मौका भी है। इस बार, झारखंड को पारंपरिक मांगों जैसे बकाया राशि या संपत्ति बंटवारे से आगे बढ़कर उन अनछुए पहलुओं को उठाना चाहिए।



### संजय सेठ ने राजनाथ सिंह को दी जन्मदिन की बधाई

रांची। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से गुरुवार को नई दिल्ली स्थित उनके आवास पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मुलाकात कर जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दी। श्री सेठ ने कहा कि आपका जीवन और आपके कार्य, हर कार्यकर्ता और देशवासी के लिए अनुकरणीय है। ईश्वर से आपके आरोग्यपूर्ण दीर्घायु जीवन की कामना करता हूं।

## तुष्टीकरण में डूबी बिहार कांग्रेस मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया का कर रही विरोध : प्रदीप वर्मा

**रांची।** भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं सांसद प्रदीप वर्मा ने कांग्रेस के झारखंड प्रभारी के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। डॉ वर्मा ने कहा कि न्यायालय ने बिहार में चल रहे मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम को सही ठहराया है । आम जनता में भी इसे लेकर कोई परेशानी नहीं है लेकिन इंडी गठबंधन के घटक दल कांग्रेस राजद झामुमो इसे तुष्टीकरण के चश्मे से देख रहे हैं।और यही कारण है कि वे इसका विरोध कर रहे। कहा कि कांग्रेस पार्टी का इतिहास संवैधानिक संस्थाओं के विरोध से भरा हुआ है। जब इनके सोच के अनुकूल संस्थाएं कार्य नहीं करती तो ये पार्टियां उनकी विरोधी हो जाती है। आज ये लोग चुनाव आयोग, ईडी,सीबीआई सब के विरोधी बने हैं। आज ये जिस न्यायालय में याचिका दायर करते हैं उसी न्यायालय के फैसले को सत्ता मद में बदला है। राहुल गांधी जी ने तो अपनी पार्टी की सरकार के फैसले को भी चौराहे पर फाड़ दिया था। कहा कि कांग्रेस पार्टी को न लोकतंत्र में विश्वास है और न संविधान और संवैधानिक संस्थाओं पर। ये परिवारवादी पार्टियां परिवार के कानून से चलती हैं और देश को भी चलना चाहती हैं। कहा कि आज झारखंड में शेड्यूल 5 के तहत पेसा कानून लागू करने से कांग्रेस पार्टी भाग रही।



# बच्चों को स्वस्थ बनाने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने शुरू किया विशेष अभियान

- **आरसीएच सभागार में ओरिएंटेशन का आयोजन**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** शिशु मृत्यु दर कम करने और कमजोर बच्चों को स्वस्थ्य बनाने के उद्देश्य से रांची जिले में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पे विशेष अभियान शुरू किया जा रहा है। यह अभियान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा व्हील्स ग्लोबल फाउंडेशन संस्थान के साथ प्रारंभ किया जा रहा है। इस अभियान के तहत 250 वोलेंटियर तैयार किए जाएंगे जो बच्चों को गोद लेने के साथ उनकी देखभाल का भी ध्यान रखेंगे। इस अभियान के



क्रियान्वयन को लेकर गुरुवार को नामकुम स्थित आरसीएच सभागार में अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा की अध्यक्षता में ओरिंएटेशन का आयोजन किया गया। फाउंडेशन की डॉ रूपल और अन्य प्रतिनिधियों ने प्रजेंटेशन दिया। कार्यक्रम में शिशु स्वास्थ्य कोषांग प्रभारी डॉ कमलेश, मातृत्व स्वास्थ्य कोषांग प्रभारी डॉ पुष्पा, आईईसी कोषांग प्रभारी डॉ लाल माझी, रांची सिविल सर्जन सहित सभी संबंधित कोषांगों के परामर्शी और समन्वयक मौजूद थे।

आईआईटी मुंबई की ओर से तैयार हेल्थ स्पोकेन ट्यूटोरियल की मदद से स्टाफ को प्रशिक्षित किया जायेगा हेल्थ स्पोकेन ट्यूटोरियल में 15 भाषाओं में बच्चों के पोषण सुधार से संबंधित 102 प्रकार के लेक्चर सिरीज हैं। लर्निंग एंड एक्शन प्रोटोकॉल में आईईटी मुंबई सहयोग करेगा।

अभियान निदेशक ने निर्देश दिया कि इस अभियान के कार्यान्वयन में एएनएम, स्वास्थ्य सहिया, आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका का पूरा सहयोग लें। उन्होंने प्रशिक्षण कोषांग की परामर्शी को निर्देश दिया की प्रत्येक प्रखण्ड से तीन-तीन लोगों का चयन करें, जिन्हें प्रशिक्षित कर मास्टर ट्रेनर के रूप में कार्य लिया जा सके। उन्होंने कहा कि मास्टर ट्रेनर तैयार हो जाने से यह कार्यक्रम समुदाय स्तर तक पहुंचाने में आसानी होगी। उन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में यूनिसेफ से भी सहयोग लेने का निर्देश दिया। अभियान का मूल उद्देश्य गर्भवती धात्री माताओं के पोषण में सुधार और शिशु एवं बाल आहार पूर्ति के व्यवहारों पर स्वास्थ्य सेवा प्रदाता का कौशल उन्मुखीकरण किया जाना है। अभियान के तहत नवजात बच्चों की देखभाल के लिए जन्म के बाद से ही कमजोर बच्चों की सूची तैयार कर गोद देने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी साथ ही गोद लेने वाले बच्चों के सेहतमंद होने तक वोलेंटियर हेल्थ मॉनिटरिंग करेंगे।

## न्यूज बॉक्स

### नकली कागज बना कर जमीन खरीद फरोख्त में एक आरोपी गिरफ्तार



**रांची।** पिठोरिया थाना में प्राथमिकी आरोपी हसीब अंसारी रांची के ओरमांझी निवासी को फर्जी कागजात और वंशावली से जमीन को अवैध रुप से खरीद फ़रोख्त करने के आरोप में पिठोरिया थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। मामले में शामिल अन्य आरोपियों के विरुद्ध छापामारी जारी है।

### सड़े हाल में अज्ञात शव मिला, जांच में जुटी

रांची।आईटीआई बस स्टैंड के पास गुरुवार को एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। बस स्टैंड के पास बने पानी टंकी के नीचे सड़ी गली अवस्था में शव मिला जिस से इलाकें में हडकंप का माहौल बन गया। शव मिलने के बाद पंडरा ओपी की पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस हत्या सहित सभी बिंदु पर जांच में जुटी हुई है। चार पांच दिन पुराना शव मिलने के वजह से युवक की पहचान मुस्किल हो गई है। खबर लिखे जाने तक मृतक कि पहचान नहीं हो पाई थी।

### डोटिम में व्याख्यान देंगे डॉ लंबोदर महतो



**रांची।** डोटिम (दलित,ओबीसी,थारू,स्वदेशी अल्संख्यक) का अंतरराष्ट्रीय कांन्फ्रेंस 12 जुलाई को नेपाल की राजधानी काठमांडू के अमृत भोग पार्टी पैलेस में आयोजित किया है। इस कांन्फ्रेंस में व्याख्यान देने पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो को विशेष अतिथि के रूम में आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी डोटिम के प्रमुख सलाहकार डॉ पीके ठाकुर ने दी है।

### वैक्सीन के प्रभावों पर एनएचएम और रिम्स रांची करेगा स्टडी सर्वे

**रांची।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड के नियमित प्रतिरक्षण कोषांग और रिम्स के पीएसएम डिपार्टमेन्ट की ओर से सर्वे कर यह पता लाएगा कि टीकाकरण के बाद भी बीमारियों का आउट ब्रेक क्यों हो रहा है। मिजिल्स रूबेला 1-2 (एमआर), जापानी इंसेफ्लाइटिस (जेई) के पूर्ण टीकाकरण के बाद भी राज्य के कुछ स्थानों पर इसके आउट ब्रेक होने की सूचना प्राप्त हुई थी। सर्वे में यह पता लगाया जायेगा कि संबंधित स्थान पर कितने बच्चों को टीका लगाया गया था, कितने बच्चे छूट गये, किन कारणों से टीका नहीं ले रहे हैं। सर्वे की तैयारियों को लेकर गुरूवार को नामकुम स्थित आरसीएच वीसी सभागार में अभियान निदेशक श्री शशि प्रकाश झा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नियमित प्रतिरक्षण कोषांग की राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ पुष्पा, आईईसी कोषांग के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ लाल माझी, रिम्स के पीएसएम डिपार्टमेन्ट की हेड डॉ प्रोफेसर शालिनी सुन्दरम्, डॉ देवेश, डॉ अनित, डॉ के सुधानंद, युनीसेफ से डॉ वनेश माथुर, यूएनडीपी, डब्ल्यूएचओ के प्रतिनिधि सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### कन्या भ्रूण संरक्षण को लेकर वर्कशॉप आयोजित




**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा द्वारा कन्या भ्रूण संरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बेटियों के लिए वर्कशॉप का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम गुरुवार को आरबी स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल (लेक रोड किशोरगंज में दोपहर 12:00 बजे)बच्चियों के बीच किया गया। इसमें संगिनी ब्यूटी पार्लर से आई अर्चना द्वारा विभिन्न प्रकार के हेयर स्टाइल सिखाए गए। शाखा की तरफ से अर्चना को पौधा देकर सम्मानित किया गया। बच्चो ने कई तरह के नए हेयर स्टाइल सीखे। बच्चियों को रिफ्रेशमेंट में केक एवं जूस दिया गया। कार्यक्रम मे अध्यक्ष पूजा अग्रवाल, सचिव शुभा, आशा सर्राफ, स्मिता अग्रवाल अन्य सदस्य उपस्थित रहे। ये कार्यक्रम की जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

### विहंगम योग के सद्गुरु धर्म चंद्र देव जी महाराज का महा निर्वाण दिवस मना



**रांची ।** गुरु पूर्णिमा पर रांची स्थित मेन रोड में विहंगम योग संस्थान द्वारा एक भव्य और दिव्य सत्संग समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सद्गुरु धर्म चंद्र देव जी महाराज के 56वें महा निर्वाण दिवस को अत्यंत श्रद्धा और उत्साह से मनाया गया। गुरु पूर्णिमा और निर्वाण दिवस की एक साथ उपस्थिति ने इस दिन को और भी अधिक दिव्य, ऐतिहासिक और आध्यात्मिक बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गान से हुई, जिसमें विहंगम योगियों ने सद्गुरु का आह्वान कर मंगल गान के माध्यम से समस्त मानवता के मंगल और विश्व शांति की प्रार्थना की। यह दृश्य अत्यंत भावुक और भक्तिमय रहा। वातावरण में भक्ति की बयार और दिव्यता की सुगंध चारों ओर फैली रही। इस भव्य आयोजन में किरण प्रसाद, प्रधान संयोजक राम लखन राणा, संचालन अमीर तांती, राजकुमार, जितेंद्र सिन्हा सहित अनेक गणमान्य व्यक्तित्व और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### विश्व जनसंख्या दिवस पर निकाली जाएगी जागरूकता रैली




**रांची।** विश्व जनसंख्या दिवस हर साल 11 जुलाई को मनाया जाता है। जिसका मुख्य उद्देश्य है जनसंख्या संबंधित मुद्दों पर जागरूकता फैलाने के साथ जनसंख्या वृद्धि के दर को लेकर जागरूकता फैलाना है । विश्व जनसंख्या दिवस 2025 का थीम है "मां बनने की उम्र वही जब तन और मन की तैयारी सही" । इसी के क्रम में गुरुवार को सदर अस्पताल परिसर रांची से संध्या फेरी निकाली गई जिसमें राज्य स्तर से नोडल पदाधिकारी डॉ पुष्पा, राज्य स्तरीय नोडल पदाधिकारी - डॉ लाल मांझी, सिविल सर्जन रांची डॉ प्रभात कुमार, कार्यक्रम समन्वयक गुंजन खलखो,जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रवीण कुमार सिंह, रीजनल कोऑर्डिनेटर श्वेता वर्मा जिला लेखा प्रबंधक तारापद कोइरी, एनएसएस के छात्र-छात्राएं समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी शामिल हुए।

### देश भर से आने वाले फल विक्रेताओं को होता है आश्चर्य

# हरमू कचरा संग्रह केंद्र के पीछे थोक फल मंडी कचरे में तब्दील




**काजल मेहता। रांची**

राजधानी के हरमू स्थित विद्युत सब स्टेशन के पीछे निगम के कचरा संग्रह केंद्र के पीछे राष्ट्रीय फल थोक मंडी हैं जहां पूरे देश भर से फलों का आयात होता है। बिरसा राजपथ से महज चार कदम की दूरी पर मौजूद थोक फल मंडी की स्थिति बद से बदत्तर है। हालांकि वहां के थोक विक्रेताओं ने कहा जब पार्षद हुआ करते थे तो स्थिति कुछ ठीक भी थी लेकिन अब और भी बुरी हो चुकी है। विक्रेताओं का कहना है कई बार निगम और अन्य जगहों पर शिकयतें की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। वहीं, नवीन मेल संवाददाता जब वहां पहुंची तो हालत देखने लायक थी। गंदगी के बीच फल मंडी है वहां महिलाएं काम करती हैं जो भारी सामान लेकर कई बार खराब रास्ता होने के कारण गिर भी चुकी हैं।




### लिखित आवेदन मिलने पर बेशक होगी सुनवाई : हटिया विधायक

हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने कहा थोक फल मंडी से कोई लिखित आवेदन नहीं प्राप्त हुआ है। यदि लिखित आवेदन प्राप्त हो तो बेशक उनकी परेशानियों को दूर कि जाएगी। हालांकि उन्होंने कहा निगम को बोल कर साफ़ सफाई करवाई जाएगी।

## विक्रेताओं ने कहा

### खराब सड़क होने के कारण कई बार गिर चुके हैं लोग : शमीम



डेली मार्केट फल दुकानदार समिति सदस्य शमीम ने कहा कि चंदा करके अपने इलाके को व्यवस्थित रखते हैं। उन्होंने कहा कई बार ऑटो गाड़ी जो फल लेकर जाती हैं पलट जाती है। माल ढ़ोते वक्त कई लेबर गिर गए जिस कारण लेबर यहां आना नहीं चाहते हैं। शमीम ने कहा पार्षद थे तो काम होता था। उन्होंने कहा कि नगर आयुक्त को लिखित में कई बार यहां कि परेशानियों से अवगत कराया गया है। शमीम ने कहा बारिश ये परेशानी ज्यादातर बारिश के दिनों में होती है चुकी आम दिनों में निगम के द्वारा कचरा उठाया जाता है।

### राज्य की थोक फल मंडी की दशा खराब : साजिद



थोक फल विक्रेता साजिद ने कहा निगम से कोई भी सफाईकर्मी सफाई करने नहीं आते हैं। यहां पीने के पानी की भी परेशानी है। उन्होंने कहा जिस जगह पर पूरे देश से फल आता है उसकी दशा ये है। फल विक्रेता साजिद ने कहा कि पिछले 20 वर्षों से फल होलसेल मंडी में दुकान चला रहे है, पहले तो और भी स्थिति खराब थी। हमने धीरे धीरे व्यवस्थित बनाया है। हालांकि यहां की सड़के आज भी वैसी ही है। उनका कहना है फिलहाल बाजार समिति भंग है इसलिए सरकार को रेवेन्यू नहीं जा रहा लेकिन जब समिति थी उस वक्त सरकार को रेवेन्यू जाता था लेकिन फिर भी होलसेल मंडी रखरखाव की मोहताज थी।

### दूसरे राज्यों से आए वाहन चालक स्थिति पर उठाते हैं सवाल : जावेद



थोक फल मंडी के सदर जावेद ने कहा साल 2002 में हाईकोर्ट के आदेश पर बिरसा राजपथ स्थित इस जगह पर मंडी कि जगह मिली थी। मंडी के लिए सिर्फ जगह दी गई थी बाकी व्यवस्थाएं विक्रेताओं ने खुद की है। आज इसकी स्थिति पूरी तरह से जर्जर है। कोई देख रेख करने वाला नहीं है। उनका कहना है दुसरे राज्यों से आए वाहन चालक भी सवाल उठाते हैं कि यह झारखण्ड की राजधानी है लेकिन यहां कि राष्ट्रीय थोक फल मंडी की इतनी बुरी स्थिति है। उन्होंने कहा कई बार समबन्धित विभाग और निगम से शिकायत की गई है लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। सदर जावेद ने कहा हाई कोर्ट के आदेश पर झारखंड सरकार के द्वारा दी गई इस जगह कोई व्यवस्था नहीं दी गई थी।

### महर्षि मेंहीं आश्रम में गुरु पूर्णिमा धूम धाम से मना

# जो अंधकार से प्रकाश में लाए उन्हें ही गुरु कहा जाता है : स्वामी निर्मलानंदजी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



महर्षि मेंहीं आश्रम चटिया में गुरु पूर्णिमा बड़े धूम धाम से मनाया गया। इस अवसर पर गुरु-देव महर्षि मेंही परमहंस जी महाराज द्वारा रचित रामचरित मानस सार सटिक से बालकाण्ड से गुरु-महिमा का वर्णन किया गया। आश्रम प्रमुख स्वामी निर्मलानंदजी महाराज ने कहा कि हमारे शास्त्रों में 33 करोड़ देवी-देवताओं का वर्णन है न है। सबों की पूजा, अर्चना, वंदना एवं उपासना संभव नहीं है। जैसे वृक्ष को हरा-भरा पुष्पित- पल्लवित रखने केनिए केवल उसकी उसकी जड़ को सींचा जाता है न कि उसके प्रत्येक अंग-प्रत्यंग को। स्वामी श्यामानंद जी ने कहा कि कि पारस लोहे को साना बना साद महाराज हो लेकिन संत सदा सशिष्य को अपने दोसाना सानी बालकृष्णा बाबा ने कहा कि गुरुशब्द में गु का अर्थ अंधकार तथा रु का अर्थनिवारक होता है। जो अंधकार का निवारण कर प्रकाश में लावे उन्हें ही गुरु कहा जाता है। आश्रम के अध्यक्ष श्री राजकुमार दास ने बताया कि गुरु के दसरे अर्थ में गु का अर्थ गुप्त तथा रु का अर्थ प्रकट करना होता है। इस प्रकार जो गुप्त ईश्वर को अपने शिष्य के हृदय में प्रकट करा दे वही गुरु एवं सद्गुरु कहलाते है। गुरु पूर्णिमा के सुअवसर पर पाँच समय का ध्यान एवं तीन काल का सत्संग दिनांक 10-07-2025 के ब्रह्म मुहूर्त मैं प्रातः 3:00 बजे से ही प्रारम्भ होकर गुरु -पूर्णिमा संध्या 5:00 बजे सम्पन्न हुआ।

# हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया गया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में गुरुवार को गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया गया। प्रातः 5:00 बजे मंदिर के पट खोले गए एवं 5:30 बजे की मंगला आरती की गई। इसके बाद मंदिर के पर्दे लगा करके नवीन पोशाक एवं विशेष श्रृंगार एवं गुरु जी का विशेष श्रृंगार किया गया। कोलकाता से मंगाए गए लाल गुलाब रजनीगंधा तुलसीदाल से सभी देवी देवताओं को सजाया गया। मंडल के उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया, मंत्री श्याम सुंदर शर्मा, पूर्व अध्यक्ष गोपाल मुरारका, डॉ खुशबू गर्ग, कौशल चौधरी, श्याम सुंदर जोशी मंदिर के आचार्य एवं नियमित दर्शन करने वाले श्याम भक्तों ने गुरु जी महाराज के भजन गाकर गुरु पूजन प्रारंभ किया। 39 वां श्री शालीग्राम पूजन श्रीसत्यनारायण कथा का पूजन अनुष्ठान सुनील चौधरी - धर्मपत्नी अनीता चौधरी, संकेत चौधरी, अंकित सिंह, खुशी अग्रवाल, निधी यादव, हर्ष मिश्रा, तुषार कुमार, ऋषभ कुमार, शिखा कुमारी, शिल्पी कुमारी, बुलबुल सिंह, ईशा बर्नवाल ने किया ।

**फिर वही पानी लाया हूं**

# दो घंटे राष्ट्रीय राजमार्ग 75 रहा बंद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** पंचशील नगर के पास एनएच 75 आज फिर बंद हो गया था। पानी में डूबकर स्कूटी बंद हो गई और बाइक सवार हक्का बक्का रह गए। अनेक ऑटो और बैटरी चालित ऑटो स्कूटी वालों को लौटते हुए देखा गया। बच्चों को लेने निकली महिलाएं और बच्चों को पानी के तेज बहाव में बहुत परेशानी हुई । आसपास की दुकानों को बंद रखा गया था जिन्हें कहते सुना गया कि बनहोरा नाले पर बने अवैध घरों को तोड़ना तो दूर अभी नए बन रहे आलीशान घर का नक्शा जांच करने वाला कोई नहीं।विदित हो राष्ट्रीय राष्ट्रीय राजमार्ग 75 में पंचशील नगर चौक के पास कुछ लोगों ने नाले की जमीन का अतिक्रमण कर पक्के दुकान मकान बना लिए हैं, अतिक्रमण के कारण पानी आगे नहीं बढ़ रहा है और शांति नगर, राधा नगर, सहदेव नगर, पंचशील नगर पानी में डूब रहे हैं। 62 फीट का नाला पंचशील चौक पर एक तरफ दो फीट और दूसरे तरफ 10 फीट का है। यहां बरसात में आए दिन पानी जमता है और राष्ट्रीय राजमार्ग राजधानी से कट जाता है।




### पंचशील नगर में अतिक्रमण पर कार्रवाई की तैयारी, नोटिस जल्द जारी होने की संभावना



राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक समाचार पत्र लगातार पिछले 1 महीने से इस समस्या को उठाता आ रहा है और 17 साल में पहली बार ऐसा हुआ कि जिले के उपायुक्त ने नदी नाले के अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई करने की बात उस समय कही थी, जब उन्होंने पंचशील नगर के अतिक्रमण क्षेत्र का दौरा किया था। सूत्रों के अनुसार जानकारी प्राप्त हुई है कि पंचशील नगर चौक में पांच लोगों के घर और दुकान नाले की जमीन पर बने पाए गए हैं और इसको तोड़ने का नोटिस आज किसी भी समय उनके घरों पर पहुंच सकता है। हालांकि इसकी विभागीय पुष्टि नहीं हुई है इस संबंध में आधिकारिक बयान लेने के लिए राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता ने नगर आयुक्त सुशांत गौरव से दूरभाष पर संपर्क किया लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया है।

### रांची से रवाना हुई श्रावणी स्पेशल ट्रेन में यात्रियों की भीड़

**रांची।** पहले दिन गुरुवार को श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन रांची-भागलपुर त्रि-साप्ताहिक ट्रेन रांची स्टेशन से रवाना हुई। श्रावणी मेला जाने वालों यात्रियों की काफी संख्या थी। इसके कारण देवघर एक्सप्रेस, मौर्य एक्सप्रेस, जयनगर एक्सप्रेस के अलावा हटिया-इस्लामपुर एक्सप्रेस में यात्रियों की भीड़ थी। श्रावणी मेला का जत्था रवाना होने के कारण रांची स्टेशन पर काफी भीड़ हो गई थी। इसके कारण प्लेटफॉर्म पर यात्रियों की भीड़ देखने को मिल रही थी। कई यात्रियों ने पूर्व से ही आरक्षित श्रेणी की बोगियों के टिकट ले लिए थे। इस कारण आरक्षित टिकट नहीं मिल रहा था। देवघर होकर जाने वाली सभी ट्रेनों में भीड़ थी। बोगियों में भी पैर रखने की जगह नहीं थी। यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे सुरक्षा बल और टीटीई की भी तैनाती की गई थी। श्रावणी मेला को लेकर सुरक्षा भी कड़ी कर दी गई और संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखी जा रही है। अब रविवार और मंगलवार को रवाना होगी स्पेशल ट्रेन रांची-भागलपुर-रांची वाया कोडरमा त्रि-साप्ताहिक श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन गुरुवार के अलावा रविवार और मंगलवार को रांची से रवाना होगी।

### 20 रुपए में सरकारी जांच के रिपोर्ट आने में लगते हैं 3 दिन

# जल्दी लेना तो 500 से शुरू

**मनोज मिश्रा। रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य की आन बान और शान कही जानेवाली रिम्स में केवल झारखंड के मरीज नहीं जाते हैं बल्कि अन्य पड़ोसी राज्यों से बिहार, बंगाल, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश के मरीज भी आते हैं। झारखंड विधानसभा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा था की रिम्स की क्षमता से चार गुना मरीज प्रतिदिन आते हैं। रिम्स पर बढ़ रहे ओवरलोड मरीजों की संख्या होने से कई तरह के इलाज और टेस्ट प्रभावित हो रहे हैं और एक नए रिम्स बनाने की बात कही थी। सूत्रों से जानकारी मिली है कि रिम्स 2 के निर्माण कार्य की प्रक्रियाएं तेजी से आगे बढ़ रही है।

### रिम्स में इलाज निशुल्क जांच रिपोर्ट बाहर




कोई भी व्यक्ति दूर यात्रा करके अपने परिजन का इलाज कराने को बेबस होता है तभी दूसरी जगह जाता है। अपने क्षेत्र में इलाज की उन सारी सुविधाओं की कमी के कारण महानगरों की ओर रुख करता है। जिनके पास पैसे होते हैं वह तो प्राइवेट हॉस्पिटल चले जाते हैं मगर जो गरीब होते है, इलाज कराने को पैसे नहीं होते हैं, सूद में महाजन से पैसे लेकर अपने खेत खलियानों को बंधक रखकर किसी भी प्रकार से आने-जाने और खाने-पीने के पैसे का जुगाड़ कर रिम्स इलाज कराने पहुंचते हैं। रिम्स में डॉक्टर मिलते हैं फिर मरीज के परिजनों को पर्ची पकड़ा दी जाती है। इलाज के लिए टेस्ट जरूरी है टेस्ट लिखा जाता है। सरकारी में टेस्ट कराते हैं तो 20 रूपये लगेंगे लेकिन रिपोर्ट तीन दिन बाद मिलता है, मेडाल में टेस्ट कराएंगे थोड़े पैसे ज्यादा लगेंगे लेकिन रिपोर्ट तीन दिन बाद मिलेगा। प्राइवेट में रिम्स से बाहर टेस्ट कराएंगे 500 लगेगा कुछ घंटे में मिल जाएगा। आम आदमी क्या देखें समय देखे या पैसा। यह कहिए दोनों देखेगा। रहने खाने पीने में खर्च जितना होगा उससे कम पैसे में जांच रिपोर्ट तुरंत मिल जाएगा। टेस्ट के खर्चे का भार जो लोगों ने सोच कर नहीं आया था वह भी उन्हें खर्च करना पड़ता हैं, केवल डॉक्टर और बेड का पैसा नहीं लगता है बाकी तो पैसे लगते ही हैं।

### रिम्स में इलाज कराने कौन जाते हैं

रिम्स में इलाज कराने वे लोग जाते हैं जो आर्थिक रूप से बिल्कुल कमजोर होते हैं उनके पास इलाज कराने के पैसे और न ही जांच कराने के पैसे होते हैं। इन्हें निशुल्क इलाज चाहिए और इसी की तलाश में रिम्स जाते हैं, रिम्स ेका देश दुनिया में नाम भी है इलाज अच्छा होता है। कुछ ऐसे मरीज भी होते हैं जिन्हें इमरजेंसी में दूसरे जिले या राज्यों से रेफर किया जाता है।

# कथारा कोकिंग कोल वाशरी के लिए समझौते पर हुआ हस्ताक्षर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की सहायक कंपनी, सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल), सीआईएल में निर्माण-स्वामित्व-संचालन (बीओओ) अवधारणा पर आधारित पहली परियोजना, न्यू कथारा कोकिंग कोल वाशरी के लिए अनुबंध समझौते पर औपचारिक हस्ताक्षर किया गया। यह सीसीएल के उस मिशन के अनुरूप है। जिसके तहत कोयले की गुणवत्ता में सुधार लाना, उच्च-गुणवत्ता वाले स्वदेशी धुले हुए कोकिंग कोल की आपूर्ति करके भारत के ऊर्जा एवं धातुकर्म क्षेत्रों को सहयोग प्रदान करना और आयातित कोकिंग कोल पर देश की निर्भरता कम करना है।

इस अनुबंध पर वाशरी निर्माण विभाग के महाप्रबंधक सुरेश तालंकर और कथारा क्षेत्र, महाप्रबंधक श्री संजय कुमार द्वारा सीसीएल और जीसीएमपीएल के प्रबंध निदेशक की ओर से 10 जुलाई को सीसीएल और मेसर्स ग्लोबल कोल एंड माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड (जीसीएमपीएल), जो कोयला धुलाई अवसंरचना में विशेषज्ञता रखने वाली एक प्रतिष्ठित फर्म है, के बीच आधिकारिक रूप से हस्ताक्षर किए गए।

इस समारोह में सीसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक एनके सिंह, सीसीएल के निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा और सीसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र उपस्थित थे।

नई कथारा कोकिंग कोल वाशरी का निर्माण बोकारो जिले के कथारा क्षेत्र में किया जाएगा, जिसकी नियोजित क्षमता 3.00 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) होगी।



# क्षेत्र में रोजगार मुहैया करा पलायन रोकना मेरी प्राथमिकता : जगत माझी




नवीन मेल संवाददाताद्न

**मनोहरपुर।** मनोहरपुर प्रखंड के नन्दपुर पंचायत सचिवालय में सारंडा वन प्रमंडल एवं जेएसएलपीएस के संयुक्त तत्वावधान में पत्तल-दोना उत्पादन इकाई का उद्घाटन विधायक जगत माझी ने किया। प्रथम चरण में 16 महिला समूहों के बीच पत्तल-दोना मशीन का वितरण किया गया। जबकि और 40 मशीन समूहों के बीच वितरण की योजना है। इकाई उद्घाटन के बाद प्रखंड की सैकड़ों महिलाएं स्वरोजगार से जुड़ सकेंगी। गौरतलब हो कि विधायक जगत माझी के पहल पर वन विभाग ने लोगों को स्वरोजगार से जोड़ने की योजना पर कार्य कर रही हैं। उद्घाटन के मौके पर महिला समूह ने मशीन से दोना और पत्तल का निर्माण करा दिखाया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक जगत माझी ने कहा महिलाएं स्वरोजगार से जुड़ेंगी तो परिवार और समाज सशक्त बनेगा। उन्होंने बताया क्षेत्र के हर परिवार को रोजगार से जोड़ना उनकी प्राथमिकता है, ताकि पलायन पर रोक लग सकें। घर और गांव स्तर पर ही रोजगार के साधन उपलब्ध कराया जाए तो बेहतर होगा, क्योंकि महिलाएं परिवार संभालने के साथ अपने कार्य भी कर सकेंगी। उन्होंने जंगल को नुकसान नहीं पहुंचाने की अपील करते हुए कहा जंगल से हमें रोजगार मिल सकता हैं। जंगल को कटने और जलने से बचाना है। विधायक ने अधिकारियों से सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार करने के लिए होर्डिंग्स लगाने का निर्देश दिया। कार्यक्रम को प्रखंड विकास पदाधिकारी शक्ति कुंज, कोयना वन क्षेत्र पदाधिकारी रामनंदन राम, पत्तल मशीन के आविष्कारक जोगिंदर पात्रा, बंधना उरांव, मोहम्मद उमर, समेत विभिन्न महिला समूहों की सैकड़ों महिलाएं, वन विभाग एवं जेएसएलपीएस के अधिकारी उपस्थित रहे।

## बन रही अधूरी सड़क से लोगों को हो रही परेशानी

**सिल्ली।** गुरुवार के दिन सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो ने मुख्यमंत्री को ट्वीट कर प्रखंड सिल्ली के लोटा पंचायत स्थित गांव सुरगुंजाडीह में सड़क अधूरा बनने के कारण आने जाने में बहुत परेशानी होती है एवं वर्षा के दिनों में कोई बीमार होने पर उसे इलाज के लिए चारपाई के सहारे लोटा मेनरोड तक निकालना पड़ता है तब जाकर कोई वाहन की व्यवस्था हो पाती है। इसकी जनकारी ट्वीट कर दी।

## अवैध रूप से बिजली उपयोग करने वाले पांच लोगों पर एफआईआर दर्ज

**चान्हो।** थाना क्षेत्र में बिजली विभाग के द्वारा छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान विभाग की ओर से अवैध रूप से बिजली उपयोग करने वाले 5 लोगों पर जुर्माना लगाते हुए उनके खिलाफ चान्हो थाने में एफ आई आर भी दर्ज कराया गया है। इसकी जानकारी विभाग के कनीय अभियंता आशीष कुमार मुंडा के द्वारा दिया गया। उन्होंने बताया कि विभाग के द्वारा लगातार अवैध रूप से बिजली उपयोग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई हो रही है जो आगे भी जारी रहेगा।

## रोल पंचायत में कृषि मंत्री के निर्देश पर किसानों के बीच बीज का हुआ वितरण

चान्हो। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के निर्देश अनुसार गुरुवार को चान्हो प्रखंड के रोल पंचायत के ग्रामीणों को पंचायत भवन में अरहर, उरद के बीज का वितरण किया गया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि कृषि विभाग के दिलीप राम सहित बसंत राम, शिबू उरांव सहित कई लोग उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### प्राचार्य को शिक्षकों ने किया सम्मानित



**रांची।** गुरु पूर्णिमा पर डोरंडा महाविद्यालय के प्रभारी प्रिंसिपल डॉ राजकुमार शर्मा को शिक्षकों ने सम्मानित किया। वोकेशनल कोर्स कोआर्डिनेटर डॉ पप्पू कुमार रजक ने कहा कि गुरु पूर्णिमा के दिन गुरुओं को सम्मानित करना गर्व की बात होती है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजेश भटनागर, अवधेश कुमार , डॉ अमरनाथ, डॉ रंजय कुमार,बलवंत कुमार,कुंदन कुमार उपस्थित थे।

### डोरंडा कॉलेज में गुरु पूर्णिमा पर विशेष व्याख्यान

**रांची।** डोरंडा कॉलेज में गुरु पूर्णिमा पर गुरुवार को विशेष व्याख्यान हुआ। मुख्य वक्ता पूर्व प्रतिकुलपति डॉ चंद्रकांत शुक्ला ने गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके प्राचीन इतिहास को दर्शाते हुए वेदव्यास के जीवन परिचय पर विस्तार से चर्चा की। वेदव्यास के साहित्यिक कार्यों को अविस्मरणीय बताया। बताया कि वेदव्यास ने सभी वेदों को अलग-अलग करने में कैसे अहम भूमिका निभाई। साथ ही 18 महापुराणों, उपमहापुराणों के अलावा महाभारत की रचना कर भारतीय साहित्य परंपरा की एक विशालकाय धरोहर भारतीय समाज को देने का कार्य किया। प्राचार्य डॉ राजकुमार शर्मा, डॉ मंजू लाल, निर्मला कुमारी व शिक्षक मौजूद थे।

### चान्हो में जंगली हाथी का हमला एक व्यक्ति की मौत

**चान्हो।** होनहे पाकरटोली जंगल में एक व्यक्ति को जंगली हाथी ने कुचलकर मार डाला। घटना उस समय हुई जब व्यक्ति रुगड़ा चुनने जंगल गया था। जंगली हाथी के हमले से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। वन विभाग की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को बरामद कर लिया है और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हुई है। चान्हो पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को बरामद कर लिया है और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है

### जूनियर भारतीय महिला हॉकी के राष्ट्रीय कैंप में झारखंड के 07 खिलाड़ी आमंत्रित




**रांची।** 14 जुलाई से 31 अगस्त तक एनसीओई साई सेंटर बैंगलुरू में जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के राष्ट्रीय कैंप में झारखंड के 07 खिलाड़ियों को आमंत्रित किया गया। ये 07 खिलाड़ी रजनी केरकेट्टा, बिनीमा धान, संजना होरो,पार्वती टोपनो, निशा मिंज, निराली कुजूर और रोशनी आईड है। एक साथ झारखंड के 07-07 खिलाड़ियों को जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के राष्ट्रीय शिविर में आमंत्रित करने पर हॉकी झारखंड और खेल विभाग के समस्त पदाधिकारियों ने सभी खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है ।

### रमेश सिंह मुंडा की स्मृति में किया गया पौधरोपण



**अड़की।** प्रखंड के बोहंडा मैदान में रमेश सिंह मुंडा के शहादत दिवस पर 7 जुलाई से 10 जुलाई 2025 तक चार दिवसीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट में 92 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबले में कोचांग की टीम ने जीत दर्ज की। इस अवसर पर पौधरोपण कार्यक्रम और स्वास्थ्य जांच शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों ग्रामीणों ने लाभ उठाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि मनोज मंडल, अड़की थाना प्रभारी, बोहंडा की मुखिया गीता समद और अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

### दीवार गिरने से पांच वर्षीय बच्चे की हुई की मौत हो



**बुढ़मू।** बुढ़मू थाना क्षेत्र के चैनगड़ा में दीवार गिरने से सोसई निवासी माना मुंडा का लड़का युवराज मुंडा (05) की मौत हो गई. जानकारी के अनुसार करीब एक माह पहले माना मुंडा की पत्नी मिनी देवी अपना बेटा युवराज को साथ में लेकर अपने मायका चैनगड़ा गई थी. बुधवार रात में मां बेटा साथ में सोये थे इसी दौरान भारी बारिश के कारण ईट की दीवार उनके ऊपर गिर गई, जिससे युवराज मुंडा की मौके पर ही मौत हो गई और मिनी देवी घायल हो गई. सूचना पाकर सोसई से परिजन चैनगड़ा गए और दोनों को साथ में लेकर सोसई आये. सोसई में युवराज का अंतिम संस्कार किया गया. सूचना पाकर प्रखंड के अधिकारी व पंचायत समिति सदस्य मृतक के घर गए और मृतक का पोस्टमार्टम करवाने के लिए कहा लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया.

### बिरसा मुंडा की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों ने किया क्षतिग्रस्त

**सिल्ली।** सिल्ली पिस्का मार्ग बिरसा चौक खोचाबेड़ा में स्थापित बिरसा मुंडा की प्रतिमा को तोड़ दिया गया,जिससे लोगों में आक्रोश है। यह प्रतिमा एक साल पहले स्थापित की गई थी। शहीद बिरसा मुंडा स्मारक स्मृति संचालन समिति ने मेल के माध्यम से इसकी शिकायत विधायक अमित कुमार महतो से करते हुए दोषियों को चिह्नित कर कार्रवाई की मांग की है। वही गुरुवार को अचानक लोगों की नजर बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पड़ी तो देखा कि एक हिस्सा टूटा हुआ है। आसपास वह हिस्सा गिरा हुआ नहीं था, इससे लोगों को लगा कि किसी असामाजिक तत्वों ने ही इसे तोड़कर वहां से हटा दिया है।

## लापुंग से श्रद्धालुओं का जत्था सुलतानगंज पहुंचा



**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के श्रद्धालु कांवरियों का जत्था सुलतानगंज पहुंचा। यहां पहुंचकर श्रद्धालुओं के जत्था ने पवित्र स्नान किया। जत्था ने पवित्र जल उठाया और बेलहर में रात्रि विश्राम किया । रास्ते में गेरुआ वस्त्र, खूबसूरत कांवर के साथ श्रद्धालुओं के जत्थों का उत्साह और उल्लास अपने चरम पर है। रास्ते भर में बोल बम, ताड़क बम, भोला बाबा पार करेगा, हर हर महादेव जैसे जयकारों से गूंज उठा है। उल्लेखनीय है कि लापुंग प्रखंड के कातिंगकेला गलगली बाबा धाम से जूनियर वैद्य खिलेश्वर सिंह खेरवार के नेतृत्व में देवघर के प्रसिद्ध बाबा बैजनाथ धाम के लिए रवाना हुआ था। जत्था में लापुंग प्रखंड के कातिंगकेला गलगली बाबा धाम के जूनियर वैद्य खिलेश्वर सिंह खेरवार के साथ साथ कलेश्वर गोप, शिवलोचन सिंह खेरवार, सत्यनारायण महतो, देवेंद्र राय, जगरनाथ उरांव, चन्दन गोप, योगेश्वर साय, दुर्गा दास, अरुण प्रसाद सोनी, आकाश सिंह, रविन्द्र तुरी, गंदूर उरांव टाना भगत, जयकरण सिंह खेरवार, भरत सिंह, राजेश सिंह, बुधवा उरांव, कुंवर सिंह, धीरज तुरी, आमोद साहु सहित अन्य लोग शामिल हैं।

## गुरु पूर्णिमा पर्व पर श्री राधा- कृष्ण मंदिर में हुई विशेष पूजा

# भजन- कीर्तन में कृष्ण राधा के भजनों पर श्रद्धालु खूब थिरके



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में गुरु पूर्णिमा पर्व बड़े ही श्रद्धा पूर्वक एवं धार्मिक आस्था के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर श्री राधा कृष्ण जी का भव्य अलौकिक श्रृंगार विशेष पूजा-अर्चना, महाभोग प्रसाद, भजन- कीर्तन एवं सामूहिक महाआरती का आयोजन किया गया। महाप्रसाद में 101 किलो ग्राम की केसरिया मेवा युक्त खीर का भोग भगवान श्री राज श्याम जी को विधिवत भोग पुजारी अरविंद पांडे द्वारा लगाया गया। तथा पूरे विधि विधान से पूजा- अर्चना एवं आरती की गई। मंदिर परिसर में उपस्थित दो हजार भी अधिक श्रद्धालुओं के बीच अन्नापूर्णा महाप्रसाद भोग का वितरण किया गया। तत्पश्चात भजन- कीर्तन में ट्रस्ट के भजन गायक मनीष सोनी, निर्मल जालान, सज्जन पाड़िया ने अपने मनमोहक सुमधुर भजनों से श्रोताओं को खूब झुमाया। तथा पूरा वातावरण को कृष्णमय एवं भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने कहा कि गुरु पूर्णिमा का पर्व बेहद पवित्र और आध्यात्मिक महत्व का दिन माना जाता है। यही दिन व्यास पूर्णिमा और वेदव्यास जयंती के रूप में श्रद्धा से मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि यह दिन आत्मिक विकास, आत्म संयम और श्रम की योग्यता को निखारने की प्रेरणा देता है, यह पर्व हमें स्मरण कराता है कि जहां तक हमने देखा है वह केवल गुरु की छाया है और जहां तक देखना है वह गुरु के अनुग्रह दीप्त पथ पर चलना है। हम सभी गुरुओं का सम्मान करें जो दीपक की भांति हमें हर अंधकार से रास्ता दिखाते हैं। इस अवसर पर- डुंगरमल अग्रवाल,निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल,मनोज चौधरी, पूरणमल सर्राफ,सज्जन पाड़िया, संजय सर्राफ,शिवभगवान अग्रवाल,सुरेश अग्रवाल,मधु जाजोदिया, विशाल जालान, नंद किशोर चौधरी, सुनील पोद्दार, अरविंद अग्रवाल, विष्णु सोनी, पवन पोद्दार,निर्मल मानपुरिया, आनंद अग्रवाल, विधा देवी अग्रवाल,शोभा जालान,कविता गाड़ोदिया,रमा डोकानिया,बिमला जालान,संतोष देवी अग्रवाल, रश्मी जालान,निकिता जालान, निलम गोयल,अमिता जालान, बबीता मानपुरिया, उत्सव पोद्दार सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष उपस्थित थे।

## निदेशक प्रमुख डॉ सिद्धार्थ का किया गया स्वागत



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** नव पदस्थापित निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं डॉक्टर सिद्धार्थ सान्याल के पदभार ग्रहण के बाद गुरुवार को नामकुम स्थित राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के आरसीएच सभागार में स्वागत किया गया।

इस अवसर पर अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने कहा कि डॉ सान्याल के अनुभवों का लाभ हम सबों को मिलेगा। उनके पास स्वास्थ्य सेवाओं का लम्बा और अच्छा अनुभव है। डॉ सिद्धार्थ सान्याल ने कहा कि जनहित के लिए मैं निरन्तर काम करते रहूंगा। स्वास्थ्य सेवाओं को सरकार के आशानुरूप कार्य करेंगे और सौंपे गए दायित्व का भरपूर निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के कार्यों के साथ वह एनएचएम के कार्य भी रुचिपूर्वक करने को इच्छुक हैं, क्योंकि स्वास्थ्य विभाग यदि रीढ़ है तो एनएचएम भी बोन और टिश्यू है। एनएचएम के सहयोग के बिना लक्ष्यों को प्राप्त करना सम्भव नहीं है।

उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय उप निदेशक के पद निर्वहन के दौरान और उसके पहले भी वह एनएचएम और कर्मियों से भलीभांति परिचित हैं। अभियान निदेशक ने निवर्तमान निदेशक प्रमुख डॉ चन्द्र किशोर शाही के कार्यों की प्रशंसा की और कहा कि डॉ शाही का तबादला ऐसे समय में सन्थाल परगना में हुआ है।

## गुरु के अनुग्रह से हमें सच्चा ज्ञान और सद्गति की प्राप्ति होती है



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** दिव्यदेशम् श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी)मंदिर में गुरु -पूर्णिमा पर्व पर गुरुवार को ब्रह्म मुहूर्त 4:30 बजे से आयोजित अनुष्ठान का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर प्रात्परब्रह्म परमात्मा, अखिल जगत् के स्वामी भगवान् श्रीमन्नारायण का विश्वरूपदर्शन , सुप्रभातम् , मंगलाशासनम् के बाद पांचरात्र विधि से नित्याराधन संपादन हुआ । तत्पश्चात दूध , दही, हल्दी ,चंदन, शहद, गंगाजल और डाभयुक्त जल से वैदिक रीति के द्वारा महाभिषेक कराया गया। भगवान दंपति को रेशमी वस्त्रों से आक्षादित करके भांति भांति प्रकार के आभूषणों से अलंकार समर्पण करके दिव्य सुगंधित पुष्पों के समुदाय से भव्य श्रृंगार निवेदन हुआ तथा क्रमानुसार नक्षत्र, कुंभ और कपूर से महा आरती हुई ।

फिर खीर फल और मेवा का बालभोग नैवेद्य हुआ। फिर सुश्राव्य वेदध्वनियों से महास्तुति की गई । पुनः प्रातः 9:00 बजे से मंदिर संचालन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष राम अवतार नारसरिया के हाथों महा संकल्प कराकर पूजन शुरू हुआ । अनंतश्रीविभूषित जगद्गुरु रामानुजाचार्य परमहंस श्रीस्वामी भगवानदासाचार्य जी महाराज और उनके कृपापात्र जगद्गुरु रामानुजाचार्य श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्य जी महाराज के चित्रपट् को दिव्य पुष्प राशियों से सजावट कर पूजा प्रारंभ किया । पूजन उपरांत श्रीसूक्त पुरुष सूक्त और विष्णु सहस्त्रनाम का सामूहिक पाठ हुआ ।

## आरपीएफ व जीआरपी के तत्वावधान में श्रावणी मेला को लेकर बैठक का आयोजन

**मुरी।** बुधवार के दिन रेलवे सुरक्षा बल थाना में श्रावणी मेला को लेकर आरपीएफ एवं जीआरपी के तत्वाधान में बैठक का आयोजन किया गया।बैठक का नेतृत्व करते हुए आरपीएफ मुरी के प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार ने कहा कि रेल पुलिस सुरक्षा को लेकर पूरी तैयारी में जुटी है।वहीं यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम पुख्ता किए जाएंगे। बैठक के दौरान जीआरपी मुरी के थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने कहा कि बैठक का मकसद श्रावणी महीना में सफर कर रहे यात्रियों एवं कांवरियों की सुरक्षा को मजबूत बनाना है।

## झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन

# प्रांतीय विभागीय मंत्रियों के नामों की हुई घोषणा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल एवं प्रांतीय महामंत्री विनोद कुमार जैन ने झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के सभी प्रांतीय विभागीय मंत्रियों का गठन करते हुए सभी के नामों की घोषणा की, जिसमें- संविधान संशोधन विभाग मे- कमल कुमार केडिया,पवन कुमार शर्मा,ज्योति बजाज, सदस्यता विभाग- नेहा पटवारी,अजय खेतान,अमित बजाज अंकित मोदी, विकास अग्रवाल,

जन सहयोग विभाग-आनंद चौधरी, महेश चोपालिया, प्रवीण लोहिया,

प्रचार प्रसार एवं जनसंपर्क विभाग- अंकुश जवान पुरिया, वीरेंद्र कुमार मुनका,

महिला प्रकोष्ठ विभाग-अलका सरावगी, रीना सुरेखा, अनीता अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, रानी अग्रवाल, रिया अग्रवाल एवं रंजीता केडिया,

तकनीकी एवं वेबसाइट विभाग- आनंद गोयल, वरुण जालान, राजेश कौशिक, अनिल अग्रवाल, संजय कथुरिया, सूचना एवं कार्यालय विभाग- मनीष लोधा, कमल शर्मा, आकाश अग्रवाल, अमित चौधरी एवं सुमित महलका, गृह पत्रिका विभाग-निर्मल बुधिया,शशांक भारद्वाज,नरेश अग्रवाल,अजय डीडवानिया

प्रेस- मीडिया विभाग- संजय सर्राफ, संगठन एवं संस्कृति- मुकेश काबरा,अरविंद सोमानी,नवीन अग्रवाल, हरि मित्तल, मुकेश अग्रवाल, युवा प्रकोष्ठ विभाग- विशाल पाड़िया, सौरभ बजाज, रौनक झुनझुनवाला,निकुंज पोद्दार, ललित अग्रवाल एवं श्वेता भाला, वित्त संग्रह विभाग-हरि कनोडिया चंद्र प्रकाश धेलिया,अजय दधिच, जेपी शर्मा,रामगोपाल शर्मा कानूनी सलाह विभाग-राजीव शर्मा, धर्मचंद पोद्दार, दीपेश निराला, श्रवण देबुका,

राजनीतिक विभाग-सुरेश शर्मा, भानु जालान एवं दीपक बंका

शिक्षा विभाग-किशन पोद्दार, रिंकू अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, अमित जैन रारा, एवं संजय शर्मा, प्रतिभा सम्मान विभाग- प्रकाश बजाज, प्रमोद अग्रवाल, प्रवीण बगड़िया, साहित्य एवं शोध विभाग-नरेश बंका, नीलम पेड़ीवाल, गौ सेवा विभाग- अजय भरतिया, महेश गोयल, प्रशासनिक समन्वय विभाग-राम बांगड़ एवं सत्यनारायण अग्रवाल को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि झारखंड के सभी जिलों के प्रतिनिधियों को प्रांतीय कार्यसमिति कमेटी में शामिल किया गया है। उक्त जानकारी झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने दी है।

## रांची के योगदा सत्संग आश्रम में गुरु पूर्णिमा मनी, स्वामी पवित्रानंद बोले

# ईश्वर प्राप्ति के पथ प्रदर्शक हैं गुरु



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में स्थित योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया (वाईएसएस) आश्रम में गुरुवार को ध्यान और भजन-कीर्तन के साथ गुरु पूर्णिमा मनाई गई। समारोह की शुरुआत सुबह विशेष ऑनलाइन सामूहिक ध्यान सत्र और स्वामी पवित्रानंद गिरि के प्रवचन के साथ हुई। देश के विभिन्न हिस्सों से आए अनुयायियों ने इसमें हिस्सा लिया। गुरु-शिष्य संबंधों पर स्वामी पवित्रानंद ने परमहंस योगानंद के शब्दों को उद्धृत किया। उन्होंने कहा, 'भारत ने जो शिक्षाएं दी हैं और जिनमें उसके गुरुओं ने विशेषज्ञता हासिल की है, उनका अनुसरण करें। दुनिया को उसका सर्वोच्च उपहार यह ज्ञान है कि चरण-दर-चरण विधियों के माध्यम से ईश्वर को कैसे पाया जाये। अगर आप भारत की आत्मबोध संबंधी शिक्षाओं का पालन करते हैं, तो आप इसी जीवन में ईश्वर को पा सकते हैं।'

भजन-कीर्तन में शामिल हुए योगदा आश्रम के अनुयायी बाद में अनुयायी गुरु पूजा के दौरान ब्रह्मचारी शंभवानंद और गौतमानंद के नेतृत्व में भजन-कीर्तन में शामिल हुए। उन्हें भंडारा प्रसाद भी प्रदान किया गया। समारोह का समापन शाम को ब्रह्मचारी सच्चिदानंद के नेतृत्व में 3 घंटे के विशेष ध्यान सत्र के साथ हुआ। ध्यान कार्यक्रम में उन्होंने योगदा सत्संग शिक्षाओं के कुछ अंश पढ़े, जिसमें उन्होंने बताया कि किस प्रकार से अमर गुरु महावतार बाबाजी ने श्री श्री परमहंस योगानंद को अमेरिका और संपूर्ण विश्व में क्रियायोग का प्रचार-प्रसार करने का कार्य सौंपा था। स्वामीजी ने कहा कि योगानंदजी जानते थे कि इस आधुनिक युग में, जब गुरु और शिष्य प्रायः एक-दूसरे से दूर रहते हैं, शिष्य के लिए अपने गुरु के चरणों में बैठकर ज्ञान प्राप्त करना कठिन होगा। इसलिए उन्होंने योगदा सत्संग पाठमाला की रचना की, जिसमें ध्यान प्रविधियों अर्थात् ध्यान के क्रियायोग विज्ञान की एक शक्तिशाली प्रणाली को सम्मिलित किया गया है। उन्होंने कहा कि आत्मा का यह प्राचीन विज्ञान, जिसका परिचय लाखों लोगों को 'योगी कथामृत' के माध्यम से प्राप्त हुआ है, उच्चतर आध्यात्मिक चेतना और ईश्वर-साक्षात्कार के आंतरिक आनंद के जागरण के शक्तिशाली उपाय प्रदान करता है। 'ऑटोबायोग्राफी ऑफ ए योगी' के लिए प्रसिद्ध योगानंद के अनुयायियों में उद्यमी स्टीव जॉब्स, क्रिकेटर रवि शास्त्री और अभिनेता रजनीकांत शामिल हैं। योगदा सत्संग आश्रम की स्थापना वर्ष 1917 में हुई थी।

# गुरु पूर्णिमा श्रद्धा और परंपरा का है महापर्व : चंद्रशेखर

नवीन मेल संवाददाता




रामगढ़ । कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय में महर्षि वेदव्यास जयंती के अवसर पर गुरुवार को श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत गुरु पूर्णिमा उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्यगण और कर्मचारियों को सम्मानित कर गुरुओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के उपाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी एवं प्राचार्य उमेश प्रसाद के द्वारा संयुक्त रूप से महर्षि वेदव्यास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया।तत्पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा गुरुवंदना एवं भक्ति गीत,रूप सज्जा आदि प्रस्तुत किए। उपाध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी ने कहा कि गुरु पूर्णिमा केवल एक पर्व नहीं,बल्कि यह उस परंपरा का उत्सव है, जिसमें गुरु को सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। इस प्रकार का आयोजन विद्यार्थियों में संस्कार और गुरु के प्रति सम्मान की भावना को प्रगाढ़ करता है गुरु पूर्णिमा ज्ञान,श्रद्धा और परंपरा का महापर्व है। विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद ने महर्षि वेदव्यास के जीवन और उनके ज्ञान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु ही वह दीपक हैं जो अज्ञान रूपी अंधकार को मिटाकर जीवन में ज्ञान का प्रकाश भरते हैं।ह्व इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति की ओर से सभी आचार्य और कर्मचारियों को उपहार भेंट कर उनका सम्मान किया गया। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में उनके समर्पण और अनुशासन की सराहना की। विद्यार्थियों ने भी अपने गुरुजनों को पुष्प एवं हस्तनिर्मित कार्ड भेंट कर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में आचार्या डॉ गायत्री कुमारी ने महर्षि वेदव्यास के जीवन पर प्रकाश डालते हुए गुरू महत्ता की चर्चा की। मंच संचालन आचार्या गायत्री कुमारी के द्वारा किया गया।धन्यवाद ज्ञापन आचार्य अमरदीप ने रखा। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के आचार्य मिथिलेश कुमार खन्ना,अमरदीप, राकेश कुमार सहाय, अमरदीप नाथ शाहदेव, शम्मी राज शशि कान्त, ज्योति राजहंस,ललिता गिरी,पूनम सिंह,अनूप झा, अमित झा, दिलीप सिंह, इंद्रजीत सिंह, बच्चूलाल तिवारी, विदेश सिंह, दुर्गा प्रसाद,देव कुमार आदि की प्रमुख भूमिका रही।

## गोला में जमींदार व रैयतों के बीच आयोजित बैठक स्थगित

गोला। गोला प्रखंड के कोरांबे इसके आस पास के कई गांवों में आज भी जमींदारी प्रथा कायम है। जमींदारी प्रथा के खात्में के लिए यहां के सैकड़ों रैयत वर्षों से आन्दोलनरत हैं। इस समस्या के समाधान के लिए मंगलवार को अंचल कार्यालय गोला में अपर समाहर्ता गीतांजलि कुमारी की अध्यक्षता में जमींदार व रैयतों के बीच बैठक निर्धारित थी। जिसके कारण सैकड़ों की संख्या में रैयत अंचल कार्यालस पहुंच गए थे। लेकिन व्यस्त कार्यक्रम को लेकर अपर समाहर्ता बैठक में उपस्थित नहीं हो सकी। जिसके कारण बैठक को स्थगित कर दिया गया। कार्यालय सुत्रों के अनुसार बैठक की अगली तिथि तय नहीं की गई है।

# न्यूज बॉक्स

## भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का 11वां सम्मेलन का हुआ समापन



बरकट्ठा। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी अंचल बरकट्ठा के अंबेडकर भवन में 11वां सम्मेलन मनाया गया। कार्यक्रम कि अध्यक्षता कामरेड हेमराज प्रसाद उर्फ हीरालाल प्रसाद व अनवर हुसैन ने किया। मौके पर मुख्य रुप से भाकपा राज्य सचिव महेंद्र पाठक, राज्य कार्यकारिणी सदस्य कृष्णा कुमार जिला सचिव अनिरुद्ध कुमार, घनश्याम राम विद्रोही मौजूद थे। मुख्य अतिथि राज्य सचिव महेंद्र पाठक समेत सभी लोगों ने पार्टी का झंडोत्तोलन कर शहीदों के वेदी पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। सम्मेलन में पच्चीस सदस्यीय प्रखंड कमिटी का गठन किया गया, जिसमें हरेक पंचायत से पांच सदस्यो का चयन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से आनंद पांडेय को अंचल सचिव बनाया गया। मौके पर राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने संगठन विस्तार और मजबूती कर चर्चा करते हुए राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है सरकार दोनों हाथों से समेट रही है कोयला, बालु ,पत्थर में लुट मचा हुआ है गैरमजरुआ जमीन का रसीद कटना बंद पड़ा हुआ है आन लाइन के नाम पर प्रखंड मुख्यालय में अवैध वसूली हो रही है अगर सरकार इसे नहीं रोक लगती है तो हम लोग खेती के बाद प्रखंड मुख्यालय में विशाल जनआंदोलन करेंगे। वहीं जिला सम्मेलन के लिए बीस प्रतिनिधि चुने गए। मौके पर विश्वनाथ दास, शंकर मेहता, टेकचंद प्रसाद, हरिलाल मांझी संतोष बरनवाल, शंभू साव डेगलाल महतो, सुशील पांडे जागेश्वर राणा,अजीत पांडे प्रदीप पांडे,पाचु साव, भुवनेश्वर दास,कलाम अंसारी समेत दर्जनों कामरेड सदस्य उपस्थित थे।

## लगातार बारिश ने जनजीवन को किया प्रभावित, बाजारों में पसरा सन्नाटा



बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र में लगातार बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। वहीं दिन भर की बारिश के बाद बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। बारिश के कारण लोग घरों से नहीं निकल पा रहे हैं। 18 जून से लगातार हो रही बारिश से किसान परेशान हैं। बारिश से खेत जलमग्न हो चुका है। किसानों ने लगातार बारिश के कारण न धान के बिचड़े बो पाए है और न ही मकई के बीज ही लगा पाए हैं। आषाढ़ माह खत्म होकर सावन का महीना शुरू हो चुका है। लेकिन धान के बिचड़े तैयार नहीं होने के कारण धान फसल देर से होने पर पैदावार कम होने का डर किसानों को सताने लगा है। वहीं बारिश के कारण किसानों ने खेतों में मक्का, उड़द, अरहर आदि का फसल नहीं बो पाये हैं।

## दहेज के लिए प्रताड़ित करने व जान से मारने के प्रयास करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज

बरही । केसठ (चौपारण)। निवासी मो हकीम अंसारी पिता मो इब्राहिम ने अपनी बेटी फरहत बानो और खुद को जान से मारने के प्रयास करने के आरोप में बेटी के ससुराल वालों के खिलाफ बरही थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाई है. दर्ज प्राथमिकी के अनुसार आवेदक ने अपनी पुत्री का निकाह रसोईया धमना निवासी मो तनवीर पिता मो मंसूर से कराई थी. छः महीना ठीक रहने के बाद बेटी के ससुराल वाले उनकी बेटी को दहेज के लिए से पैसे लाने का दबाव देते हुए प्रताड़ित करने लगे. इस संबध में पंचायत भी हुआ पर सुधार नही हुआ. इस दौरान ससुराल वालो के द्वारा उनकी बेयी के साथ मार पीट और फांसी लगाने का प्रयास किया जाता रहा. इसी क्रम में पति, ससुर, सास, देवर आदि 27 मार्च 25 को मारपीट किया, बाद में फांसी लगाकर जान से मारने के प्रयास किया गया. जिसे गंभीरावस्था में अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया. जहां प्राथमिक ईलाज के बाद हजारीबाग रेफर किया गया. बेटी के इलाज के दौरान जब वह अपने घर केसठ जा रहे थे तब रसोईया धमना टॉल प्लाजा के पास बेटी के पति व ससुर उनका रास्ता में रोककर उनके गला में जबरन गमछा डालकर फांसी लगाने का प्रयास किया. हो हल्ला करने के बाद स्थानीय ग्रामीण पहुंचे और उनकी जान बची. वे सभी यह भी धमकी दे गए कि अपनी बेटी को बचाने का प्रयास नही करो अन्यथा जान से मार दिया जायेगा. संबंधित मामले में बरही पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है.

## गोला में कांग्रेस की बैठक में पार्टी को मजबूत करने पर दिया गया जोर

गोला। गोला प्रखंड कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक में बुधवार को डाक बंगला परिसर स्थित गुनगुन पैलेस में प्रखंड अध्यक्ष संतोष सोनी की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में रामगढ़ व हजारीबाग जिला प्रभारी विधायक ममता देवी, लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल, प्रखंड प्रभारी सीपी संतन, बजरंग महतो आदि विशेष रूप से मौजूद थे। बैठक का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर व वंदेमातरम गान से किया गया। इस दौरान पार्टी की गतिविधियों की समीक्षा की गई। अतिथियों ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि पंचायत व बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करें। विधायक ने कहा कि कांग्रेस एक विचारधारा है, जो सभी को साथ लेकर आगे बढ़ने पर विश्वास रखती है। मुझे मालूम है पार्टी में कुछ कार्यकर्ता अपने आपको उपेक्षित महसूस कर रहे है, उनके मन में उपजी इस भावना को दुर किया जाएगा। पूर्व मंत्री जेपी पटेल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता कर्मठ व मेहनती हैं। सभी कार्यकर्ताओं को एक साथ जोड़कर मेहनत व ईमानदारी से पार्टी को आगे बढ़ाना है और जमीनी स्तर पर कांग्रेस को मजबूत करना है। प्रखंड प्रभारी सीपी संतन ने कहा कार्यकर्ता उनके लिए सर्वोपरि हैं। उनके कार्यकर्ताओं के पास संसाधन की कमी है, लेकिन मेहनत की कोई कमी नहीं है।

## लायंस क्लब करेगा निःशुल्क इलाज और टीकाकरण

भुरकुंडा। लायंस क्लब भुरकुंडा ने स्वास्थ्य सेवा को सुलभ बनाने के उद्देश्य से एक नई पहल शुरू की है। अब हर महीने की 9 तारीख को भुरकुंडा ट्रेकर स्टैंड के समीप स्थित राज नर्सिंग होम में गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के लिए निःशुल्क टीकाकरण शिविर आयोजित होगा। यह सेवा सुबह 8 से दोपहर 1 बजे तक उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा क्लब ने प्रति दिन सुबह 7 बजे से 8 बजे तक राज नर्सिंग होम में जरूरतमंदों के लिए मुफ्त इलाज की सुविधा प्रदान करेगी। बुधवार को यह घोषणा करते हुए क्लब के अध्यक्ष अशोक सिन्हा ने कहा कि इस प्रयास से आमजन को समय पर इलाज और आवश्यक स्वास्थ्य सुविधा मिल सकेगी। साथ ही क्लब का यह कदम स्वास्थ्य जागरूकता को भी बढ़ावा देगा। बुधवार को आयोजित स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाने में चेयरमैन डॉ राजेंद्र महतो, सचिव अखिलेश शर्मा, सीमा यादव, सरिता देवी, भूपेंद्र सिंह सैनी आदि लायंस योगदान दिया।

## इनरव्हील क्लब ने औषधीय पौधों का एक वनस्पति उद्यान स्थापित किया



रामगढ़। इनरव्हील क्लब रामगढ़ ने पर्यावरण जागरूकता और समग्र शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के परिसर में औषधीय पौधों का एक वनस्पति उद्यान स्थापित किया है। इस उद्यान में प्रत्येक औषधीय पौधे के पास सूचनात्मक बोर्ड लगाया गया है जिसपर पौधे का वैज्ञानिक नाम, सामान्य नाम और उस पौधे की उपयोगिता का वर्णन किया गया है।यह पहल ना केवल विज्ञान पाठ्यक्रम का समर्थन करती है,बल्कि छात्रों में आयुर्वेद और प्राकृतिक उपचार विधियो के प्रति रुचि भी जगाती है।इस उद्यान में लैवेंडर, चकराता रोजमेरी करंज मीठी तुलसी ,पलाश, अश्वगंधा, गिलोय, मीठी नीम, आवला, सहजन, घृतकुमारी, हरड़ इत्यादि कई औषधीय पौधे लगाए गए हैं। इस अवसर पर नमिता श्रॉफ, जनेशा बडेरा, मेघा बगड़िया, नीरू साहनी, रेनू मेवाड़ अनुराधा श्रॉफ,नम्रता जैन, विजयलक्ष्मी आयंग,र रंजू अरोड़ा हरमीत कौर पिंकी गांधी जसमीत कौर, गुरबख्श कौर, नीतू अग्रवाल, जसविंदर कौर आदि उपस्थित रहे ।

### लगातार हो रही बारिश से नदियों का जलस्तर उफान पर

# भैरवी नदी का पानी रजरप्पा मंदिर के निकास द्वार तक पहुंचा कई दुकानें बहीं

नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। भारी बारिश की वजह से रामगढ़ जिले में आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। शहर से लेकर गांव तक हर नदी और नाले में पानी काफी अधिक भर गया है। सड़कों पर भी जल जमाव की वजह से आवागमन बाधित हो रहा है। कई दुकानें भी बह गईं हैं। झारखंड के प्रसिद्ध सिद्ध पीठ मां छिन्नमस्तिका मंदिर में भी भैरवी नदी का पानी समा गया है। भैरवी इतनी उफान पर है कि अपने तट पर बने दुकानों को अपने साथ बहा ले गई। कई दुकानों में भारी नुकसान हुआ है। दुकानदार अपने सामान को पहले भी हटा रहे थे। गुरुवार की सुबह मंदिर में दर्शन करने आए लोगों को मंदिर न्यास समिति और पुलिस प्रशासन के द्वारा नदी से दूर रहने की हिदायत दी गई। प्रशासन ने कहा है कि जिस तरह बारिश हो रही है व नुकसान है।



### दर्शन करने में श्रद्धालुओं को हो रही परेशानी

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर रजरप्पा मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंची हुई थी। लेकिन श्रद्धालुओं को दर्शन करने में काफी परेशानी हुई। रात में हुई झमाझम बारिश के बाद नदी उफान पर आ गया। दिन में भी लगातार हो रही बारिश की वजह से श्रद्धालुओं को मंदिर परिसर में घुसने में दिक्कत हुई। मंदिर परिषद के अंदर नदी का पानी घुस जाने के कारण श्रद्धालुओं को भी काफी सावधानी से न्यास समिति के द्वारा दर्शन कराया जा रहा है। श्रद्धालुओं के बीच भगदड़ ना मचे इसके लिए पुलिस प्रशासन भी वहां मुस्तैद है। सावन मास शुरू होने से एक दिन पहले मंदिर में लगने वाली भीड़ को भी नियंत्रित किया जा रहा है।

### फुटबाल टूर्नामेंट का भव्य उदघाटन

# खेल शारीरिक व मानसिक विकास में सहायक होता है : राजेश प्रसाद



नवीन मेल संवाददाता

रामगढ़। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा आयोजित क्लस्टर-फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ राधा गोविंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल द्वारा आयोजित रामगढ़ जिले के राधा गोविंद विश्वविद्यालय के खेल मैदान में भव्य समारोह के साथ हुआ। यह रोमांचक आयोजन 10 जुलाई से 15 जुलाई, 2025 तक चलेगा, जिसमें झारखंड और बिहार राज्य के विभिन्न स्कूलों के सैकड़ों छात्र-खिलाड़ी अपने कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं। इस प्रतियोगिता में कुल 65 टीम भाग ले रहे हैं। टूर्नामेंट का उदघाटन दीप प्रज्वलन कर एवं विश्वविद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय गोविंद साह और स्वर्गीय राधा देवी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि राधा गोविंद विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह,विशिष्ट अतिथि के रूप में कर्नल एंटनी ( सी ओ ), 22 बटालियन एनसीसी, हजारीबाग, राजेश प्रसाद सिन्हा पर्यवेक्षक सीबीएसई क्लस्ट, हरजाप सिंह प्राचार्य गुरुनानक स्कूल रामगढ़,संस्था की सचिव प्रियंका कुमारी, राधा गोविंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ. राधा गोविंद इंटर कॉलेज की प्राचार्य सोमा पांडेय, विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. (डॉ.) निर्मल कुमार मंडल, परीक्षा नियंत्रक प्रो. (डॉ.) अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार व डॉ. संजय सिंह उपस्थित रहे।

## पूर्व मुख्यमंत्री से मिले भाजपा युवा नेता सुबीन

रामगढ़। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के भाजपा युवा नेता सुबीन तिवारी ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से मुलाकात की। सुबीन तिवारी ने उन्हें भगवा अंगवस्त्र ओढ़ाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर अपना आदर प्रकट किया। इस आत्मीय भेंट के दौरान रघुवर दास ने युवाओं की भूमिका पर बल देते हुए कहा, आज संगठन को ऐसे ऊर्जावान और समर्पित युवाओं की आवश्यकता है जो न केवल स्वयं नेतृत्व करें बल्कि अन्य युवाओं को भी संगठन से जोड़ें और संगठन को मजबूती प्रदान करें। सुबीन तिवारी ने कहा रघुवर दास की सादगी, सरलता और सुशासन में विश्वास रखने वाला व्यक्तित्व मेरे लिए अत्यंत प्रेरणादायक है। उनके कार्यकाल में झारखंड ने विकास, सुशासन, अपराध और भ्रष्टाचार मुक्त शासन का अनुभव किया। आज भी वे हम युवाओं के लिए एक मार्गदर्शक और प्रेरणा स्रोत हैं। इस भेंट के बाद सुबीन तिवारी ने यह विश्वास जताया कि वे पार्टी और संगठन को मज़बूती देने के लिए अपनी पूरी ऊर्जा और निष्ठा के साथ काम करते रहेंगे।

# स्कूल में अंग्रेजी एक्सटेम्पोर प्रतियोगिता में चमके युवा वक्ता

नवीन मेल संवाददाता

- प्रतिभागियों को मंच पर आने से कुछ मिनट पहले ही विषय दिए गए, जिनमें समसामयिक घटनाएं, सामाजिक मुद्दे और अमूर्त विचार शामिल थे, जिससे छात्रों को अपने विचार खुलकर रखने का मंच मिला।




रामगढ़। श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल रामगढ़ के छात्रों ने 9 जुलाई, 2025 को विद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित अंग्रेज़ी एक्सटेम्पोर (तात्कालिक भाषण) प्रतियोगिता में अपनी त्वरित सोच और प्रभावशाली वक्तृत्व कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। कक्षा श्क से क तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने तत्क्षण भाषणों से दर्शकों और निर्णायकों को प्रभावित किया। यह प्रतियोगिता छात्रों की तत्काल सोचने की क्षमता और विभिन्न विषयों पर प्रभावशाली रूप से बोलने की योग्यता को परखने के लिए आयोजित की गई थी। प्रतिभागियों को मंच पर आने से कुछ मिनट पहले ही विषय दिए गए, जिनमें समसामयिक घटनाएं, सामाजिक मुद्दे और अमूर्त विचार शामिल थे, जिससे छात्रों को अपने विचार खुलकर रखने का मंच मिला। कार्यक्रम का उदघाटन करते हुए प्रधानाचार्य हरजप सिंह ने आज के समय में प्रभावी संप्रेषण (कम्युनिकेशन) के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा एक्सटेम्पोर स्पीकिंग न केवल आत्मविश्वास बढ़ाती है, बल्कि छात्रों को स्पष्ट सोच और अभिव्यक्ति विकसित करने में भी मदद करती है। अनुभवी निर्णायकों के एक पैनल ने प्रतिभागियों का मूल्यांकन विषय वस्तु, तात्कालिकता, स्पष्टता, शारीरिक भाषा और समग्र प्रभाव के आधार पर किया। सभी प्रतिभागियों की तत्परता और प्रयासों की सराहना की गई। कार्यक्रम का समापन छात्रों, शिक्षकों और आयोजकों के संयुक्त प्रयासों की सराहना करते हुए हुआ, जिन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के सदस्य परमदीप सिंह कालरा तथा विद्यालय प्रबंधक समिति के सदस्य—सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, सरदार सुरेंद्र पाल सिंह चंडोक, सरदार मनमोहन सिंह लांबा, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार गुरदीप सिंह सैनी, सरदार सतिंदर सिंह होरा, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली, सरदार गुरप्रीत सिंह चाना, सरदार रमन बेदी, सरदार करमजीत सिंह जग्गी मौजूद रहे ।

### अपराध गोष्ठी लंबित मामलों का जल्द निष्पादन करें : एसपी

# संगठित आपराधिक गिरोहों और गंभीर अपराध से जुड़े लोगों पर रखें नजर

नवीन मेल संवाददाता



रामगढ़। 10 जुलाई को एसपी अजय कुमार ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय रामगढ़ स्थित सभागार में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया । गोष्ठी के दौरान एसपी ने पुलिस पदाधिकारियों को लंबित कांडों, अतिसंवेदनशील कांडों (हत्या, पोक्सो, आगजनी, नक्सल, अपराधिक, महिला उत्पीड़न, साइबर धोखाधड़ी, एनडीपीएस, लूट, डकैती, गृहभेदन, चोरी आदि ) की समीक्षा की गई । समीक्षा के क्रम में संगठित अपराधिक गिरोह के सक्रिय अपराधकर्मियों / सदस्यों का प्रोफाईल तैयार करने, संवेदनशील कांडों में जेल से बाहर निकले अभियुक्तों एवं उनके जमानतदारों का सत्यापन कर निगरानी रखने/ प्रत्येक दिन थाना/ओपी प्रभारी द्वारा थाना में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों के साथ मॉर्निंग मीटिंग कर टास्किंग करने के लिए निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों का जल्द निष्पादन करें पदाधिकारी ताकि थानों का भार कम किया जाए। साथ ही लंबित सम्मन, वारंट, कुर्की, पासपोर्ट, चरित्र सत्यापन, पीजी पोर्टल, आयोग से संबंधित मामलों, लंबित मालखाना का त्वरित कार्रवाई करते हुए निष्पादित करने, महिला उत्पीड़न (पोक्सो एवं बलात्कार) के मामलों को 2 माह के अन्दर निष्पादन करने, सड़क सुरक्षा से संबंधित उपायों एवं जगरूकता अभियान चलाने, दागियों, गिरोह के सदस्यों का सत्यापन करने, सीसीटीएनएस अन्तर्गत फॉर्म को अद्यतन करने, दुकानदारों से अनुरोध कर धारा-144 सीआरपीसी या 163 बीएनएसएस का उपयोग करते हुए दुकानों के सामने सीसीटीवी लगवाने, हिट एण्ड रन मामलों के पीड़ितों को ससमय मुआवजा दिलवाने, डायल 112 में प्राप्त होने वाले शिकायतों का ससमय निपटारा करने, गिरफ्तार आरोपियों के फिंगर प्रिंट को एनएएफआईएस पर अपडेट करने, साईबर क्राईम, एनडीपीएस एक्ट, महिला सुरक्षा, डायल 112 आदि विषयों पर स्कूल /कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाकर छात्रों को जागरूक करने के लिए निर्देश दिया गया।

## आज बरकट्ठा में परिवार स्वास्थ्य मेला माह परिवार नियोजन पखवाड़ा का होगा उद्घाटन

बरकट्ठा। प्रखंड क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में 11 जुलाई शुक्रवार को परिवार स्वास्थ्य मेला माह, परिवार नियोजन पखवाड़ा उद्घाटन समारोह में भाग लेने हेतु सभी जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं पत्रकार बंधुओ को आमंत्रित किया गया है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रत्ना रानी कुंज ने बैठक कर मेला का भव्य आयोजन और सफल आयोजन को लेकर विचार विमर्श किया। कहा 11 जुलाई 2025 विश्व जनसंख्या दिवस पर मेला का उद्घाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा परिसर में प्रातः 11:00 बजे प्रखंड प्रमुख के द्वारा किया जाएगा।

## पीटीपीएस जनता नगर में एक महिला को जहरीले सांप ने डंसा, सामुदायिक स्वास्थ्य रेफर

पतरातू। बरसात का मौसम आते ही सांप औ बिछु का प्रकाश ज्यादा बढ़ने लगा है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में इस असर ज्यादा देखने को मिल रहा है। घरों में बरसात का पानी घुसने से सांपों का आवाजाही बढ़ जाता है और सोए लोगों को डंस लेता है। गांव में ज्यादातर लोग जमीन में सोते है जो काफी खतरनाक है।

पीटीपीएस जनता नगर आवासीय कॉलोनी में एक महिला नीलम कुमारी को जहरीला सांप ने डंस लिया। जिससे वह महिला घायल हो गई। घटना के बाबत नीलम कुमारी के पति रमाकांत कुमार ने बताया कि उसकी पत्नी अपने आवास परिसर के बागान में भिंडी तोड़ रही थी। इसी दौरान उसकी पत्नी नीलम को जहरीले सांप ने काट लिया। जिसकी जानकारी मिलते ही परिवार में हड़कंप मच गया और आनन-फानन परिजन उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू लेकर गए। जहां मौजूद चिकित्सक अमित तिर्की ने महिला को एंटीडोज देकर उपचार किया गया। उसके बाद बेहतर इलाज के लिए महिला को रिम्स रेफर कर दिया गया।

# गुरु पूर्णिमा पर भाजपा ने किया पहान-पुजारी और शिक्षकों का सम्मान

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी सिमडेगा जिला इकाई ने जिले के सभी मंडलों में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर समाज के अगुवा, पहान, पुजारी और शिक्षकों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। साथ ही सभी को गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएँ दी गईं।मुख्य कार्यक्रम करंगागुड़ी मंदिर में आयोजित हुआ, जहाँ मंदिर के पुजारी महेश्वर दास को भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष राकेश रविकांत प्रधान एवं सुधीर मांझी द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा, आदि गुरु भगवान शिव ने दक्षिणामूर्ति रूप में समस्त ऋषि-मुनियों को ज्ञान प्रदान किया था। उन्हीं की स्मृति में गुरु पूर्णिमा मनाई जाती है।वनदुर्गा मंदिर में भी



सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहाँ भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रणव कुमार, मीडिया प्रभारी रवि गुप्ता, दिनेश प्रसाद एवं बुलेश्वर प्रसाद द्वारा स्थानीय पहान संघ और शिशु मंदिर के गुरुजनों को अंगवस्त्र भेंट किए गए। शिशु मंदिर के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।इस दौरान जिला उपाध्यक्ष प्रणव कुमार ने कहा, सनातन संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोपरि है। गुरु न केवल ज्ञान के स्रोत हैं बल्कि जीवन के अंधकार को दूर कर प्रकाश की ओर ले जाने वाले मार्गदर्शक भी हैं।"इसके अतिरिक्त भाजपा के वरिष्ठ नेता दीपक पुरी, मुकेश श्रीवास्तव, अनूप प्रसाद, तुलसी साहू, अनूप केशरी, सुषमा मिश्रा, माग्रेट बा, अनिरुद्ध सिंह, संभु भगत, हंसा रानी, रवि वर्मा, रामविलास बड़ाईक, संजय ठाकुर, नरेंद्र बड़ाईक, कृष्णा बड़ाईक, बालमुकुंद सिंह, संजय मिश्रा, विशाल नायक, तपेश्वर साहू, रामचंद्र सहाय, मुनेश्वर तिर्की, दिलीप साहू, ओमीन सिंह, घनश्याम केसरी, जयंती देवी, शकुंतला देवी, कृष्ण ठाकुर, अशोक इंदवार, सीताराम प्रसाद, मनिंदर बिंझिया एवं चिंतामणि कुमार समेत कई कार्यकर्ताओं ने विभिन्न मंडलों में शिक्षकों, पुजारियों और परंपरागत गुरुओं को सम्मानित किया।

# मनोहरपुर मार्ग की दुर्दशा से ग्रामीण बेहाल, अधूरी सड़क बनी जानलेवा मजबूरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** बानो प्रखंड मुख्यालय से होकर गुजरने वाली कोलेबिरा–मनोहरपुर मुख्य सड़क की जर्जर स्थिति ने ग्रामीणों की परेशानी बढ़ा दी है। वर्षों से यह मार्ग क्षतिग्रस्त है, और अब तो सड़क को कई जगहों पर उखाड़कर अधूरा छोड़ दिया गया है, जिससे आवागमन में भारी कठिनाई हो रही है।जानकारी के अनुसार लोकसभा चुनाव से पूर्व संवेदक द्वारा सड़क निर्माण कार्य के नाम पर पुरानी सड़क को उखाड़ दिया गया था। लेकिन उसके बाद कार्य को अधूरा छोड़ दिया गया, जिससे यह मार्ग अब और भी बदतर स्थिति में पहुंच चुका है। इस रास्ते से प्रतिदिन हजारों छोटे-बड़े वाहनों का आना-जाना होता है, परंतु गड्ढों से भरी सड़क ने लोगों की जान जोखिम में डाल दी है।स्थानीय लोगों का कहना है कि सांसद, विधायक और केंद्रीय मंत्रीगण इस मार्ग से गुजरते हैं, लेकिन आज तक किसी ने सड़क की दुर्दशा पर ध्यान नहीं दिया। चुनाव के समय किए गए वादे केवल भाषणों तक सीमित रह गए, जबकि वास्तविक धरातल पर कोई कार्य नहीं हुआ।बरसात के मौसम में स्थिति और भी भयावह हो गई है। सड़क के गड्ढों में पानी भरने से दुर्घटनाएं आम हो गई हैं। वहीं, अधूरे पुल निर्माण कार्य ने भी इस मार्ग को और खतरनाक बना दिया है।स्थानीय जनप्रतिनिधियों की चुप्पी और प्रशासन की निष्क्रियता से ग्रामीणों में गहरी नाराजगी है। ग्रामीणों ने बताया कि अब वे सरकार को कोसकर अपनी नाराजगी जाहिर कर रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही।



● गड्ढों और कीचड़ से भरी सड़क से प्रतिदिन हजारों वाहन गुजरते हैं, जिससे जानमाल का खतरा बना हुआ है

## लगातार बारिश से जराकेल गांव में तीन घर ढहे, कई परिवार प्रभावित

**बानो।** प्रखंड अंतर्गत कानारोवां पंचायत के ग्राम जराकेल में लगातार हो रही मूसलधार बारिश के कारण तीन अलग-अलग परिवारों के घरों को भारी नुकसान पहुँचा है। मिट्टी और अल्बेस्टर से बने कच्चे घर बारिश के दबाव में धराशायी हो गए, जिससे प्रभावित परिवारों को रात में ही खुले आसमान के नीचे आना पड़ा।पहली घटना में सरोज देवी, पति भीम बड़ाइक का घर रात के समय गिर गया। बताया गया कि इस मकान में तीन परिवार रहते थे और सरोज देवी अपने बेटे-बेटी के साथ यहीं सो रही थीं। शुक्र रहा कि हादसे के समय सभी सदस्य सुरक्षित बच गए। यह मकान काफी पुराना था और अल्बेस्टर की छत पर निर्भर था, जो तेज बारिश को नहीं झेल पाया। गौरतलब है कि सरोज देवी का नाम प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में दर्ज है और पहली किस्त की राशि भी उनके बैंक खाते में आ चुकी है।दूसरी घटना जराकेल खास निवासी जीतू बड़ाइक के घर की है, जिनका मिट्टी का मकान भी बारिश की वजह से बर्बाद हो गया। घर की छत गिर चुकी है। जीतू बड़ाइक अपनी पत्नी के साथ वहीं रहते थे। उनके पास अब सिर छिपाने की भी जगह नहीं बची है।तीसरी घटना में विष्णु बड़ाइक का गोशाला पूरी तरह से जमींदोज हो गया है। गोशाला में मवेशियों के रहने की जगह थी, जो अब पूरी तरह टूट चुकी है।इन तीनों घटनाओं की जानकारी ग्राम सचिव रामचंद्र बड़ाइक ने तुरंत मुखिया मिनसी लीना तिर्की को दी, जिन्होंने ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचकर क्षति का निरीक्षण किया।ग्रामीणों ने प्रशासन से क्षतिग्रस्त मकानों के पुनर्निर्माण हेतु मदद की मांग की है, ताकि बरसात के इन कठिन दिनों में प्रभावित परिवारों को राहत मिल सके।



## फुटबॉल महाकुंभ का आयोजन, विजेता टीम को मिलेगा 1.20 लाख का पुरस्कार

**बानो।** प्रखंड के हुरदा थाना अंतर्गत अम्बेडकर खेल मैदान में आगामी 6 अगस्त से फुटबॉल महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन जीपी जामताई खेल समिति के तत्वावधान में किया जा रहा है, जिसकी तैयारियाँ ज़ोरों पर हैं।खेल समिति के अध्यक्ष नामजन जोजो ने जानकारी देते हुए बताया कि टूर्नामेंट का उद्घाटन 6 अगस्त को और समापन 8 अगस्त को होगा। प्रतियोगिता में कुल 16 टीमें भाग लेंगी। प्रतिभागी टीमों के लिए एंट्री शुल्क 8000 निर्धारित किया गया है।प्रतियोगिता में विजेता टीम को 1,20,000 तथा उपविजेता टीम को 80,000 का नगद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। टीमों के रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 25 जुलाई निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि इच्छुक टीमें समय रहते अपना पंजीकरण कराकर प्रतियोगिता में भाग लेने की पुष्टि करें।खेल को सफल बनाने में समिति के अन्य सदस्य प्रमोद नाग, बासुदेव साहू, बलभद्र सिंह, हरीश सिंह, मनमसिंह जोजो, मनोज ठाकुर, सुनील नाग, अमृत साहू, बालेश्वर नाग, लक्ष्मण नाग और मोती नाग सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

## राष्ट्रीय मत्स्य दिवस" पर मत्स्य किसानों के बीच जागरुकता कार्यक्रम व बीज वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** 'राष्ट्रीय मत्स्य दिवस' हर वर्ष 10 जुलाई को डॉ. हीरालाल चौधरी की स्मृति में मनाया जाता है। उन्होंने ओडिशा के कटक स्थित केन्द्रीय अंतर्देशीय मत्स्य अनुसंधान संस्थान में भारतीय मेजर कार्प के कृत्रिम प्रजनन में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की थी। यह उपलब्धि भारत में जलीय कृषि के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी मील का पत्थर बनी, जिससे देश की मछली उत्पादन क्षमता में वृद्धि हुई और मछली की बढ़ती मांग को पूरा करने में मदद मिली।इस अवसर पर गुरुवार कोजिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर मत्स्य किसानों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के नौ लाभुकों को भारतीय मेजर कार्प के 1.55 करोड़ स्पॉन का वितरण किया गया। लाभुकों में नेमनू केवट, कंचन देवी, अजय एक्का, शंकर साय मांझी, प्रकाश बाड़ा, अनिल मांझी, रमेश प्रधान, दीपक बड़ाईक एवं बसिन्दर बड़ाईक शामिल हैं। प्रत्येक लाभुक को उनके तालाब क्षेत्रफल एवं आवश्यकता के अनुसार 5 से 20 लाख तक स्पॉन वितरित किए गए।



## बोलबा की सड़कों पर लावारिश गाय-बैल से आम लोग परेशान

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड मुख्यालय स्थित सड़कों पर लावारिश गाय -बैल से आम लोग परेशान। बोलबा प्रखंड मुख्यालय के सडको पर इन दिनों लगभग एक माह से गाय बैल का जमावड़ा लगा होने के कारण आम लोग परेशान है। इससे लोगों को आवागमन में बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोग साईकिल एवं मोटरसाईकिल से गिरकर घायल भी हो रहे है। इन गाय-बैल के मालिकों का कोई आता-पता नहीं है। किसान इस समय खेती- बारी कृषि कार्य कर रहे है। वहीं लवारिश गाय- बैल किसान के खेत का बिचड़ा खा जा रहे है। इन लावारिश गाय - बैल को सडक से हटाने के लिए अब तक जनप्रतिनिधि या प्रखंड प्रशासन की ओर से कोई पहल नहीं किया गया है।

## अधिकारियों ने सुनीं जनता की समस्याएं त्वरित समाधान का आश्वासन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिले में उपायुक्त कंचन सिंह के दिशा-निर्देशन में जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र ने आम जनता की समस्याएं सुनीं। इस दरबार में जिले के शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ सुदूरवर्ती प्रखंडों से भी बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। जनता दरबार में नागरिकों की समस्याएं जैसे राशन, रोजगार, भूमि विवाद, निर्माण कार्य आदेश, व्हीलचेयर जैसी सहायता से जुड़ी कई आवेदन प्रस्तुत किए गए।कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने प्रत्येक व्यक्ति की बात को गंभीरता से सुना और उनके समाधान हेतु त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। विशेष रूप से एक विकलांग व्यक्ति द्वारा व्हीलचेयर की मांग, एक नागरिक द्वारा धुमकुरड़िया भवन निर्माण हेतु कार्य आदेश की मांग, तथा अन्य द्वारा राशन कटौती, लगन रसीद निर्गत, और अवैध जमीन बिक्री को रद्द करने जैसी समस्याएं रखी गईं।समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देशित कर आवेदन अग्रसारित किया गया, ताकि लोगों को शीघ्र राहत मिल सके। जनता दरबार के माध्यम से आमजन को एक मंच प्राप्त हुआ, जहां वे अपनी बात अधिकारियों के समक्ष रख सके। इस पहल से शासन-प्रशासन और जनता के बीच विश्वास एवं संवाद को मजबूती मिली है।



# न्यूज बॉक्स

## वाहन चेकिंग में ड्राइवरों को किया गया जागरूक, 88,000 का जुर्माना वसूला गया



**ठेठईटांगर।** जिला परिवहन पदाधिकारी संजय कुमार बखला के निर्देश पर ठेठईटांगर थाना क्षेत्र में सड़क सुरक्षा अभियान के तहत विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। दोपहर 3:30 बजे से 5:30 बजे तक चले इस अभियान में 20–22 वाहन चालकों को रोककर सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गई और आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई।वाहन चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट, बीमा, लाइसेंस, प्रदूषण प्रमाणपत्र और वाहन कागजात के पकड़े गए चालकों से कुल 88,000 का जुर्माना वसूला गया। सड़क सुरक्षा टीम द्वारा मौके पर उपस्थित चालकों को हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व को लेकर रोड सेफ्टी काउंसलिंग भी दी गई।जानकारी के अनुसार, बिना हेलमेट 1000, बिना लाइसेंस 5000, बीमा रहित वाहन 2000, प्रदूषण प्रमाणपत्र न होने पर 1000 तथा वाहन के स्वामित्व दस्तावेज न होने पर 5000 का जुर्माना निर्धारित है।प्रशासन ने वाहन चालकों से अनुरोध किया है कि यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करें। रहें सुरक्षित - रखें सुरक्षित" संदेश के साथ यह अभियान संपन्न हुआ।

## सेवा का अधिकार अधिनियम तथा सूचना अधिकार अधिनियम को लेकर हुई एक दिवसीय कार्यशाला



**सिमडेगा।** उपायुक्त, सिमडेगा के निर्देशानुसार समाहरणालय सभागार में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता अपर समाहर्ता, सिमडेगा ज्ञानेन्द्र ने की। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सेवा का अधिकार अधिनियम 2011 एवं सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 से संबंधित जानकारी देना एवं इसके प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा करना था। इस अवसर पर जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला में सेवा का अधिकार अधिनियम में सेवा देने की अवधि,सेवा के प्रकार,समय पर सेवा नहीं देने पर की जाने वाली कार्रवाई,शस्तियाँ की जानकारी दी गई। सेवा के अधिकार एवं सूचना के अधिकार की धाराओं, नागरिकों के अधिकारों तथा अधिकारियों की जिम्मेदारियों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। प्रतिभागियों को अधिनियम के प्रावधानों की व्याख्या करते हुए उनके बेहतर कार्यान्वयन हेतु मार्गदर्शन किया गया।सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 में सूचना देने की अवधि,सूचना पाने के नियम ,सूचना के अधिकारी,उसके प्रथम अपीलीय अधिकारी के सूचना देने की अवधि तथा द्वितीय अपीलीय अधिकारी तथा उसके नयम व अवधि की चर्चा की गई।मौके पर जिला पंचायती राज पदाधिकारी दयानंद कार्जी, जिला कृषि पदाधिकारी मुनेंद्र दास, उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार महतो अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात रंजन ज्ञानी, परिवहन पदाधिकारी संजय बखला,सहित अन्य पदाधिकारी गण, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी उपस्थित रहे।

## समसेरा चर्च परिसर में विधायक भूषण बाड़ा ने लगवाया सीसीटीवी

**बोलबा।** सुरक्षा की दृष्टि से सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने एक अहम कदम उठाते हुए समसेरा चर्च परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगवाए। बता दें कि बीते दिनों चर्च परिसर में लूटपाट और डकैती की घटनाओं ने इलाके में दहशत का माहौल बना दिया था। इस घटना से आहत होकर विधायक भूषण बाड़ा ने न केवल चर्च प्रशासन को भरोसा दिलाया। बल्कि अपने निजी प्रयासों और संसाधनों से चर्च परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाने की व्यवस्था करवाई। विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि चर्च समेत सभी धार्मिक स्थलों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे बेहद जरूरी हैं। इससे लोगों में सुरक्षा का भरोसा बढ़ेगा और असामाजिक तत्वों पर भी लगाम लगेगी। चर्च के लोगों एवं स्थानीय लोगों ने विधायक के इस पहल की सराहना की है। चर्च प्रबंधन ने कहा कि इस सुरक्षा उपाय से लोग अब अधिक सुरक्षित महसूस करेंगे और किसी भी आपात स्थिति में फुटेज की मदद ली जा सकेगी।



## बीआरसी कोलेबिरा में संयोजिका सह रसोईया का एक दिवसीय प्रशिक्षण



**कोलेबिरा।** प्रखण्ड के बीआरसी कार्यालय में प्रखंड स्तर पर 9 संकुल के दो दो संयोजिका सह रसोईया का एक दिवसीय प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर बीपीओ कोलेबिरा नीलिमा कुजूर के द्वारा दिया गया।प्रशिक्षण शिविर में बीपीओ नीलिमा कुजूर ने प्रशिक्षण का उद्देश्य बताते हुए कहा कि मध्यान्ह भोजन तैयार करने में स्वच्छता और सुरक्षा तरीकों पर प्रशिक्षण करना।पोषण मूल्यों,स्थानीय पोषक तत्वों और पोषण वाटिका के उपयोग के बारे में जागरूकता बढ़ाना।स्थानीय रूप से उपलब्ध सामग्री का उपयोग करके मेनू में विविधता लाने के तरीकों से अवगत करना।सूखे और गीले कचरे के लिए अलग-अलग डस्टबिन के उपयोग सहित अपशिष्ट प्रबंधन तरीको की जानकारी एवं उपयोग से अवगत करना।किचेन-सह-स्टोर कक्ष का उपयोग एवं रखरखाव के महत्व को समझना।पोषण वाटिका का निर्माण,उपयोग एवं रखरखाव के महत्व को समझना।साथ ही सभी रसोईया गण पी० एम० पोषण योजना प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत मेनू के आधार पर भोजन बच्चों को दें।प्रशिक्षण कार्यक्रम में एमडीएम प्रभारी गोविंद सिंह, सभी सीआरपी,बीआरपी, संकुल स्तर के सभी मास्टर ट्रेनर एवं सभी संयोजिका व रसोईया गण शामिल रहे।

# मुहर्रम जुलूस में हथियार लहराने का वीडियो वायरल, पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई

**नवीन नेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** मुहर्रम जुलूस के समापन के बाद एक युवक द्वारा कथित हथियार लहराते हुए सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो ने प्रशासन को चौकन्ना कर दिया। मामले को गंभीरता से लेते हुए सिमडेगा पुलिस ने त्वरित जांच शुरू की और आरोपी युवक के विरुद्ध कार्रवाई की है।पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि वायरल वीडियो पुलिस तक भी पहुंचा था, जिसमें युवक द्वारा पिस्टल जैसे हथियार को लहराते देखा गया। प्रारंभिक जांच में हथियार असली प्रतीत हुआ, जिसके बाद पुलिस ने युवक के आवास पर छापेमारी की।छापेमारी के दौरान पुलिस को पिस्टल जैसा दिखने वाला एक लाइटर बरामद हुआ, जिसे युवक ने सार्वजनिक स्थल पर लहराया था। एसपी के अनुसार, युवक आबिद पूर्व में भी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा है, इसी आधार पर पुलिस ने उसके और उसके पिता के खिलाफ दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 107 के तहत मामला दर्ज किया है। इसके अतिरिक्त अन्य कानूनी पहलुओं की भी जांच की जा रही है।एसपी ने स्पष्ट रूप से कहा कि, "किसी भी सार्वजनिक स्थान पर हथियार जैसा कोई भी वस्तु लहराना गैरकानूनी और अनुशासनहीन कार्य है। इससे समाज में भय और भ्रम की स्थिति उत्पन्न होती है। जब मीडिया द्वारा आबिद के ऊपर पूर्व में एक व्यवसाय पर की गई फायरिंग की घटना और उसमें असली हथियार की बरामदगी न होने के बारे में सवाल किया गया, तो एसपी ने बताया कि उस मामले की भी पुलिस जांच जारी है।

# कुरडेग : बिजली के करंट से युवक की मौत,परिजनों मे शोक

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुरडेग।** थाना क्षेत्र के गड़ियाजोर बस्ती में बीती रात्री लगभग 10:00 बजे एक युवक की ट्रांसफार्मर में फ्युज बाँधने के क्रम में मौत हो गई । युवक की पहचान अंशु कुमार 20 वर्ष पिता बाल किशुन साहु निवासी गड़ियाजोर के रूप में हुई । प्राप्त जानकारी के अनुसार बाती रात गाँव में जन्म दिन मनाया जा रहा था इसी बीच बिजली कट गई । काफी देर तक बिजली नहीं मिलने पर मृतक अंशु कुमार ट्रांसफार्मर के नजदीक गया तब देखा कि फ्युज कट गया है । फ्युज बाँधने के लिए ट्रांसफार्मर पर बैठ कर फ्युज बाँध रहा था इसी बीच बिजली आ गई जिससे करंट लगते ही ट्रांसफार्मर पर ही युवक की मौत हो गई । ग्रामीणों ने बताया कि पहले भी मृतक बिजली का फ्युज बाँधा करता था । गौरतलब हो मृतक बसंत नामक यात्री बस में खलासी का काम कर जीविका चलता था । इधर घटना की सुचना रात में ग्रामीणों द्वारा कुरडेग पुलिस को दी गई । सुचना मिलते ही थाना प्रभारी संजीत कुमार दल बल के साथ घटना स्थल पहुंच कर शव अपने कब्जे में करते हुए आवश्यक कानूनी प्रक्रिया में जुट गये । वहीं गुरुवार को शव पोस्टमार्टम के लिये सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया गया।

**गुरु पूर्णिमा** | विवेकानंद शिशु-विद्या मंदिर लचरागढ़ में गुरु पूर्णिमा उत्सव श्रद्धा के साथ हुआ समापन

# राज्यों की पारंपरिक विभिन्न वेशभूषा में छात्राओं ने लिया भाग

● छात्रों ने वेदव्यास को समर्पित होकर दंडवत प्रणाम किया और आशीर्वाद प्राप्त किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** विवेकानंद शिशु-विद्या मंदिर उच्च विद्यालय, लचरागढ़ में गुरु पूर्णिमा उत्सव श्रद्धा, उल्लास और भक्ति-भाव से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र साहू द्वारा सरस्वती माता, सृष्टि का गर्भस्थल "ॐ", भारत माता और महर्षि वेदव्यास के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण कर किया गया। इसके पश्चात विद्यालय के सभी छात्रों एवं छात्राओं ने महर्षि वेदव्यास को समर्पण कर दंडवत प्रणाम किया और आशीर्वाद प्राप्त किया।विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं ने घूम-घूम कर अपने गुरुओं को गुरु दक्षिणा स्वरूप खीर, खीर-पूड़ी, मिष्ठान और लेखनी प्रदान की। कई पूर्व छात्र भी इस अवसर पर विद्यालय पहुँचे और गुरुओं को लेखनी, रुमाल एवं मिष्ठान भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही, अभिभावकों ने भी इस पावन अवसर पर गुरुओं को लेखनी, रुमाल और भोजन कराकर सम्मान प्रकट किया।विद्यालय समिति के अभिभावक प्रतिनिधि राजकुमार साहू द्वारा सभी शिक्षकों और शिक्षिकाओं को कुर्ता-पायजामा और साड़ी समर्पित की गई। विद्यालय परिवार की ओर से उनका आभार प्रकट किया गया।कार्यक्रम के दौरान कक्षा सह रूप-सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। छात्राओं ने विभिन्न राज्यों की पारंपरिक वेशभूषा में भाग लियाकक्षा 10 से पंजाबी, 9वीं से असमिया, 8वीं से छत्तीसगढ़ी, 7वीं से ओड़िशी और 6वीं से झारखंडी वेशभूषा में प्रस्तुतियाँ दीं। वहीं छात्रों ने कक्षा 10 से किसान, 9वीं से महर्षियों, 8वीं से झारखंड के वीर पुरुष, 7वीं से ओड़िया पारंपरिक परिधान और 6वीं कक्षा से संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की रूप-सज्जा प्रस्तुत की।अंत में प्रधानाचार्य ने गुरु पूर्णिमा के ऐतिहासिक, धार्मिक और सामाजिक महत्व पर विस्तृत प्रकाश डाला और छात्रों को जीवन में गुरु के मार्गदर्शन के प्रति कृतज्ञ रहने की प्रेरणा दी।



## सलडेगा में गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया गया

**सिमडेगा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, सलडेगा में गुरुवार को गुरु पूर्णिमा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भारत माता, ओम् एवं सरस्वती माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पित कर किया गया।उत्सव के मुख्य वक्ता ने गुरु की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु का स्थान संसार में सर्वोपरि है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने शिक्षकों से प्रेरणा लेकर जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।इस अवसर पर कन्या भारती की ओर से स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया और मुख्य अतिथि तथा विद्यालय प्रमुख को शुभकामना पत्र भेंट किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, नृत्य और शिक्षाप्रद नाटक प्रस्तुत किए गए, जिन्हें सभी ने सराहा। महर्षि वेदव्यास की तस्वीर के समक्ष सभी ने गुरु दक्षिणा समर्पित कर श्रद्धा व्यक्त की।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की छात्राओं ने किया। आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकों, शिक्षिकाओं, किशोर भारती, कन्या भारती तथा प्रबंधन समिति के सदस्यों का अहम योगदान रहा।

## साहूबेड़ा मोड़ पर बाइक सवार युवक घायल, सीएचसी बानो में भर्ती

**बानो।** प्रखंड क्षेत्र के साहूबेड़ा मोड़ के पास एक युवक मोटरसाइकिल से असंतुलित होकर गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान डुमइरता गांव निवासी अमृत तोपनो के रूप में हुई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार अमृत तोपनो बानो प्रखंड के हुरपी गांव स्थित अपने ससुराल आया हुआ था। वापस लौटने के क्रम में साहूबेड़ा के समीप तीखे मोड़ पर उसका मोटरसाइकिल से नियंत्रण हट गया और वह सड़क पर गिर पड़ा। गिरने से युवक के चेहरे, हाथ और पैरों में गंभीर चोटें आईं। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की सहायता से 108 एंबुलेंस के माध्यम से अमृत को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो लाया गया, जहां चिकित्सा प्रभारी डॉ. मनोरंजन कुमार ने प्राथमिक उपचार किया।

### 15 दिनों से अंधेरे में रह रहे ग्रामीण बैठे धरने पर

# एसडीओ ने लोगों को शीघ्र ट्रांसफर्मर उपलब्ध कराने का दिया आश्वासन

नवीन मेल संवाददाता



**तिसरी (गिरिडीह)।** गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड अंतर्गत तिसरी पंचायत के ही रतनगडुरा गांव में ट्रांसफर्मर खराब हो जाने के कारण लोग 15 दिनों से अंधेरे में गुजर बसर कर रहे हैं। यहां के लोग ढ़िबरी और मोमबत्ती के सहारे रात बिताते हैं। विद्युत विभाग से बार-बार अर्जी लगाने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं होने पर गुरुवार को गांव की महिला व पुरुष तिसरी के विधुत सब स्टेशन में धरने पर बैठ गए। हालांकि मौके पर उपस्थित विभाग के एसडीओ प्रदीप कुमार ने तुरंत लोगों को समझाया और शनिवार तक ट्रांसफर्मर उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। जिसके बाद लोग माने और उठकर अपने घर गए, लेकिन जाते-जाते उन्होंने इस बार ट्रांसफार्मर नहीं लगने पर उग्र आंदोलन की भी चेतावनी दी। बताया गया कि रतनगडुरा गांव में दो ट्रांसफर्मर थे जिसमें से एक ट्रांसफर्मर बीते 1 साल से खराब है जबकि दूसरा भी 15 दिनों से खराब पड़ा हुआ है। जिसके कारण गांव के 120 परिवार अंधेरे में रात बिताने को विवश हैं। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने अबतक 3 बार विभाग को लिखित आवेदन देकर ट्रांसफर्मर लगवाने की अर्जी लगाई है लेकिन अबतक विभाग ने इसपर कोई पहल नहीं किया।

## भिलाई पहाड़ी के पास महालक्ष्मी बस पलटी, बड़ा हादसा टला



**पूर्वी सिंहभूम।** गुरुवार तड़के एनएच-33 पर उस समय हड़कंप मच गया जब ओडिशा से रांची जा रही महालक्ष्मी बस भिलाई पहाड़ी के पास अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। बस पलटते ही यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। हादसे की आवाज सुनकर स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकाल कर एम्बुलेंस की मदद से एमजीएम अस्पताल भिजवाया। थाना प्रभारी सचिन दास ने बताया कि सभी यात्रियों का प्राथमिक उपचार कर दिया गया है और किसी को गंभीर चोट नहीं आई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बस चालक को नींद आ रही थी, आंख झपकने की वजह से वाहन का नियंत्रण खो बैठा। घटना के बाद कुछ देर तक सड़क पर यातायात बाधित रहा।

## न्यूज बॉक्स

### विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के निमित्त प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**डुमरी।** 33-डुमरी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के प्रखंड डुमरी अंतर्गत सभी बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षक हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जो दिनाँक 09-07-2025 से 12-07-2025 तक निर्धारित किया गया है। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में मतदान केंद्र संख्या- 1 से 50, 51-100, 101-150 एवं 151 से 199 तक के बीएलओ एवं उनके पर्यवेक्षक के साथ बैच वार शेड्यूल तैयार किया गया है जो प्रतिदिन प्रातः 9:00 बजे से संध्या 6:00 बजे तक चलाया जायेगा। आज दिनाँक 10-07-2025 को दूसरा दिवस प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें मतदान केंद्र संख्या 51 से 100 तक के सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजर उपस्थित हुए। सभी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उक्त प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर इंद्रजीत महतो, सुजीत कुमार पाठक एवं अमित कुमार सिन्हा के द्वारा दिया गया।

### प्रवासी मजदूर का मुंबई में निधन, परिजनों का रो रोकर बुरा हाल



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के बाराटांड(कल्हाबाद) निवासी अशोक यादव पिता बबुनी यादव मुंबई में रहकर गाड़ी चलाने का कार्य करता था ।वहीं अचानक तबियत बिगड़ने से बुधवार रात्रि में देहांत हो गया ।जिसके बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है ।विदित हो कि मृतक 8 तारीख को गाड़ी चला कर घर वापस लौटा तो तबीयत खराब हो गई जिसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती किया गया तत्पश्चात 9 जुलाई की रात 11 बजे उसकी मौत हो गई। जिसकी सूचना पर गुरुवार दोपहर 3:00 बजे झारखंडी एकता संघ के राष्ट्रीय सचिव विनोद प्रसाद संघ के लोगों से सहयोग लेकर मृतक के शव को हवाई जहाज से भिजवा की सूचना प्राप्त हो रही है।

### नगर निगम में शामिल तो किया गया पर सुविधा अब भी गांववाली

**हजारीबाग ।** कोर्रा चौक के समीप स्थित न्यू कॉलोनी जबरा में रहने वाले करीब 2000 परिवार आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। यह कॉलोनी नगर निगम क्षेत्र में आती है, लेकिन सड़क और नाली जैसी मूलभूत सुविधाएं अब तक नहीं बन पाई हैं। यहां के लोग बरसात के दिनों में कीचड़ और जलजमाव से जूझते हैं तो गर्मी के दिनों में उड़ती धूल उनके लिए परेशानी बन जाती है। हालत ऐसी है कि घर से निकलते ही लोगों को कीचड़, गंदगी और बदबू का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब कॉलोनी बसाई गई थी तब उम्मीद थी कि यहां बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, लेकिन अब उन्हें लगने लगा है कि उन्होंने गलती कर दी ।बरसात के मौसम में कच्चा रास्ता दलदल में बदल जाता है और लोगों को गंदे पानी और कीचड़ से होकर गुजरना पड़ता है।

## गोद ली हुई बच्ची के लिए दर-दर की ठोकरें खा रही पिंकी



**पूर्वी सिंहभूम।** सोनारी की रहने वाली पिंकी देवी अपनी गोद ली हुई बेटी को बचाने के लिए गुरुवार को उपायुक्त कार्यालय के बाहर रोती-बिलखती नजर आईं। उन्होंने अपने पति बाल कृष्ण के साथ उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई। पिंकी ने बताया कि 2019 में उनकी छोटी बहन रश्मी सिंह ने बेटी सान्वी राज को जन्म दिया था। जन्म के बाद से ही उसके पिता संजीत सिंह ने बच्ची को स्वीकार नहीं किया। बच्ची कुपोषित थी और उसके शरीर पर घाव बन गए थे। तब रश्मी ने पिंकी से गुहार लगाई थी कि वे इस बच्ची को अपने पास रख लें, नहीं तो उसका पति उसे मार देगा। परिवार की सहमति से पिंकी और उनके पति ने बच्ची को गोद ले लिया और तभी से उसे अपनी बेटी की तरह पाल रही हैं। लेकिन पिंकी का आरोप है कि कुछ दिन पहले उनकी बहन और बहनोई ने उनसे कार के लिए 10 लाख रुपये मांगे। इंकार करने पर उन्होंने बच्ची को छीनने की धमकी दी। पिंकी ने बताया कि उनकी बहन ने कदमा थाना में झूठी शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद बीती रात बच्ची को जबरन रुपनगर के आश्रम में भेज दिया गया। पिंकी का कहना है, "जब वह दो महीने की थी, तब से मैंने उसे सीने से लगाया। अब वही बच्ची मुझसे छीन ली गई है। उसके बिना मैं जी नहीं सकती।

### पतंजलि हरिद्वार की बरही इकाई ने मनाया गुरु पूर्णिमा

# नियमित योग में असाध्य रोग ठीक करने की है क्षमता : योगाचार्य

नवीन मेल संवाददाता



**बरही।** एपीजे कलाम पार्क में पतंजलि हरिद्वार की बरही इकाई के योग साधकों, योग शिक्षकों योग गुरु अनिल मिश्रा ने गुरु पूर्णिमा मनाया. कार्यक्रम की शुरुआत ॐ कार ध्वनि से हुई. इसके बाद योगाचार्य, योग शिक्षक सहित कार्यक्रम में उपस्थित योग साधकों ने महर्षि पतंजलि के चित्र पर पुष्पार्चन कर उन्हे नमन किया किया. मौके पर योगसाधकों ने योगाचार्य सहित योग शिक्षको को पतंजलि का पट्टा पहनाकर सम्मानित किया.

योगाचार्य श्री मिश्रा ने गुरु पूर्णिमा की महिमा की चर्चा करते हुए इस दिन को गुरु के लिए समर्पित बताया. उन्होंने कहा कि तमसो मा ज्योतिर्गमय के पाठ पढ़ाने वाले गुरु हीं एक मात्र सख्श हैं जो हर वक्त अपने शिष्य की विजय की कामना करते है. चाहे शिष्य जिस भी परिस्थिति में क्यों न हो ? इतिहास इसके साक्षी हैं. उन्होंने यह भी कहा कि गुरु ज्ञान व आशीष के बिना सब सुन्न है. योगी की महत्ता बताते हुए उन्होंने सभी लोगों को नियमित योग करने की सलाह दिया साथ हीं योग की कई कलाओं की भी जानकारी दिया. उन्होंने बताया कि योग गंभीर बीमारियों के लिए भी अचूक दवा है. उन्होंने यह भी बताया कि योग कला के माध्यम से हीं उन्होंने रसोईया धमना, जरहिया आदि में लकवा के मरीज को ठीक करने का प्रयास किया है. इस अवसर पर उन्होंने आम लोगों से नियमित योग करने और उनके निशुल्क योग कक्षा से जुड़ने का अपील किया है. कार्यक्रम में मनोज केसरी, राजकुमार यादव, सहयोग शिक्षक दीपक सोनी, दीपक गुप्ता, रवि गुप्ता, राजकुमार यादव, अमित कुमार गौरव उर्फ पमपम, रवि गुप्ता, रंजीत केसरी, दिलीप केशरी, जालंधर माली, मनोज राणा, संतोष केसरी आदि मौजूद थे. ज्ञात हो कि योगाचार्य श्री मिश्रा पिछले 11 वर्ष से बरही में निःशुल्क योग की शिक्षा दे रहे हैं.

### सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष के घर लाखों की चोरी

# घटना को अंजाम नशेबाज और जुआरी युवक ने दिया है : राज सिंह

नवीन मेल संवाददाता



**बरही ।** बीते रात न्यु रेलवे कॉलोनी के वीर कुंवर सिंह मार्ग पर स्थित सद्भावना विकास के अध्यक्ष राज सिंह चौहान के घर का ताला तोड़कर चोरी की घटना का अंजाम दिया है. श्री चौहान ने बताया कि बीते रात्रि वेलोग पड़ोस में एक कार्यक्रम में गए हुए थे. घर पर सिर्फ उनके बीमार व वृद्ध पिता थे. इसी दौरान चोरों ने घर के मुख्य दरवाजे के ग्रिल का ताला तोड़ घर में घर में रखे एक गोदरेज सहित कई कीमती समान तहस नहस कर दिया. इसी क्रम में घर में होने वाले आवाज की आहत उनके पिता को लगी. वृद्धावस्था व बीमारी के कारण उन्हे चलने मे परेशानी हो रही थी, फोन से उन्हे इसकी सूचना दी गई . सूचना मिलते ही वेलोग पार्टी छोड़ कर वापस घर पहुंचे और सारी स्थिति से अवगत हुए. तब तक चोर पीछे की चहारदीवारी फांदकर भाग गया था. इसकी सूचना तत्काल उन्होंने पुलिस को दिया. मौके पर पुलिस पहुंचकर जानकारी लिया है. इस वारदात में उन्होंने 2 भर के सोने का हार, कुछ बहुमूल्य समान सहित दो लाख 15 हजार रुपए नकद की चोरी होने की जानकारी दी है. विधायक ने लिया जायजा : घटना की जानकारी होते ही स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव श्री चौहान के घर पहुंचकर जायजा लिया.

## जिसके जीवन में गुरु नहीं, उसका जीवन शुरू नहीं: स्वामी लक्ष्मण महाराज

**खूंटी।** महर्षि मेंहीं आश्रम मलियादा और शबरी कुटिया शांतिपुरी मुरहू में गुरुवार को गुरु पूर्णिमा धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में सत्संगियों ने सद्गुरुदेव के चित्र पर माल्यार्पण -पुष्पांजलि अर्पित की। मौके पर स्वामी लक्ष्मण महाराज ने कहा कि जिसके जीवन में गुरु नहीं, उसका जीवन शुरू नहीं। गुरु ही जीवन के अंधकार को दूर कर प्रकाश भरते हैं। गुरु शिक्षा के साथ-साथ जीवन के उद्धार की बात बताते हैं। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा महर्षि वेदव्यास की जयंती के रूप में भी मनाई जाती है। वेदव्यास ने वेदों का संकलन और विभाजन कर मानवता को ज्ञान का मार्ग बताया। सद्गुरु महर्षि में ही परमहंस जी महाराज ने सत्संग और ध्यान का मार्ग बताकर हमें इस मानव जीवन के कल्याण की युक्ति बताई है। स्वामी वैष्णवानंदजी महाराज ने कहा कि गुरु इहलोक-परलोक दोनों को सुधारने का मार्ग बतलाते हैं। महर्षि वेदव्यास जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि वेदव्यास ने महाभारत, पुराणों आदि ग्रंथों की रचना की, और जगत में सच्चे ज्ञान ज्ञान का प्रसार किया। इस मौके पर लोदरो बाबा, मुरलीधर बाबा, दिगंबर बाबा सहित ने भी गुरु पूर्णिमा पर प्रवचन में जीवन में सद्गुरु की अनिवार्यता पर बल दिया। इस अवसर पर डॉ डीएन तिवारी, राम हरि साव, डॉ रमेश वर्मा, मुचीराय मुंडा, कांडे मुंडा, चमरा मुंडा, सुखराम मुंडा, विष्णु मुंडा, सूरजमल प्रसाद सहित अन्य उपस्थित थे।

### बुक स्टोर से चोरों ने उड़ाए 20 हजार रुपए, व्यापारियों में आक्रोश

पूर्वी सिंहभूम। परसुडीह थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। बुधवार रात त्रिवेणी टावर चौक स्थित एक बुक स्टोर को निशाना बनाकर चोरों ने 20 हजार रुपये उड़ा लिए। घटना से क्षेत्र के दुकानदारों में दहशत और आक्रोश का माहौल है। घटना परसुडीह थाना क्षेत्र के त्रिवेणी टावर चौक स्थित बुक स्टोर की है। अज्ञात चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर उसमें रखे करीब 20 हजार रुपये नगद चुरा लिए। गुरुवार सुबह में जब दुकानदार अजय कुमार दुकान खोलने पहुंचे तो उन्होंने देखा कि शटर का ताला टूटा हुआ है। अंदर जाने पर गल्ले से नगदी गायब थी। घटना की सूचना तत्काल परसुडीह थाना को दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस दुकान और आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि चोरों का जल्द से जल्द पता लगाया जा सके। इस घटना पर व्यापारियों का कहना है कि लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से वे भयभीत हैं और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने आश्वस्त किया है कि जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### आयोग की अध्यक्ष ने की अधिकारियों के साथ बैठक

**हजारीबाग।** प्रभारी अध्यक्ष सह सदस्य, झारखंड राज्य खाद्य आयोग शबनम परवीन का आज हजारीबाग जिले का भ्रमण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस दौरान उन्होंने परिसदन भवन में एक समीक्षा बैठक की। जिसमें अपर समाहर्ता संतोष कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुधीर कुमार एवं सभी प्रखंडों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में झारखंड आकस्मिक खाद्यान्न कोष के आवंटन, पंचायत/नगर निकाय स्तर पर उपलब्ध राशि, व्यय की स्थिति, एवं लाभान्वित लाभुकों से संबंधित प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। कहा कि राशनकार्ड बनाने में किसी योग्य लाभुक को कोई परेशानी हो रही हो, तो उसकी जानकारी आयोग को अविलंब दी जाए।

### विधायक संग डीएफओ व डीवीसी की टीम पहुंची श्रीनगर लिया जायजा

# जमीन का डी नोटिफिकेशन कर भारत सरकार को शीघ्र सौंपी जाएगी रिपोर्ट : टीम

नवीन मेल संवाददाता

- **विधायक ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि मालिकाना हक दिलाना उनकी पहली प्राथमिकता है. इसके लिए वह प्रशासन और डीवीसी से हर स्तर पर समन्वय स्थापित कर हर संभव सकारात्मक कदम उठाने का प्रयास किया जायेगा**



**बरही ।** तिलैया डैम के विस्थापितों के लिए राहत भरी खबर है कि कोलकाता डीवीसी की टीम विस्थापित गांव का सर्वे प्रारंभ कर दिया है. गुरुवार को डीएफओ मौन प्रकाश, डीवीसी की टीम स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव साथ क्षेत्र के निरीक्षण के लिए विस्थापित गांव पहुंचे. क्षेत्र का निरीक्षण कर ग्रामीणों से विस्थापन संबधित पूरी जानकारी लिया. विधायक ने निरीक्षण दल को तिलैया डैम के विस्थापितों की पूरी दास्तान बताई. उन्होंने बताया कि 1956 से सभी विस्थापित यहां के मूल निवासी होने के बाबजूद भी आवासीय व जाति प्रमाण पत्र के अभाव में सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे हैं. लगान निर्धारण नहीं होने के कारण कृषि लोन या अन्य सुविधाओं से वंचित हैं. यह सभी विस्थापित 70 वर्ष पूर्व हड़ाही गांव से विस्थपित होकर श्रीनगर में बसे हैं. निरीक्षण दल से सर्वे का काम अतिशीघ्र पूरा कर पात्र लोगों को मालिकाना हक देने की मांग किया है. निरीक्षण टीम ने विधायक को विधि सम्मत कार्रवाई करने का आश्वासन दिया. डीएफओ ने कहा कि शीघ्र ही विधिसम्मत जमीन का डिनोटीफिकेशन कर आगे की प्रक्रिया के लिए भारत सरकार के पास भेजा जाएगा. विधायक ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि मालिकाना हक दिलाना उनकी पहली प्राथमिकता है. इसके लिए वह प्रशासन और डीवीसी से हर स्तर पर समन्वय स्थापित कर हर संभव सकारात्मक कदम उठाने का प्रयास किया जायेगा. इस दौरान उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, मुखिया मोतीलाल चौधरी, फोरेस्टर अमर आनंद सरस्वती, विस्थापित परिवारों की ओर से अध्यक्ष अर्जुन यादव, बासुदेव यादव, इंद्रदेव यादव, सुधाकर यादव, विजय गुप्ता, सुकर राम, चेतो रविदास, महमूद अंसारी, तेजन मियां, कार्तिक भुइयां, सरयू ठाकुर, रामचन्द्र ठाकुर, कृष्ण यादव, रमजान मियां आदि कई ग्रामीण मौजूद थे.

### बादेया गांव में बनेगा नेतरहाट जैसा कोल्हान आवासीय विद्यालय

**पश्चिम सिंहभूम)।** खूंटपानी प्रखंड अंतर्गत बादेया गांव में कोल्हान आवासीय विद्यालय निर्माण का मार्ग गुरुवार को प्रशस्त हो गया। लंबे समय से चल रहे ग्रामीणों के विरोध के बावजूद डीसी चंदन कुमार के सख्त रवैये के कारण प्रशासन को सफलता मिली। पहले डीसी अनन्य मित्तल के कार्यकाल में मानकी, मुंडा और ग्रामीणों के उग्र विरोध से निर्माण कार्य ठप था, लेकिन डीसी चंदन कुमार के आने के बाद विरोध कमजोर पड़ गया। करीब 13 एकड़ सरकारी परती भूमि (थाना संख्या 49, खाता संख्या 01) पर यह स्कूल बनेगा। प्रस्ताव के अनुसार स्कूल भवन, प्रशासनिक भवन, प्ले ग्राउंड, बास्केटबॉल कोर्ट, होस्टल, गार्डेन, पार्किंग, कंप्यूटर कक्ष, ध्यान योग सेंटर और ऑडिटोरियम बनाए जाएंगे। यह विद्यालय नेतरहाट आवासीय विद्यालय और इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय की तर्ज पर होगा। पढ़ाई, खानपान और शैक्षणिक वातावरण भी नेतरहाट के स्तर का होगा। पहले इसका निर्माण मोजोडिम्बा गांव में प्रस्तावित था।


## जिला पशुपालन पदाधिकारी, कोडरमा

**—:आम सूचना:—**

"दो दिवसीय विशेष पशुचिकित्सा शिविर का आयोजन"

पशुओं होने वाले संक्रामक एवं अन्य बिमारियों की चिकित्सा व्यवस्था सूनिश्चित करने तथा पशुपालकों में जागरूकता लाने के लिए विभाग द्वारा दो दिवसीय (पंचायत स्तरीय) विशेष पशुचिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी सूची निम्नवत है।

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | पचांयत | | षिविर स्थल का नाम | दिनांक | पषुचिकित्सक / कर्मचारी का नाम एवं पदनाम | मो0 नं0 | अभि0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जयनगर | 1 | जयनगर पष्चिमी | पचांयत भवन | 16.07.25 17.07.25 | 1. डॉ0 तीन्नी एक्का, भ्रमणषील पषुचिकित्सा पदाधिकारी, जयनगर। 2. श्री विषुन महतो (रात्रि प्रहरी) | 9931742693 | |
| | जयनगर | 2 | सतडीहा | पचांयत भवन | 18.07.25 19.07.25 | | | |
| | जयनगर | 3 | योगियाटिल्हा | पचांयत भवन | 21.07.25 22.07.25 | | | |
| | जयनगर | 4 | पिपचो | पचांयत भवन | 23.07.25 24.07.25 | | | |
| | जयनगर | 5 | बेको | पचांयत भवन | 25.07.25 26.07.25 | | | |
| | जयनगर | 6 | खरियोडीह | पचांयत भवन | 28.07.25 29.07.25 | | | |
| | जयनगर | 7 | तेतरोन | पचांयत भवन | 30.07.25 31.07.25 | | | |
| 2 | सतगावाँ | 8 | षिवपुर | पचांयत भवन | 17.07.25 18.07.25 | 1 डॉ0 रविकान्त, प्रखण्ड पषुपालन पदाधिकारी, सतगावाँ। 2. श्री नितिष कुमार, पषुधन सहायक। | 9142051624 9973876572 | |
| | सतगावाँ | 9 | समलडीह | पचांयत भवन | 21.07.25 22.07.25 | | | |
| | सतगावाँ | 10 | माधोपुर | पचांयत भवन | 23.07.25 24.07.25 | | | |
| | सतगावाँ | 11 | मिरगंज | पचांयत भवन | 25.07.25 26.07.25 | | | |
| | सतगावाँ | 12 | कटैया | पचांयत भवन | 28.07.25 29.07.25 | | | |
| 3 | डोमचाँच | 13 | नावाडीह | पचांयत भवन | 16.07.25 17.07.25 | 1. डॉ0 राजेष कुमार, भ्रमणषील पषुचिकित्सा पदाधिकारी, डोमचाँच। 2. श्री हरिषचन्द्र मिश्रा अनुसेवक। | 8789914345 | |
| | डोमचाँच | 14 | बच्छेडीह | पचांयत भवन | 18.07.25 19.07.25 | | | |
| | डोमचाँच | 15 | फूलवारिया | पचांयत भवन | 21.07.25 22.07.25 | | | |
| | डोमचाँच | 16 | पुरनाडीह | पचांयत भवन | 23.07.25 24.07.25 | | | |
| | डोमचाँच | 17 | जानपुर | पचांयत भवन | 25.07.25 26.07.25 | | | |
| | डोमचाँच | 18 | पारहो | पचांयत भवन | 28.07.25 29.07.25 | | | |
| | डोमचाँच | 19 | ढोढाकोला | पचांयत भवन | 30.07.25 31.07.25 | | | |
| 4 | मरकच्चो | 20 | मरकच्चो द0 | पचांयत भवन | 15.07.25 16.07.25 | 1. डॉ0 षोएब खान प्रभारी भ्रमणषील पषुचिकित्सा पदाधिकारी, मरकच्चो। 2 श्री कृष्ण सिंह (अनुसेवक) | 7858096780 | |
| | मरकच्चो | 21 | मरकच्चो मध्य | पचांयत भवन | 17.07.25 18.07.25 | | | |
| | मरकच्चो | 22 | मरकच्चो उत्तरी | पचांयत भवन | 21.07.25 22.07.25 | | | |
| | मरकच्चो | 23 | जामु | पचांयत भवन | 23.07.25 24.07.25 | | | |
| | मरकच्चो | 24 | चोपनाडीह | पचांयत भवन | 25.07.25 26.07.25 | | | |
| | मरकच्चो | 25 | दषारोखुर्द | पचांयत भवन | 28.07.25 29.07.25 | | | |
| | मरकच्चो | 26 | सिमरिया | पचांयत भवन | 30.07.25 31.07.25 | | | |
| 5 | कोडरमा | 27 | चाराडीह | पचांयत भवन | 15.07.25 16.07.25 | 1. डॉ0 विनिता कुमारी, भ्रमणषील पषुचिकित्सा पदाधिकारी, करमा कोडरमा। 2. श्री सुदर्षन चौधरी, अनुसेवक | 8210343026 | |
| | कोडरमा | 28 | करमा | पचांयत भवन | 17.07.25 18.07.25 | | | |
| | कोडरमा | 29 | छतरबर | पचांयत भवन | 19.07.25 21.07.25 | | | |
| | कोडरमा | 30 | झुमरी | पचांयत भवन | 22.07.25 23.07.25 | | | |
| | कोडरमा | 31 | पुरनानगर | पचांयत भवन | 24.07.25 25.07.25 | | | |
| | कोडरमा | 32 | पाण्डेडीह | पचांयत भवन | 26.07.25 28.07.25 | | | |
| | कोडरमा | 33 | पथलडीहा | पचांयत भवन | 29.07.25 30.07.25 | | | |
| 6 | चन्दवारा | 34 | बेन्दी | पचांयत भवन | 17.07.25 18.07.25 | 1. डॉ कृष्ण चन्द्र झा भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, चन्दवारा 2. श्री देवलाल राम (अनुसेवक) | 9934182005 | |
| | चन्दवारा | 35 | आरागारो | पचांयत भवन | 21.07.25 22.07.25 | | | |
| | चन्दवारा | 36 | भोण्डो | पचांयत भवन | 23.07.25 24.07.25 | | | |
| | चन्दवारा | 37 | चन्दवारा पूर्वी | पचांयत भवन | 25.07.25 26.07.25 | | | |
| | चन्दवारा | 38 | चन्दवारा प0 | पचांयत भवन | 28.07.25 29.07.25 | | | |

नोट :—शिविर आयोजन का उद्देश्य पशुपालकों को समीपवत्ती क्षेत्र में ही चिकित्सा की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाना है। जिससे पशुपालकों के समय की बचत हो सकें और स्थानीय स्तर पर चिकित्सा की व्यवस्था सुनिश्चित हो सकें। पंचायत मुख्यालय में आयोजित करेगें।

शिविर का समय :—सुबह 9:00 बजे से दोपहर 3:00 तक विशेष पशुचिकित्सा शिविर अन्तर्गत उपलब्ध कराये जाने वाले पशुस्वास्थ्य एवं अन्य सेवाएँ निम्नवत होगी।

1. पशुओं में होने वाले विभिन्न रोगों की चिकित्सा।
2. भेड़, बकरी, गाय एवं भैंस में उपलब्धता के अनुसार कृमिनाशक दवा देना।
3. उपलब्धता के अनुसार मिनरल मिक्चर एवं फीड सप्लीमेंट का वितरण।
4. विभिन्न बीमारियों से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराना।
5. पशु रोगों की जॉच ।
6. बॉझपन चिकित्सा एवं गर्भ जॉच।
7. केन्द्र प्रायोजित योजना, राज्य योजना एवं पशुपालन विभाग से संबंधित अन्य कार्यक्रम से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराना।
8. आयेजित होने वाली विशेष पशुचिकित्सा शिविर में अपने पशुओं का यथोचित ईलाज कराये एवं बीमारी से बचाव हेतु जानकारी प्राप्त करेगें।

निवेदक :—जिला पशुपालन पदाधिकारी, कोडरमा।

विश्वासभाजन
जिला पशुपालन पदाधिकारी
कोडरमा

PR 357014 (Animal Husbandry)25-26*D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

"दुनिया एक रंगमंच है और हम सब अभिनेता हैं।" "प्रेम अंधा होता है" और "समय हर घाव को भर देता है।" उन्होंने सिखाया कि सोच का नजरिया ही चीजों को अच्छा या बुरा बनाता है। - विलियम शेक्सपियर

## संपादकीय

### हाथ मिलाना तो बहाना है

राजनीति में हाथ मिलाने और छोड़ने का खेल पुराना है।अभी बिहार में कन्हैया कुमार और पप्पू यादव की अपनी कथित बेइज्जती और मिलन से लेकर झारखंड तक ऐसे खेल हो चुके हैं। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद किसी तरह अपना अस्तित्व बचाए रखने के लिए ठाकरे बंधुओं का हिंदी विरोध इस साल के अंत में होने वाले बीएमसी चुनाव को लेकर है, जो करीब साढ़े चौहत्तर हजार करोड़ रुपए के परिव्यय वाला देश का सबसे बड़ा नगरीय निकाय है। बीस साल में पहली बार उन्होंने मराठी अस्मिता और हिंदी भाषा 'थोपे' जाने के मुद्दे पर राजनीतिक मंच साझा किया है। अगर किसी को इस बात पर संदेह हो कि अचानक ये दोनों पार्टियां क्यों हाथ मिला रही हैं, तो यह बिल्कुल स्पष्ट ही है। चुनाव में शिवसेना (यूबीटी) ने 20 सीटें जीती थीं, जबकि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने 57 सीटें जीती थीं। मनसे को एक भी सीट नहीं मिली थी। इसलिए उनके कार्यकर्ता हताश हो रहे थे और चाहते थे कि उनका विलय हो जाए, ताकि वे अपना भाग्य पुनः संवार सकें। यही कारण है कि राज ठाकरे ने चुटकी लेते हुए कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दोनों चचेरे भाइयों को एकसाथ लाकर वह काम कर दिया है, जो शिवसेना के संस्थापक बालासाहेब ठाकरे और अन्य नहीं कर सके। उद्धव का इरादा साफ था। मुंबई में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने घोषणा की, 'हम साथ रहने के लिए साथ आए हैं। हम साथ मिलकर मुंबई नगर निगम और महाराष्ट्र में सत्ता हासिल करेंगे।'इस साल के अंत में बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) और अन्य नगर निकायों के चुनाव होने वाले हैं। बीएमसी का बजट हजारों करोड़ रुपए में है। यह भारत का सबसे बड़ा नगरीय निकाय है। पिछले साल के विधानसभा चुनाव के बाद बीएमसी दो राजनीतिक गठबंधनों (महायुति और महा विकास अघाड़ी) के लिए अगला युद्ध क्षेत्र है। नगरीय निकाय की विधायिका 2022 में समाप्त हो गई और तब से इसे सरकार द्वारा नियुक्त प्रशासक द्वारा चलाया जा रहा है। शिवसेना, जो 1985 से (1992-1996 को छोड़कर) नगर निकाय पर शासन कर रही है, इन चुनावों में अस्तित्व के संकट का सामना कर रही है। लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनावों की तरह, एकनाथ शिंदे और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले शिवसेना के दो गुट मुंबई में शिवसेना के मराठी वोट आधार के लिए आमने-सामने भिड़ने वाले हैं। मुंबई में अपनी पकड़ मजबूत कर रही भाजपा एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना के साथ मिलकर बीएमसी पर कब्जा करना चाहेगी। दूसरी ओर, कांग्रेस को अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़नी होगी। वह राज्य में कोई बड़ी पार्टी नहीं है। विधानसभा चुनाव में उद्धव और राज की अपमानजनक हार के बाद, ये नगर निगम चुनाव उनके लिए पुनरुद्धार की कुछ उम्मीद जगाते हैं। राज ठाकरे ने 2005 में अपने चचेरे भाई के साथ तीखे मतभेदों के चलते शिवसेना छोड़ दी थी, जिसके बाद उन्होंने मनसे का गठन किया। वह मनसे को भूमिपुत्रों के हित के सच्चे हिमायती के रूप में पेश कर रहे थे। लेकिन वह उन लोगों के साथ तालमेल नहीं बिठा पाए, जो उनकी आक्रामक शैली का समर्थन नहीं करते थे, यानी महाराष्ट्र के मराठी भाषी लोग।

*राज ठाकरे ने 2005 में अपने चचेरे भाई के साथ तीखे मतभेदों के चलते शिवसेना छोड़ दी थी, जिसके बाद उन्होंने मनसे का गठन किया।*

# आपदा प्रबंधन प्रणाली में बदलाव से क्षमता निर्माण



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) कार्यों में एक प्रमुख वैश्विक प्रत्युत्तरकर्ता के रूप में उभरा है। वित्तपोषण तंत्र, संस्थागत विकास और क्षमता निर्माण में निवेश का उद्देश्य मापनयोग्य परिणाम प्रदान करना है। भारत की विकसित होती आपदा जोखिम प्रबंधन प्रणाली की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक आपदा-संबंधी मृत्यु दर में कमी है। एक व्यापक दृष्टिकोण वाले गुजरात भूकंप भरपाई कार्यक्रम ने देश की आपदा प्रबंधन प्रणाली को बदलने में मदद की।बेहतर पूर्व-चेतावनी प्रणालियों, सशक्त संस्थानों, बेहतर योजना और अधिक संवेदनशील वित्तपोषण के संयुक्त प्रभाव से, तीव्र और धीमी शुरुआत वाले, दोनों ही प्रकार के खतरों में मृत्यु दर में लगातार गिरावट देखी गई है। यह आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए सेंडाई फ्रेमवर्क के तहत मूल प्रतिबद्धता के अनुरूप है, जिस पर भारत एक हस्ताक्षरकर्ता है।पिछले 25 वर्षों में भारत की आपदा प्रबंधन नीति और कार्यप्रणाली का विकास की बात करें तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत' के विजन ने इसे प्रेरित किया। पिछले दो-तीन दशकों में भारत की आपदा प्रबंधन नीतियां और कार्यप्रणाली कैसे विकसित हुई हैं।आपदा जोखिम प्रबंधन की कार्यप्रणाली में कई बदलाव आए हैं। 1991 के ओडिशा सुपर साइक्लोन, 2001 के गुजरात भूकंप और 2004 के हिंद महासागर में आई सुनामी से कई सीख मिली । 1993 का लातूर भूकंप और 2005 का कश्मीर भूकंप जैसी अन्य घटनाएं भी हुईं। इसके अलावा, वैश्विक नीति प्रक्रियाओं जैसे कि प्राकृतिक आपदा न्यूनीकरण के लिए अंतरराष्ट्रीय दशक (आईडीएनडीआर) 1990-1999, ह्योगो फ्रेमवर्क फॉर एक्शन (एचएफए) 2000-2015 और सेंडाई फ्रेमवर्क 2015-2030 ने हमारी सोच और व्यवहार को बहुत प्रभावित किया है।व्यापक प्रत्युत्तर और पुनर्निर्माण, तथा दीर्घकालिक परिप्रेक्ष्य के महत्वपूर्ण मोर्चे पर, कानूनी ढांचे, नियामक सुधारों, प्रशिक्षण और ज्ञान नेटवर्क, भवन नियमन और खतरा प्रतिरोधी निर्माण के माध्यम से आपदा प्रबंधन को संस्थागत बनाने के लिए प्रभावी और निर्णायक कदम उठाए गए । गुजरात पहल के तहत गुजरात राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (जीएसडीएमए) द्वारा विविध गतिविधियों गईं, जो प्रत्युत्तर और राहत से कहीं आगे बढ़कर, भूकंप पुनर्निर्माण कार्य; नीतियों और कानूनों का निर्माण; आपदा प्रबंधन योजनाओं की तैयारी; क्षमता निर्माण; शमन उपाय; और जागरूकता एवं सामुदायिक शामिल थी ।आपदा जोखिम और वित्तपोषण की बात करें तो नए वित्तपोषण ढांचे का एक सबसे महत्वपूर्ण वैचारिक योगदान यह मान्यता है कि आपदा प्रबंधन में विभेदित किन्तु परस्पर निर्भर कार्य शामिल हैं - प्रत्युत्तर और राहत, भरपाई और पुनर्निर्माण, तैयारी और शमन। हाल के दिनों में आपदा प्रबंधन में भारत की महत्वपूर्ण उपलब्धियों की बात करें तो चक्रवात से संबंधित मृत्यु दर में नाटकीय कमी; राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर बढ़ी हुई प्रत्युत्तर क्षमता; प्रौद्योगिकी के माध्यम से त्वरित और पारदर्शी राहत वितरण; आपदा के बाद सामाजिक सुरक्षा और खाद्य सुरक्षा; बेहतर क्षति आकलन और सुदृढ़ भरपाई; और वैश्विक आपदा सहायता तथा मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) में नेतृत्व बड़ी उपलब्धियां हैं । आज भारत का आपदा प्रबंधन विकास एक व्यवस्थित और एकीकृत दृष्टिकोण को दर्शाता है – जिसमें प्रौद्योगिकी, संस्थागत क्षमता, सामुदायिक सहभागिता और सामाजिक सुरक्षा का संयोजन शामिल है। ये उपलब्धियां भारत को न केवल एक क्षेत्रीय अग्रणी के रूप में, बल्कि आपदा जोखिम प्रबंधन में एक वैश्विक तौर पर सर्वोत्तम मॉडल के रूप में भी स्थापित करती हैं।

भविष्य की चुनौती इस गति को बनाए रखने, नए जोखिम क्षेत्रों (जैसे, शहरी बाढ़, लू) में तैयारी को मजबूत करने और भरपाई एवं विकास के सभी पहलुओं में जलवायु अनुकूलन को शामिल करने की है।जलवायु परिवर्तन, भू-राजनीतिक घटनाक्रम और अन्य कारकों के कारण उत्पन्न होने वाली उभरती चुनौतियों के संदर्भ में आपदा प्रबंधन प्रणाली को अपनी मजबूती बनाए रखने की आवश्यकता है। हमें एक सक्रिय, पुनरावृत्त और कार्य-उन्मुख दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है, जहां प्रत्येक सुधार दूसरे को मजबूत करे, और जहां सभी घटक संसाधनों, सुरक्षा और अवसरों तक लोगों की पहुंच में सुधार के लिए एक साथ आएं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) कार्यों में एक प्रमुख वैश्विक प्रत्युत्तरकर्ता के रूप में उभरा है, जो संकट के समय क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय एकजुटता के प्रति उसकी बढ़ती प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अपने प्रशिक्षित और सुसज्जित राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और सशस्त्र बलों के माध्यम से, भारत ने नेपाल (2015 भूकंप), तुर्की (2023 भूकंप) और म्यांमार (2025 भूकंप) जैसे देशों को समय पर आपदा प्रत्युत्तर सहायता प्रदान की है। भारत के नेतृत्व में संस्थागत नवाचार का एक आशाजनक उदाहरण आपदा रोधी इन्फ्रास्ट्रक्चर गठबंधन (सीडीआरआई) है, जो वैश्विक स्तर पर इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रणालियों में अनुकूलन को बढ़ावा देने के लिए स्थापित एक बहुपक्षीय मंच है। भारत द्वारा परिकल्पित और संचालित, सीडीआरआई विशिष्ट संस्थानों की एक नई पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करता है, जो एक केंद्रित क्षेत्र – अनुकूल इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़े समाधान के माध्यम से वैश्विक सहयोग और ज्ञान के आदान-प्रदान को सुगम बनाता है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) कार्यों में एक प्रमुख वैश्विक प्रत्युत्तरकर्ता के रूप में उभरा है*

आज की बात



**डॉ पीके मिश्रा**
पीएम के प्रधान सचिव

## रूपहले पर्दे की साजिश

### बॉलीवुड में सनातन धर्म के विरुद्ध विमर्श और सांस्कृतिक आक्रमण

भारत एक ऐसी भूमि है जो वेदों, उपनिषदों, पुराणों और रामायण-महाभारत जैसे महाकाव्यों की विरासत से समृद्ध है। यहां की कला, संस्कृति और धर्म हजारों वर्षों से जनमानस का मार्गदर्शन करते रहे हैं। नाट्यशास्त्र के अनुसार, कला और नाट्य का उद्देश्य लोक शिक्षण, सामाजिक चेतना और आत्मकल्याण है। लेकिन जब यही माध्यम विकृत हो जाए, तो वह विनाशकारी बन जाता है। आज भारतीय फिल्म जगत, विशेषकर हिंदी सिनेमा यानी बॉलीवुड, एक ऐसा मंच बन गया है जहां एक विशेष विचारधारा, एक विशेष संप्रदाय और एक सुनियोजित सांस्कृतिक युद्ध के तहत सनातन धर्म को अपमानित करने का क्रम लगातार चलाता रहा है। यह आलेख इसी विमर्श का विश्लेषण करता है, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और वर्तमान दृष्टिकोणों से। भरत मुनि के नाट्यशास्त्र में कहा गया है, "नाट्यं भिन्नरुचेरजनस्य मनोरंजनम्" अर्थात नाटक (या कला) का कार्य है सभी प्रकार के जनों का मनोरंजन, मार्गदर्शन और शिक्षण करता है। नाट्यशास्त्र में नाट्य को "पंचम वेद" कहा गया है, जिसका आधार धर्म, नीति, लोक मंगल और चरित्र निर्माण है। किन्तु जब यह कला बाज़ारवाद, राजनैतिक हित और धार्मिक दुराग्रह के हाथों की कठपुतली बन जाए, तो यह अपने स्वरूप को खो देती है। हिंदी सिनेमा में अनेक वर्षों से यह देखा गया है कि हिंदू पात्रों को या तो कमजोर, दब्बू, पिछड़े या नकारात्मक भूमिका में दिखाया जाता है। "रामू", "श्यामू", "गणेश", "मुकुंद", "गुप्ता" जैसे नामों को अक्सर घरेलू नौकर, चपरासी, या हास्य पात्रों के लिए प्रयुक्त किया गया। जबकि अन्य धर्मों के पात्र जैसे "अब्दुल", "रहमान", "जान मोहम्मद" या "पादरी जॉन" को विद्वान, त्यागी, साहसी और सहृदय के रूप में दिखाया गया। हिंदू पात्रों को अक्सर ताबीज, जनेऊ, टीका, गेरुआ वस्त्र आदि में अतार्किक, रूढ़िवादी और क्रूर बताया जाता है। इसके विपरीत किसी अन्य संप्रदाय के प्रतीकों को गौरवपूर्ण और आधुनिकता से जोड़ा जाता रहा है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**डॉ. दीपक प्रसाद**
सांस्कृतिक शोधकर्ता, रंगकर्मी, निर्देशक एवं सहायक आचार्य

# राजा सिंह के इस्तीफे के बाद रॉबिनहुड की तलाश में बैठी भाजपा

सरसरी तौर पर झारखंड और तेलंगाना की राजनीति में कोई सीधा संबंध नहीं है। इन दोनों प्रदेशों की राजनीति अपने अपने शर्तों पर चलती है फिर भी झारखंड के सुदूरवर्ती चौपालों में इन दिनों तेलंगाना ट्रेंड कर रहा है। यह मामला भाजपा से इस्तीफा देकर चर्चा में आए तेलंगाना के विधायक टी.राजा सिंह से संबंधित है। वैसे तो देश के सभी प्रांतों में दलबदल या इस्तीफे के खेल चलते ही रहते हैं और इसमें कुछ भी अनुठापन नहीं है फिर भी टी.राजा सिंह के द्वारा दिया गया इस्तीफा काफी चर्चा में है। ऐसा इसलिए कि इस इस्तीफे की इनसाइड स्टोरी काफी दिलचस्प है। बताते चलें कि विभिन्न कारणों से टी.राजा सिंह की छवि एक दबंग, मुखर व कट्टर हिन्दूवादी नेता की रही है। ये वही राजा हैं जो अपने विवादित बयानों और मुस्लिम समुदाय के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां करने के लिए जाने जाते हैं।ऐसी टिप्पणियों के कारण कई बार उनपर कानूनी कार्रवाइयां तक हो चुकी है और बार बार अपने ही दल व दलीय आलाकमान को असहज स्थिति में लाकर खड़ा कर देने का आरोप भी लगा है। ऐसे आरोप तब दिखाई पड़ते हैं जबकि भाग्य को हमेशा जन्म नक्षत्र प्रभावित करता रहता है। इस दृष्टि से देखें तो तमाम विपरित परिस्थितियों के बावजूद टी.राजा तेलंगाना में उस भाजपा के एक प्रमुख चेहरा बने रहे जिसे दक्षिण भारत के संघर्ष का प्रमुख योद्धा और दल के लिए मजबूरी तक माना गया। दूसरी ओर,अपने धुर दक्षिणपंथी व हिन्दूवादी प्रारब्ध के विपरित भाजपा का शीर्ष नेतृत्व आज अपने कट्टर हिन्दूवादी अवधारणा के विरुद्ध समावेशी समाजवाद के प्रति खुद को स्थापित करने में लगा हुआ है। संदर्भवश एक सहज सा सूत्र यह है कि किसी का भी प्रारब्ध उसके अतीत के कर्मों और परिणाम में नजर आता ही है। शायद टी.राजा सिंह को यही बात समझ में नहीं आई कि प्रारब्ध के इस गुणसूत्र के बावजूद भाजपा आज खुद को बदलने में लगी हुई है और इस चक्कर में प्रखर हिन्दूवाद के प्रतीक बने राजा सिंह से किनारा करने की स्थिति का निर्माण किया जा रहा है ताकि हिन्दूत्व के नाम पर कट्टरता दिखाने वाले लोगों को एक कड़ा संदेश दिया जा सके। बहरहाल इस पूरे घटनाक्रम की इनसाइड स्टोरी पर से शायद ही कभी पर्दा उठे परन्तु जो कुछ सामने आ रहा है। बताया तो यह जा रहा है कि यह सबकुछ तेलंगाना भाजपा के नये प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर एन.रामचंद्र राव की ताजपोशी का परिणाम है। वस्तुतः यह पूर्ण सत्य नहीं है क्योंकि यह महज इस्तीफे की वजह, नये प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव, राजा सिंह के विवादित बोल, भविष्य के लिए उनकी योजना और भाजपा के लिए नफा नुकसान तक सिमटा हुआ नहीं है। यदि यह इतना भर होता तो इस इस्तीफे के कारण हैदराबाद से सैकड़ों किलोमीटर दूर झारखंड के चौपालों का बाजार गर्म नहीं होता और झारखंड की तासीर में रचे बसे टाईगर, रॉबिनहुड और शेर की अवधारणा को उद्वेग्लित न कर रहा होता। जानकारों की मानें तो झारखंड वह प्रदेश है जहाँ विकास की गंगोत्री को धरती में उतारने वाले सुशिक्षित, ईमानदार, दलीय, सरल व नामचीन उम्मीदवारों पर बिजली के एक ट्रांसफार्मर, एक छोटी सी नाली या किसी छोटी मोटी बात के लिए हुंकार भरनेवाला रॉबिनहुड भारी पड़ता रहा है। ऐसे में चौपालों की मानें तो गत चुनावों में भाजपा के पिछड़ जाने का एक राज यह भी है कि इसके पास टाईगर,शेर, रॉबिनहुड या टी.राजा सिंह जैसे उम्मीदवारों का टोटा पड़ा हुआ है। अब राजा सिंह का झारखंड से कोई सीधा संबंध हो न हो, इस शख्सियत के इस्तीफे के बाद यहां स्थानीय नेताओं की छवि को लेकर निरंतर सवाल उठ रहे हैं और गंभीरता के साथ चौपालों में इसकी चर्चा भी हो रही है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**केदारनाथ दास**



## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

कूंआ , पनघट, बावड़ी, बात, बतकही, राज।
दबे, छिपे, उघडे कभी , दफ्न हुए सब आज।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# विज्ञान के हाथों गुम होती हमारी कला साहित्य की आत्मा

आधुनिक शिक्षा के खोखलेपन और हमारे भीतर की सूखी ज़मीन पर एक गहन दृष्टि,आधुनिक शिक्षा व्यवस्था ने हमें तेज़ सोचने वाले लोग बनाए हैं, लेकिन साथ ही भावनाओं से दूर भी कर दिया है। हम तेजी से निर्णय लेते हैं, तकनीकी समस्याओं को हल कर लेते हैं, लेकिन धीरे-धीरे हम यह भूल गए हैं कि इंसान सिर्फ मस्तिष्क नहीं, एक संपूर्ण चेतना है — जिसमें सोचने, महसूस करने और जुड़ने की शक्ति साथ-साथ चलती है। हमने विज्ञान और तकनीक को ज्ञान का शिखर मान लिया और साहित्य, दर्शन, समाजशास्त्र, अध्यात्म — इन सभी विषयों को धीरे-धीरे अपने पाठ्यक्रम और अपने जीवन से हटा दिया। यह समझा गया कि ये विषय "करियर बनाने लायक" नहीं हैं, और इस सोच ने आने वाली पीढ़ियों से वह संवेदना, गहराई और आत्मदर्शन छीन लिया जो मनुष्य को केवल जीवित नहीं रखती, बल्कि समझदार, संतुलित और मनुष्यता से भरपूर बनाती है। जहाँ पहले शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी नहीं, व्यक्तित्व का निर्माण था, वहां अब सिर्फ अंक, स्कोर और पैकेज ही शिक्षा का मूल्य बन चुके हैं। नैतिकता, करुणा, जीवन के अर्थ की खोज, संतुलन, आत्म-ज्ञान — ये सब बातें अब पुरानी किताबों के साथ बंद अलमारियों में रह गई हैं। टेक्नोलॉजी ने हमारी दुनिया को आसान बना दिया, लेकिन उसी ने हमें उस जमीन से काट दिया जिस पर मनुष्य के मूल्य टिके होते हैं। हम स्क्रीन पर सब कुछ देख सकते हैं, पर दूसरे के दुख को महसूस नहीं कर पाते।

हम हजारों लोगों से जुड़ सकते हैं, पर अकेलेपन से निकल नहीं पाते।

हमारे बच्चे मशीनों की भाषा सीख रहे हैं, लेकिन खुद से संवाद करना भूल रहे हैं।

वह दिन दूर नहीं जब हम सब एक दूसरे के बीच होंगे, लेकिन कोई किसी को सुनने वाला नहीं होगा।

विज्ञान और पूंजीवाद की जोड़ी ने प्रगति को सुविधा तक सीमित कर दिया है।

प्रकृति, पर्यावरण, मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक संतुलन सब कुछ बाजार के लिए कम मायने रखता है।

इसलिए हमने देखा कि कैसे वैज्ञानिक उन्नति ने ही सबसे भयानक युद्ध और बमों को जन्म दिया।

कैसे मशीनों ने हमें सुलभता दी, लेकिन उसी ने मानवीय श्रम, संवाद और संबंधों को खत्म कर दिया।

हम यह स्वीकार नहीं करना चाहते कि हमने तकनीक को साधन के बजाय अपने जीवन का मूल बनाना शुरू कर दिया है।

हम भूल चुके हैं कि तकनीक जीवन का सहायक हो सकती है, लेकिन वह जीवन का मार्गदर्शक नहीं हो सकती।

और यह सब बदलाव केवल भौतिक नहीं, मानसिक और आध्यात्मिक भी है।

हमारे भीतर जो मौन था, जहाँ विचारों से ऊपर अनुभूति का स्थान होता था, वह धीरे-धीरे अस्तित्वहीन होता जा रहा है।

हमने ध्यान, एकाग्रता, और आत्मा की खोज को अवैज्ञानिक कहकर त्याग दिया,

जबकि वही तत्व थे जो हमें भीतर से जोड़ते थे, संतुलित रखते थे।

आज जब हमारे पास हर प्रकार की सुविधा है, तब भी हम बेचैन हैं।

हमारे पास उत्तर तो हैं, लेकिन प्रश्न करने की क्षमता नहीं बची।

हमारे पास उपकरण हैं, लेकिन उनका उपयोग सिर्फ उत्पादकता बढ़ाने तक सीमित है शांति या आत्मा के लिए नहीं।

हमें यह समझना होगा कि अगर विज्ञान को विवेक नहीं मिलेगा,
अगर तकनीक को करुणा नहीं मिलेगी,
अगर शिक्षा को आत्मा से नहीं जोड़ा गया
तो आने वाला समय और भी अधिक यांत्रिक और खोखला होगा।

अब हमें फिर से एक संतुलित शिक्षा की आवश्यकता है जिसमें विज्ञान और तकनीक के साथ-साथ दर्शन, साहित्य, कला और आध्यात्मिक समझ को बराबर स्थान दिया जाए।

जहाँ बच्चे सिर्फ रोबोट नहीं बनें, बल्कि वह भी समझें कि एक इंसान होना क्या होता है भावनाएं क्या होती है और उसे सही से जीना कैसे हैं।

हमें फिर से एक ऐसी दुनिया बनानी है जहाँ मस्तिष्क की गति के साथ हृदय की गहराई भी हो।

जहां सुविधाएं हों, लेकिन संवेदनाएं उससे बड़ी हों।

जहाँ प्रगति हो, लेकिन वह मनुष्य की आत्मा के साथ हो, उसके विरुद्ध नहीं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**वीणा देवांगन**
लेखिका

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)



# सावन विशेष : शिवनगरी काशी में बसा है मार्कण्डेय महादेव मंदिर...

**वाराणसी।** हिंदू धर्म में सावन मास का विशेष महत्व है। आषाढ़ मास की पूर्णिमा तिथि समाप्त होने के साथ 11 जुलाई को श्रावण मास आरंभ हो जाएगा। ऐसे में शिवनगरी काशी में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो चुकी है। काशी में कई मंदिर है जो विश्व के नाथ और उनके भक्तों के बीच की सुंदर कथा से जुड़े हैं। ऐसा ही एक मंदिर है गंगा-गोमती के पवित्र संगम तट पर बसा मार्कण्डेय महादेव का मंदिर। साल भर इस मंदिर में 'हर हर महादेव' और 'ओम नम: शिवाय' की गूंज सुनाई देती है। सावन माह में तो मानो तिल तक रखने की जगह नहीं होती है। कैथी गांव के पास स्थित मंदिर के पास सावन की शुरुआत के साथ मेला भी शुरू हो जाएगा। इस मंदिर की सबसे खास बात है कि यहां काल या यम के देवता यमराज भी पराजित हो गए थे। मार्कण्डेय महादेव मंदिर की पौराणिक कथा भक्तों में गहरी आस्था जगाती है। धार्मिक कथा के अनुसार, ऋषि मृकण्ड के पुत्र मार्कण्डेय को जन्म दोष था, जिसके अनुसार पृथ्वी पर उनकी आयु मात्र 14 वर्ष थी। उनके माता-पिता ने गंगा-गोमती तट पर बालू से शिवलिंग बनाकर भगवान शिव की कठोर तपस्या की। जब मार्कण्डेय 14 वर्ष के हुए और यमराज उनके प्राण लेने आए, तब भोलेनाथ स्वयं प्रकट हुए। शिव ने यमराज को लौटने का आदेश दिया और कहा, "मेरा भक्त सदा अमर रहेगा और उसकी पूजा मुझसे पहले होगी।"तभी से यह स्थल मार्कण्डेय महादेव मंदिर के नाम से प्रसिद्ध हो गया। सावन में इस मंदिर का महत्व और बढ़ जाता है। यहां त्रयोदशी (तेरस) के दिन विशेष पूजा होती है, जहां भक्त पुत्र प्राप्ति और पति की लंबी आयु की कामना करते हैं। महामृत्युंजय जाप, शिवपुराण, रुद्राभिषेक और सत्यनारायण कथा का आयोजन भी होता है। महाशिवरात्रि पर दो दिनों तक अनवरत जलाभिषेक की परंपरा है।धार्मिक मान्यता है कि बेलपत्र पर महादेव के आराध्य श्रीराम का नाम लिखकर अर्पित करने से संतान की आयु लंबी होती है और यम का त्रास भी नहीं रहता। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की ऑफिशियल वेबसाइट पर भी इस प्राचीन मंदिर का उल्लेख मिलता है, जिसके अनुसार, मार्कण्डेय महादेव मंदिर शिव की असीम कृपा का प्रतीक है। मार्कण्डेय ऋषि ने अपनी भक्ति से शिवलिंग स्थापित कर अमरता का वरदान प्राप्त किया था। सावन में कांवड़ियों की भीड़ से काशी की यह शिवनगरी और जीवंत हो उठती है।

## मार्कण्डेय महादेव मंदिर: जहां स्वयं शिव ने यमराज को भी किया पराजित

इस मंदिर की सबसे खास बात है कि यहां काल या यम के देवता यमराज भी पराजित हो गए थे। मार्कण्डेय महादेव मंदिर की पौराणिक कथा भक्तों में गहरी आस्था जगाती है। धार्मिक कथा के अनुसार, ऋषि मृकण्ड के पुत्र मार्कण्डेय को जन्म दोष था, जिसके अनुसार पृथ्वी पर उनकी आयु मात्र 14 वर्ष थी। उनके माता-पिता ने गंगा-गोमती तट पर बालू से शिवलिंग बनाकर भगवान शिव की कठोर तपस्या की। जब मार्कण्डेय 14 वर्ष के हुए और यमराज उनके प्राण लेने आए, तब भोलेनाथ स्वयं प्रकट हुए। शिव ने यमराज को लौटने का आदेश दिया और कहा, "मेरा भक्त सदा अमर रहेगा और उसकी पूजा मुझसे पहले होगी।" तभी से यह स्थल मार्कण्डेय महादेव मंदिर के नाम से प्रसिद्ध हो गया। सावन में इस मंदिर का महत्व और बढ़ जाता है। यहां त्रयोदशी (तेरस) के दिन विशेष पूजा होती है, जहां भक्त पुत्र प्राप्ति और पति की लंबी आयु की कामना करते हैं। महामृत्युंजय जाप, शिवपुराण, रुद्राभिषेक और सत्यनारायण कथा का आयोजन भी होता है। महाशिवरात्रि पर दो दिनों तक अनवरत जलाभिषेक की परंपरा है।

### कराईकल अम्माइयार का भव्य मंगनी उत्सव

## भक्तों ने परंपरा और आस्था के साथ किए भगवान शिव के दर्शन

**एजेंसी। कराईकल**



पुडुचेरी के कराईकल जिला स्थित प्रसिद्ध कराईकल अम्माइयार मंदिर में 8 जुलाई से शुरू हुए भव्य 'मंगनी उत्सव' का आयोजन चल रहा है। इस अनूठे और आध्यात्मिक उत्सव को देखने के लिए गुरुवार को तमिलनाडु और अन्य राज्यों से बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे। उत्सव के चलते गुरुवार को कराईकल जिले में स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। 63 नयनमार संतों में से एक और कुछ महिला संतों में शामिल कराईकल अम्माइयार को भगवान शिव ने 'अम्मये' कहकर वरदान दिया था। उनके लिए हर साल मंगनी उत्सव मनाया जाता है। इस साल यह उत्सव 8 जुलाई से शुरू हुआ है, जो 11 जुलाई तक चलेगा। भव्य मंगनी उत्सव के माध्यम से 'अम्मये' के जीवन का हर साल स्मरण किया जाता है। उत्सव की शुरुआत दो दिन पहले दूल्हे को पारंपरिक निमंत्रण के साथ हुई, जो दिव्य विवाह का प्रतीक है। इसके बाद करैक्कल अम्मयार और परमदत्त चेट्टियार के प्रतीकात्मक विवाह हुए। पुजारियों ने वैदिक मंत्रों के साथ धार्मिक आयोजन संपन्न किया और भक्तों को पवित्र अक्षत प्रसाद स्वरुप वितरित किए।

कराईकल अम्माइयार के भव्य 'मंगनी उत्सव' का मुख्य आकर्षण है भगवान शिव का पिचादनार (भिक्षुक रूप) में अम्माइयार के घर भोजन मांगने का दृश्य। जैसे ही भगवान की शोभायात्रा सड़कों से गुजरी, भक्तों ने अपनी मन्नतें पूरी होने की कामना के साथ आम चढ़ाए।

## दिल्ली-हावड़ा राजधानी एक्सप्रेस पथराव कर रहे आरोपियों ने कबूला अपना जुर्म

**एजेंसी। कानुपर**

कानुपर में चंदारी रेलवे स्टेशन के निकट नयी दिल्ली-हावड़ा राजधानी एक्सप्रेस पर पथराव करने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। नशे में धुत इन अपराधियों ने ट्रेन के तीन डिब्बों की खिड़कियों को नुकसान पहुँचाया। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) सेंट्रल स्टेशन पोस्ट और क्राइम विंग की टीम ने अपराधियों को पकड़कर गिरफ्तार कर लिया। संदिग्धों ने पुष्टि की है कि घटना के दौरान वे नशे में थे।

**पथराव कर रहे थे मोहम्मद लतीफ और मोहम्मद सईम**

रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों की पहचान श्याम निवासी मोहम्मद लतीफ और सुजातगंज निवासी मोहम्मद सईम के रूप में की गई है जिन्हें बुधवार को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल लिया है।

## पहलगाम हमला : आतंकी वारदात पाकिस्तान का सबसे बड़ा कबूलनामा

**एजेंसी। जम्मू-कश्मीर**

पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ज़रदारी ने एक चौंकाने वाली बात स्वीकार की है कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुआ हालिया हमला वास्तव में एक आतंकवादी हमला था। भारतीय पत्रकार करण थापर को दिए एक साक्षात्कार में, भुट्टो ने कहा कि वह पीड़ितों और उनके परिवारों का दर्द समझते हैं और उन्होंने स्वीकार किया कि लश्कर-ए-तैयबा (LeT) और जैश-ए-मोहम्मद (JeM) जैसे आतंकवादी संगठन पाकिस्तान में अभी भी मौजूद हैं। हालांकि, भुट्टो ने पहलगाम हमले में पाकिस्तान सरकार या सेना की किसी भी संलिप्तता से इनकार किया और ऐसे आरोपों को दुष्प्रचार करार दिया। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद का समर्थन नहीं करता और उसे इसके कारण बहुत नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने कहा कि हमने आतंकवाद के कारण 92,000 से ज़्यादा जानें गँवाई हैं, जिनमें पिछले साल ही 200 से ज़्यादा हमलों में 1,200 नागरिक भी शामिल हैं। अगर यह सिलसिला जारी रहा, तो 2025 पाकिस्तान के इतिहास का सबसे खूनी साल हो सकता है।

### बिहार मतदाता सूची संशोधन पर सुप्रीम कोर्ट का आदेश

# आधार, वोटरकार्ड, राशन कार्ड को भी वैध दस्तावेजों के रूप में शामिल करें

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में मतदाता सूची के भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर तीखे सवाल उठाए और चुनाव आयोग से आग्रह किया कि वह चल रहे अभियान के तहत मतदाता गणना के लिए आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड को वैध दस्तावेजों के रूप में शामिल करने पर विचार करे। अदालत एसआईआर के समय और तरीके को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर विचार करने के लिए सहमत हो गई है, जिसकी अगली सुनवाई 28 जुलाई को होगी। चुनाव आयोग को अपना जवाब दाखिल करने के लिए 21 जुलाई तक का समय दिया गया है। अभी तक कोई अंतरिम आदेश पारित नहीं किया गया है। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने चुनाव से कुछ महीने पहले संशोधन शुरू करने के चुनाव आयोग के फैसले पर सवाल उठाया और कहा कि यह कदम "लोकतंत्र और वोट देने की शक्ति की जड़ पर हमला करता है। न्यायमूर्ति धूलिया ने चुनाव के इतने करीब मतदाता सूची में संशोधन के संभावित प्रभावों की ओर इशारा करते हुए कहा कि यदि आपको बिहार में मतदाता सूची के एसआईआर के तहत नागरिकता की जांच करनी है, तो आपको पहले ही कार्रवाई करनी चाहिए थी; इसमें थोड़ी देर हो गई है। हालाँकि, न्यायालय ने याचिकाकर्ताओं - जिनमें विपक्षी नेता और नागरिक समाज समूह शामिल हैं - की इस दलील को खारिज कर दिया कि चुनाव आयोग के पास इस तरह का संशोधन करने का अधिकार नहीं है। पीठ ने कहा कि मतदाता सूची में संशोधन करना चुनाव आयोग की संवैधानिक ज़िम्मेदारी है और इस बात पर ज़ोर दिया कि बिहार में पिछली बार ऐसा 2003 में किया गया था। सुनवाई के दौरान, चुनाव आयोग ने एसआईआर का बचाव करते हुए कहा कि पात्र मतदाताओं को जोड़कर और अपात्र मतदाताओं को हटाकर मतदाता सूची की अखंडता बनाए रखना आवश्यक है। आयोग ने दोहराया कि आधार नागरिकता का वैध प्रमाण नहीं है, और कहा कि संविधान के अनुच्छेद 326 के अनुसार केवल भारतीय नागरिक ही मतदान के हकदार हैं। चुनाव आयोग की ओर से वरिष्ठ वकील द्विवेदी ने सवाल किया, "अगर चुनाव आयोग के पास मतदाता सूची में संशोधन करने का अधिकार नहीं है, तो फिर किसके पास है?



● कोर्ट ने कहा कि यदि नागरिकता जांच करनी थी तो यह पहले की जानी चाहिए थी, अब देर हो गई है

## बिहार वोटर वेरिफिकेशन पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) द्वारा नवंबर में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के समय को लेकर गंभीर चिंता जताई। इस कदम के समय पर सवाल उठाते हुए, कोर्ट ने व्यावहारिक और कानूनी आधारों का हवाला देते हुए इस प्रक्रिया पर रोक नहीं लगाई। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने चुनाव से कुछ महीने पहले ही संशोधन शुरू करने के चुनाव आयोग के फैसले पर सवाल उठाया और कहा कि यह कदम "लोकतंत्र और वोट देने की शक्ति की जड़ पर हमला करता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम आपको रोक नहीं रहे हैं. हम आपसे कानून के तहत एक्ट करने के लिए कह रहे हैं। कोर्ट अब इस मामले पर 28 जुलाई को सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति धूलिया ने चुनाव के इतने करीब मतदाता सूची में संशोधन के संभावित प्रभावों की ओर इशारा करते हुए कहा, यदि आपको बिहार में मतदाता सूची के एसआईआर के तहत नागरिकता की जांच करनी है, तो आपको पहले ही कार्रवाई करनी चाहिए थी> इसमें थोड़ी देर हो गई है। हालाँकि, न्यायालय ने याचिकाकर्ताओं की इस दलील को खारिज कर दिया कि चुनाव आयोग के पास इस तरह का संशोधन करने का अधिकार नहीं है। पीठ ने कहा कि मतदाता सूची में संशोधन करना चुनाव आयोग की संवैधानिक ज़िम्मेदारी है और इस बात पर ज़ोर दिया कि बिहार में पिछली बार ऐसा 2003 में किया गया था।

## कर्नाटक: विधायक एसएन सुब्बा रेड्डी पर ईडी का शिकंजा, बेंगलुरु में 5 ठिकानों पर छापेमारी

**बेंगलुरु।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए कर्नाटक के विधायक एसएन सुब्बा रेड्डी और उनके परिजनों के खिलाफ विदेशी संपत्तियों को कथित तौर पर छुपाने को लेकर जांच शुरू कर दी है। फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट (एफईएमए) की धारा 37 के तहत ईडी ने बेंगलुरु के 5 अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी की। विधायक सुब्बा रेड्डी के आवास, उनके व्यावसायिक प्रतिष्ठान और करीबी सहयोगियों के ठिकानों पर ईडी तलाशी अभियान चला रही है। यह छापेमारी कथित तौर पर उनके और उनके परिवार के सदस्यों द्वारा विदेशों में अघोषित संपत्ति रखने और अवैध निवेश के आरोपों के आधार पर की जा रही है। ईडी के मुताबिक, एसएन सुब्बा रेड्डी और उनके परिजनों पर विदेशी खातों में भारी राशि जमा कराने समेत मलेशिया, हांगकांग और जर्मनी में अचल संपत्तियों में निवेश करने के आरोप हैं।

## चुनाव आयोग प्रजातंत्र को खत्म करने में लगा है : प्रियंका चतुर्वेदी

**मुंबई।** बिहार में चुनाव आयोग के मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान पर शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने आपत्ति जताई है। उन्होंने दावा किया है कि चुनाव आयोग प्रजातंत्र को खत्म करने के लिए भाजपा का सहयोग कर रहा है। गुरुवार को आईएएनएस से बातचीत के दौरान शिवसेना (यूबीटी) सांसद ने कहा कि मतदाता सत्यापन के लिए जरूरी दस्तावेजों से आधार कार्ड को बाहर रखने का एक षड्यंत्र चुनाव आयोग की ओर से रचा जा रहा है ताकि गरीबों और वंचितों को वोटर लिस्ट से बाहर किया जाए और अपने हिसाब से नए वोटर को शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि जिस तरह से चुनाव आयोग संविधान की धज्जियां उड़ा रहा है और प्रजातंत्र को खत्म करने में जिस प्रकार से भाजपा को सहयोग दे रहा है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। आयोग ने जो महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के दौरान किया, अब उस चीज को बिहार में दोहराया जा रहा है।

## आज का राशिफल

**मेष :** कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंग। रुपये पैसों की सुविधा मिल जाएगी। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि व खर्चा बढ़ेगा।

**वृष :** बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कुछ आर्थिक इ़च्छताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी।

**मिथुन :** बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**कर्क :** खान-पान में सावधानी रखें। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**सिंह :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगें। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कन्या :** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानी पूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। कोई धार्मिक यात्रा करेंगें।

**तुला :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां आज पैदा होंगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**वृश्चिक :** कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

**धनु :** स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

**मकर :** सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा।

**कुंभ :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी।

**मीन :** अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

## पप्पू यादव और कन्हैया कुमार को उनकी हैसियत बताई गई: बृजभूषण शरण सिंह

**एजेंसी। गोंडा**



'बिहार बंद' के दौरान पूर्णिया के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव और कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार को राहुल गांधी की गाड़ी पर चढ़ने से रोके जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। इस मुद्दे पर भाजपा नेता बृजभूषण शरण सिंह का बयान आया है। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं को गाड़ी पर नहीं चढ़ने देना एक सोची-समझी रणनीति है। भाजपा नेता बृजभूषण शरण सिंह ने गुरुवार को मीडिया से बात करते हुए कहा, "पप्पू यादव और कन्हैया कुमार को इसलिए धक्का दिया गया ताकि हार का ठीकरा उन्हीं पर फोड़ा जाए और यह कहा जाए कि वह भी दोषी हैं। पप्पू यादव की एक-दो लोकसभा सीटों पर मजबूत स्थिति है। कन्हैया कुमार की पैदाइश टुकड़े-टुकड़े गैंग की है, इसलिए जानबूझकर पप्पू यादव और कन्हैया कुमार की हैसियत बताई गई है। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव 'राज परिवार' से आते हैं। एक नेता खुद को हिंदुस्तान का राजा मानता है तो दूसरा खुद को बिहार का राजा मानता है। इसी कारण वह बिहार में कन्हैया कुमार और पप्पू यादव को क्यों खड़ा होने देंगे?"बृजभूषण शरण सिंह ने राहुल गांधी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, "बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले राहुल गांधी और तेजस्वी यादव हार मान चुके हैं, इसलिए यह अभी से तैयारी कर रहे हैं कि भाजपा और नीतीश कुमार पर आरोप कैसे लगाया जाए? मैं दावे के साथ कहता हूं कि बिहार में उनकी हार निश्चित है और इसी के चलते उन्होंने एडवांस में चुनाव आयोग पर आरोप मढ़ना शुरू कर दिया है।

## बिहार चुनाव के पहले खुद को बेहतर साबित करने की होड़

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले जनता दल यूनाइटेड (जदयू) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) मतदाताओं को लुभाने में जुट गए हैं। दोनों पार्टियां पोस्टरों के जरिए खुद को एक-दूसरे से बेहतर बता रही हैं। बिहार की राजधानी पटना की कई सड़कों पर लगे इन पोस्टरों में दोनों दलों के अपने-अपने दावे दिख रहे हैं। राजधानी पटना में राजद और जदयू की ओर से पोस्टर लगाए गए हैं। राजद के पोस्टरों में महागठबंधन की 17 महीने की सरकार के कामों का श्रेय लिया गया है, जब नीतीश कुमार के नेतृत्व में जदयू और राजद की सरकार थी। दूसरी ओर, जदयू के पोस्टरों में नीतीश सरकार की तारीफ की गई है और नारों के जरिए खुद को दूसरों से बेहतर बताने की कोशिश की गई है। साथ ही, फिर से एनडीए सरकार बनाने की बात कही गई है। मजेदार बात यह है कि दोनों दलों के पोस्टर पटना की सड़कों पर कई जगहों पर पास-पास ही लगे हैं।

### कैंटीन में मारपीट पर विधायक संजय गायकवाड़ की सफाई

## मेरा इरादा सही था, लेकिन तरीका गलत

**एजेंसी। मुंबई**

शिवसेना विधायक संजय गायकवाड़ ने मुंबई के एक कैंटीन में खराब खाना मिलने पर कर्मचारी को ही थप्पड़ मार दिया था, जिस पर अब उन्होंने अपनी सफाई दी। उन्होंने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में कहा कि उनका इरादा सही था, लेकिन तरीका गलत था। उन्होंने बताया कि पिछले कई साल से होटल में गंदगी और खराब खाने की शिकायतें थीं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे होटल मालिकों का हौसला बढ़ गया था।

उन्होंने कहा, "मैं बाहर का खाना नहीं खाता, लेकिन इस होटल में खाने के बाद मुझे स्वास्थ्य संबंधी परेशानी हुई। खाना खराब था, जिससे मेरा गुस्सा भड़क गया। मेरी प्रतिक्रिया गलत थी, लेकिन मकसद सही था।" उन्होंने दावा किया कि उनकी कार्रवाई के बाद 95 फीसदी लोग इसे सही मान रहे हैं। उनकी इस पहल से महाराष्ट्र भर के होटल मालिकों ने अपने प्रतिष्ठानों की सफाई शुरू कर दी है। उन्होंने सरकार से मांग की कि होटल में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए बीमा, पहचान पत्र और हर तीन महीने में मेडिकल जांच अनिवार्य हो। साथ ही, होटलों में साफ-सफाई और खाने की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सख्त नियम लागू किए जाएं। उन्होंने कहा, "कोई इस मुद्दे पर आगे नहीं आ रहा था। मैंने बिल्ली के गले में घंटी बांधने का काम किया।" दरअसल, शिवसेना विधायक संजय गायकवाड़ का एक वीडियो सामने आया था, जिसमें वे मुंबई में एक कैंटीन कर्मचारी को थप्पड़ मारते हुए दिखाई दिए।



गायकवाड़ ने गुरुवार को मुंबई में होने वाले सिंदूर ब्रिज के उद्घाटन की भी बात की। उन्होंने कहा कि यह ब्रिज 'ऑपरेशन सिंदूर' को समर्पित है। इस ऑपरेशन में भारतीय सेना ने आतंकवादियों को चुन-चुनकर मारा था। उन्होंने बताया, "पाकिस्तान ने हमारी महिलाओं का सिंदूर छीन लिया था। उसी का बदला ऑपरेशन सिंदूर था। इसकी याद में मुख्यमंत्री ने इस ब्रिज का नाम सिंदूर रखा है।"

### धर्मांतरण रैकेट | 40 अकाउंट में 106 करोड़ रुपए ! ताबिज बेचने वाले छांगुर बाबा के काले साम्राज्य की कहानी

# बुलडोजर कार्रवाई के बाद अब कसता जा रहा ईडी का शिकंजा

● छांगुर बाबा को बलरामपुर में पकड़े गए धर्मांतरण नेटवर्क से जोड़कर देखा जा रहा है

**एजेंसी। आजमगढ़**

छांगुर बाबा की संपत्तियों पर उत्तर प्रदेश प्रशासन की कार्रवाई लगातार तीसरे दिन भी जारी है। वह कथित तौर पर एक धर्मांतरण गिरोह का सरगना है और उसे उत्तर प्रदेश एटीएस ने गिरफ्तार किया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धर्मांतरण रैकेट के कथित सरगना छांगुर बाबा उर्फ जलालुद्दीन की गिरफ्तारी को लेकर एक अहम बयान दिया है। योगी ने असामाजिक और राष्ट्रविरोधी तत्वों के खिलाफ कार्रवाई के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर ज़ोर दिया। आजमगढ़ में 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत एक मेगा अभियान को संबोधित करते हुए योगी ने कहा कि हमने बलरामपुर में एक जल्लाद को गिरफ्तार किया, जो हिंदू बहन-बेटियों की इज्जत के साथ खिलवाड़ करता था। उन्होंने सौफ तौर पर कहा कि हम समाज को टूटने नहीं देंगे और राष्ट्र-विरोधी, असामाजिक तत्वों को भी नष्ट करेंगे, साथ ही धरती माता की रक्षा भी करेंगे। धर्मांतरण गिरोह का सरगना छांगुर बाबा कभी साइकिल पर अंगूठियाँ और करता था। अब उसके पास 40 बैंक खातों में 106 करोड़ रुपये की रकम है जो मुख्य रूप से मध्य पूर्व से प्राप्त हुई है और कम से कम दो करोड़ों की संपत्तियाँ हैं। छांगुर बाबा को उसकी करीबी सहयोगी नीतू उर्फ नसरीन के साथ शनिवार को लखनऊ के एक होटल से उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले में हाल ही में पकड़े गए धर्मांतरण रैकेट के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। तब से, जमालुद्दीन पर शिकंजा कसता जा रहा है। अतिरिक्त महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) अमिताभ यश ने कहा कि आरोपी एक विशाल नेटवर्क चलाता था जो कथित तौर पर जाति-आधारित धर्मांतरण दरों के साथ एक विशेष धार्मिक पृष्ठभूमि की लड़कियों को निशाना बनाता था।



### छांगुर बाबा का साम्राज्य

छांगुर बाबा कभी साइकिल पर अंगूठियाँ और ताबीज़ बेचा करता था। बाद में वे ग्राम प्रधान बन गया। अब तक मिले दस्तावेज़ों के आधार पर, यह पुष्टि हुई है कि उनके 40 अलग-अलग खातों में 106 करोड़ रुपये जमा हुए हैं। जाँच के अनुसार, यह सारा पैसा मध्य पूर्व के इस्लामी देशों से आया है। उत्तर प्रदेश के रेहरा माफ़ी गाँव के रहने वाले छांगुर बाबा का पूरा साम्राज्य नेपाल की सीमा से लगे बलरामपुर ज़िले के उत्तरौला क्षेत्र में है। उन्हें एक बार अपने पैतृक गांव का प्रधान भी नियुक्त किया गया था।

# भारत-ए पुरुष हॉकी टीम ने आयरलैंड को 6-0 से हराया



**एजेंसी। आइंडहोवन**

भारत-ए पुरुष हॉकी टीम ने मौजूदा यूरोप दौरे के दूसरे मैच में भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए आयरलैंड को 6-0 से मात दी। उत्तम सिंह ने एक बार फिर भारत-ए टीम के लिए पहला गोल किया, जिसके बाद कप्तान संजय ने भी गोल दागा। इसके बाद मिडफील्डर मोहम्मद राहिल मोहसिन ने लगातार दो शानदार गोल दागे। वहीं, अमनदीप लाकड़ा और वरुण कुमार ने भी एक-एक गोल किया। भारत-ए ने आयरलैंड को 6-0 से हराकर देश के लिए दूसरी जीत दर्ज की। मैच के बाद कोच शिवेंद्र सिंह ने कहा, "आयरलैंड के खिलाफ हमारे दो मैच वाकई शानदार रहे हैं। मैं खिलाड़ियों के प्रदर्शन से खुश हूं। अब हम फ्रांसीसी टीम से खेलेंगे और उम्मीद है कि हम उतना ही प्रभावशाली प्रदर्शन करेंगे।"मंगलवार को, भारत ने हॉकी क्लब ओरांजे-रूड में आयरलैंड पर 6-1 की शानदार जीत के साथ अपने यूरोप दौरे की शुरुआत की थी। उत्तम सिंह ने टीम के लिए पहला गोल किया और बाद में अमनदीप ने टीम की बढ़त को और मजबूत कर दिया। इसके बाद आदित्य लालागे ने लगातार दो गोल दागे। फॉरवर्ड सेल्वम कार्ति और बॉबी सिंह धामी ने भी एक-एक गोल दागकर स्कोरशीट में जगह बनाई। आयरलैंड सिर्फ एक गोल ही कर सका था। भारत अगले दो हफ्तों तक फ्रांस, इंग्लैंड, बेल्जियम और मेजबान नीदरलैंड के खिलाफ खेलेगा। यूरोप दौरे पर इन मैच के जरिए खिलाड़ियों की डेप्थ और तैयारी की परीक्षा ली जा रही है। राष्ट्रीय सेटअप भारतीय सीनियर टीम के लिए एक मजबूत प्रतिभा पूल तैयार करने की दिशा में कार्य कर रहा है। इस दौरे के माध्यम से, हॉकी इंडिया का टारगेट भारतीय पुरुष राष्ट्रीय टीम के लिए टैलेंट पूल को मजबूत करना और भारतीय हॉकी के अगले सितारों को अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने का एक्सपीरियंस देना है। कप्तान संजय का मानना है कि यह दौरा टीम की ताकत को समझने का एक शानदार मौका है।

## सीनियर मेंस नेशनल कैंप के लिए 33 सदस्यीय कोर ग्रुप का ऐलान

**बेंगलुरु।** हॉकी इंडिया ने गुरुवार को सीनियर मेंस नेशनल कोचिंग कैंप के लिए 33 सदस्यीय संभावित खिलाड़ियों की घोषणा कर दी। यह कैंप 14 जुलाई से 7 अगस्त तक बेंगलुरु स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) केंद्र में आयोजित होगा। आगामी कैंप भारतीय टीम के लिए एक अहम तैयारी चरण है, क्योंकि टीम दो बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट्स की तैयारी में जुटी है। यूरोप में भारत का एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 में अभियान निराशाजनक रहा था। यहां भारत ने आठ में से केवल एक मैच जीता। उसे लीग में आठवें स्थान पर रहना पड़ा।

"आयरलैंड के खिलाफ हमारे दो मैच वाकई शानदार रहे हैं। मैं खिलाड़ियों के प्रदर्शन से खुश हूं : कोच शिवेंद्र सिंह




# एक ही ओवर में रेड्डी ने इंग्लैंड को दिए दो झटके



**लॉड्र्स।** भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का तीसरा टेस्ट गुरुवार को ऐतिहासिक लॉड्र्स क्रिकेट स्टेडियम में शुरू हुआ। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और लंच तक दो विकेट के नुकसान पर 83 रन बना लिए। ओली पोप 12 और जो रूट 24 रन बनाकर नाबाद हैं। इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम को पहला झटका 43 के स्कोर पर बेन डकेट के रूप में लगा। वह 23 रन बनाकर आउट हुए। जैक क्रॉले की असफलता का दौर जारी रहा। वह दूसरे विकेट के रूप में 18 रन बनाकर आउट हुए। तब टीम का स्कोर 44 था। इंग्लैंड को दोनों झटके पारी के 14वें ओवर में नितीश कुमार रेड्डी ने दिए। इसके बाद ओली पोप और जो रूट ने सावधानी से बल्लेबाजी की और लंच तक टीम को कोई और नुकसान नहीं होने दिया। दोनों के बीच 39 रन की साझेदारी हो चुकी है। पोप 34 गेंद में 12 और रूट 34 गेंद में 24 रन बनाकर खेल रहे हैं। ये दोनों बल्लेबाज दूसरे सेशन में कैसा प्रदर्शन करते हैं, इस पर इंग्लैंड की पारी काफी हद तक निर्भर करेगी। अगर इनका विकेट गिरता है, तो भारतीय टीम का पलड़ा भारी होगा। अगर ये आउट नहीं हुए, तो इंग्लैंड बड़ा स्कोर बना सकती है। दोनों टीमें मैच में बड़े बदलाव के साथ उतरी हैं। भारत ने प्रसिद्ध कृष्णा की जगह तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को टीम में जगह दी है। उन्हें पिछले टेस्ट में वर्कलोड मैनेजमेंट के तहत आराम दिया गया था। हालांकि बुमराह पहले सेशन में अपना प्रभाव छोड़ने में सफल नहीं रहे हैं। इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने उन्हें सावधानी से खेला और कोई भी विकेट उन्हें नहीं दिया है। इंग्लैंड टीम ने भी एक बदलाव किया है। चार साल बाद जोफ्रा आर्चर टेस्ट क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं। उन्हें जोश यंग की जगह टीम में मौका दिया गया है।

## लंच तक इंग्लैंड के 83/2

# फीफा क्लब 2025 : रियल मैड्रिड को 4-0 से हराकर फाइनल में पीएसजी

**एजेंसी। न्यू जर्सी**



पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने रियल मैड्रिड को 4-0 से शिकस्त देकर फीफा क्लब विश्व कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। पीएसजी की जीत के हीरो फाबियन रुइज रहे, जिन्होंने दो गोल दागे। यह मुकाबला मेटलाइफ स्टेडियम में गुरुवार (भारतीय समयानुसार) को खेला गया। अब पीएसजी की टीम खिताबी मुकाबले में इंग्लिश क्लब चेल्सी से भिड़ेगी, जिसने सेमीफाइनल में फ्लुमिनेंस को 2-0 से हराया है। भारत में इस फाइनल मैच की शुरुआत 14 जुलाई को रात 12 बजकर 30 मिनट पर होगी। रियल मैड्रिड के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले में लुइस एनरिके की टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल अपनाते हुए दबदबा बनाए रखा। मुकाबले के छठे मिनट फाबियन रुइज ने गोल दागकर पीएसजी को शुरुआती बढ़त दिला दी।

इसके बाद ओउस्माने डेम्बेले ने 9वें मिनट में गोल करते हुए टीम को 2-0 से बढ़त में ला दिया। बार्सिलोना के पूर्व फॉरवर्ड ने 2025 में अपने क्लब के लिए 33 मैचों में 27 गोल दागे हैं। 27वें मिनट फाबियन रुइज ने एक और गोल करते हुए पीएसजी के फैंस को खुशी से झूमने पर मजबूर कर दिया। यहां से रियल मैड्रिड की टीम पर काफी दबाव था, लेकिन मैड्रिड गोल करने में कामयाब नहीं हुई। 87वें मिनट गोंसालो रामोस ने भी गोल करते हुए अपना खाता खोला और पीएसजी को 4-0 से लीड दिला दी। पीएसजी की टीम इससे पहले लीग-1, कप डे फ्रांस और यूईएफए चैंपियंस लीग अपने नाम कर चुकी है। फीफा क्लब वर्ल्ड कप की शुरुआत साल 2000 में हुई थी। यह टूर्नामेंट हर साल आयोजित होता है। इसमें दुनियाभर की बड़ी क्लब फुटबॉल टीमें हिस्सा लेती हैं, जिसका उद्देश्य दुनिया की सबसे बेहतरीन क्लब टीम का फैसला करना है।

# भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने टी20 सीरीज पर जमाया कब्जा



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टी20 मैच में छह विकेट से जीत दर्ज की। इसी के साथ भारत ने इंग्लैंड की सरजमीं पर इतिहास रच दिया है। भारतीय महिला टीम ने पहली बार इंग्लैंड के खिलाफ उन्हीं के घर में दो या उससे अधिक मुकाबलों की टी20 सीरीज अपने नाम की है। भारत ने इंग्लैंड में पहली बार साल 2006 में टी20 क्रिकेट खेला था। इस दौरान सिर्फ एक ही टी20 मैच खेला गया, जिसमें भारत ने आठ विकेट से जीत दर्ज की थी। भारत-इंग्लैंड की महिला टीमों के बीच पांच मुकाबलों की टी20 सीरीज का यह मुकाबला मैनचेस्टर में खेला गया, जिसमें इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। इंग्लैंड को अपना ही निर्णय भारी पड़ गया। टीम ने 21 के स्कोर पर डेनियल व्याट-हॉज (5) का विकेट खो दिया। इसके बाद टीम ने निरंतर अंतराल पर विकेट गंवाए। मेजबान टीम निर्धारित ओवरों तक सात विकेट खोकर महज 126 रन बना सकी। इस टीम के लिए सोफिया डंकले ने 19 गेंदों में सर्वाधिक 22 रन की पारी खेली, जबकि कप्तान टैमी ब्यूमोंट ने 19 गेंदों में 20 रन बनाए। भारत की ओर से श्री चरणी और राधा यादव को दो-दो विकेट हाथ लगे, जबकि अमनजोत कौर और दीप्ति शर्मा ने एक-एक विकेट अपने नाम किया।

# हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष और सीईओ गिरफ्तार

**हैदराबाद।** तेलंगाना पुलिस के क्राइम इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट ने हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, सीईओ और दो अन्य को जालसाजी, धोखाधड़ी और फंड्स के दुरुपयोग के आरोप में गिरफ्तार किया है। सीआईडी ने गुरुवार को बताया कि उसने एचसीए अध्यक्ष ए. जगन मोहन राव, कोषाध्यक्ष सी.जे. श्रीनिवास राव, सीईओ सुनील कांते, श्री चक्र क्रिकेट क्लब के महासचिव राजेंद्र यादव और चक्र क्रिकेट क्लब की अध्यक्ष जी. कविता को गिरफ्तार किया है। सीआईडी की एडिशनल डीजीपी चारु सिन्हा के अनुसार, यह आरोपियों के जरिए धोखाधड़ी और फंड्स के दुरुपयोग के उद्देश्य से दस्तावेजों की जालसाजी और आपराधिक विश्वासघात का मामला है। तेलंगाना क्रिकेट एसोसिएशन के धरम गुरुवा रेड्डी की शिकायत के आधार पर, सीआईडी ने 9 जून को विभिन्न धाराओं के तहत आपराधिक मामला दर्ज किया।

# ओमान मेंस टी20 वर्ल्ड कप एशिया एंड ईस्ट एशिया-पैसिफिक क्वालीफायर की मेजबानी करेगा

**एजेंसी। दुबई**



ओमान इस साल अक्टूबर में आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप एशिया एंड ईस्ट एशिया-पैसिफिक क्वालीफायर की संयुक्त मेजबानी करेगा। आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप एशिया एंड ईस्ट एशिया-पैसिफिक क्वालीफायर में नौ टीमें हिस्सा लेने जा रही हैं।

2024 के सब-रीजनल क्वालीफायर कुवैत, मलेशिया, यूएई, कतर, जापान, समोआ, नेपाल, पापुआ न्यू गिनी और मेजबान ओमान के साथ मिलकर अगले साल होने वाले आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में तीन स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे।

इन टीमों में से ओमान, नेपाल, पापुआ न्यू गिनी और यूएई पहले भी पुरुष टी20 विश्व कप में हिस्सा ले चुके हैं। यह टूर्नामेंट 10 दिनों तक चलेगा, जिसमें ग्रुप चरण 8-10 अक्टूबर तक खेला जाएगा। नौ टीमों को तीन-तीन के तीन ग्रुप में बांटा गया है। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सुपर सिक्स चरण में पहुंचेंगी, जो 12-17 अक्टूबर तक खेला जाना है। सुपर सिक्स चरण के अंत में, शीर्ष तीन टीमें भारत और श्रीलंका में होने वाले पुरुष टी20 विश्व कप 2026 में अपनी जगह पक्की करेंगी।

ग्रुप-1 में संयुक्त अरब अमीरात, मलेशिया और कतर की टीमें शामिल हैं, जबकि ग्रुप-2 में नेपाल और कुवैत के साथ-साथ पूर्वी एशिया-प्रशांत की उभरती हुई ताकत जापान भी है। मेजबान ओमान, पापुआ न्यू गिनी और समोआ के साथ ग्रुप-3 में है।

# दूसरे टेस्ट के बाद टीम इंडिया पर दबाव कम होता दिख रहा है: शिखर

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत-इंग्लैंड के बीच गुरुवार से लॉड्र्स में तीसरे टेस्ट की शुरुआत होने जा रही है। पूर्व भारतीय ओपनर शिखर धवन ने युवा कप्तान शुभमन गिल की तारीफ की है। उनके मुताबिक सीरीज में टीम इंडिया पर दबाव कम हो गया है। शिखर धवन ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से कहा, "मैं पूरी टीम को 58 साल बाद एजबेस्टन में जीत के लिए बधाई देना चाहता हूं। यह एक अभूतपूर्व उपलब्धि है। दूसरे टेस्ट में जिस तरह से भारतीय खिलाड़ियों ने वापसी की, इसने उनके जज्बे को दिखाया है।"

धवन ने युवा कप्तान की तारीफ में कहा, "शुभमन गिल ने 269 और 161 रनों की शानदार पारियों के साथ आगे बढ़कर नेतृत्व किया। बुमराह की अनुपस्थिति में, मोहम्मद सिराज और आकाशदीप ने गेंद से उनका शानदार साथ दिया। पहले टेस्ट में भले ही हम हार गए थे, लेकिन प्रदर्शन पॉजिटिव था।"शिखर धवन ने लीड्स में खेले गए पहले टेस्ट को लेकर कहा, "गिल ने 147 रन की मजबूत पारी खेली, जबकि ऋषभ पंत ने दो शतक जड़ते हुए शानदार प्रदर्शन किया।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# सेंसेक्स 350 अंक तो निफ्टी में 100 अंक फिसला

**एजेंसी। नई दिल्ली**




हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन आज यानी गुरुवार, 10 जुलाई को सेंसेक्स 350 अंक गिरकर 83,200 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं निफ्टी में 100 अंक से ज्यादा की गिरावट है, ये 25,360 पर कारोबार कर रहा है। हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन 9 जुलाई को सेंसेक्स 176 अंक गिरकर 83,536 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 46 अंक की गिरावट है, ये 25,476 पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और चीन का शंघाई एसएसई कम्पोजिट फायदे में रहे जबकि जापान का निक्की 225 नुकसान में रहा। अमेरिकी बाजार बीते दिनों सकारात्मक रुख के साथ बंद हुए थे। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 70.15 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बुधवार को लिवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 77 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

**आय सत्र की शुरुआत:** भारत की सबसे बड़ी सॉफ्टवेयर निर्यातक कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS) आज वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाही के आय सत्र की शुरुआत करने वाली है। आईटी क्षेत्र वर्तमान में कई चुनौतियों का सामना कर रहा है, जिनमें कमजोर वैश्विक मांग, व्यापार तनाव को लेकर बढ़ती चिंताएँ और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रभाव को लेकर अनिश्चितता शामिल है। सत्र के दौरान निफ्टी आईटी सूचकांक में 1 प्रतिशत तक की गिरावट आई।

**व्यापार समझौते को लेकर चिंताएं:** भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता को लेकर अनिश्चितता के बीच निवेशक सतर्क हैं। हालाँकि भारत का नाम अभी तक ट्रम्प प्रशासन द्वारा नए टैरिफ उपायों का सामना करने वाले देशों की सूची में नहीं है, लेकिन भविष्य में कार्रवाई की संभावना ने धारणा को नियंत्रित रखा।

**कमज़ोर वैश्विक संकेत:** एशियाई शेयरों में मिला-जुला कारोबार हुआ, जापान का निक्केई 225 सूचकांक 1 प्रतिशत तक गिर गया। अमेरिकी शेयर वायदा भी लाल निशान में रहे, जो वॉल स्ट्रीट की कमज़ोर शुरुआत का संकेत था।

**फार्मा शेयरों पर दबाव:** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा दवा उत्पादों पर संभावित 200 प्रतिशत टैरिफ लगाने के संकेत के बाद, जिसे एक साल की मोहलत के बाद लागू किया जाएगा, फार्मा शेयरों पर भी दबाव देखा गया। इस कदम से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएँ बाधित हो सकती हैं और भारत, जो अमेरिका को जेनेरिक दवाओं का एक प्रमुख निर्यातक है, पर गहरा असर पड़ सकता है।

एफटीए से कृषि क्षेत्र की वृद्धि को मिल रहा बढ़ावा

# 25 करोड़ सॉइल हेल्थ कार्ड बांटे गए : पीयूष गोयल



**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात, यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) देशों और ब्रिटेन सहित विकसित देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के माध्यम से सहायक नीतियों, राजकोषीय प्रोत्साहनों, कम टैरिफ बाधाओं और नए बाजार तक पहुंच के जरिए कृषि क्षेत्र में प्रगति हुई है। 16वें एग्रीकल्चर लीडरशिप कॉनक्लेव को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि संतुलित उर्वरक इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए किसानों को 25 करोड़ सॉइल हेल्थ कार्ड बांटे गए हैं और किसान क्रेडिट कार्ड पहल के माध्यम से फसल ऋण सुलभ कराए गए हैं। केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने कृषि क्षेत्र को अपने विकास एजेंडे में लगातार सबसे आगे रखा है। पीएम-किसान सम्मान निधि योजना से बड़ी संख्या में किसान परिवार लाभान्वित हुए हैं। इसके अतिरिक्त, 1,400 मंडियों को ई-नाम प्लेटफॉर्म के साथ इंटीग्रेट किया गया है, जिससे देश भर के किसानों को फसल की कीमतों की वास्तविक समय की जानकारी प्राप्त करने और बाजार संपर्क बढ़ाने में मदद मिली है। केंद्रीय मंत्री ने उपस्थित लोगों को बताया, "उर्वरक क्षेत्र में, सरकार ने किसानों को किफायती दामों पर उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त सब्सिडी प्रदान की है। इसके अलावा, कोरोना महामारी के दौरान भी किसानों को समय पर उर्वरक की सप्लाई सुनिश्चित की गई।"

उन्होंने कहा कि वैश्विक बाजार में उथल-पुथल और निर्यात में गिरावट के बावजूद, भारत के कृषि क्षेत्र ने शानदार मजबूती प्रदर्शित की है।

# विवादों के बीच लांच हुआ एलन मस्क का ग्रोक 4

**एजेंसी। नई दिल्ली**




एलन मस्क की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) कंपनी एक्सएआई ने अपना नया और सबसे एडवांस AI चैटबॉट ग्रोक 4 लॉन्च कर दिया है। यह लॉन्च एक ऐसे समय में हुआ है जब कुछ दिन पहले ही ग्रोक को यहूदी-विरोधी और नस्लवादी टिप्पणियां करने के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा था, जिसके बाद कंपनी ने ऐसी आपत्तिजनक पोस्ट्स को हटा दिया था।

ग्रोक 4 को X (पहले ट्विटर) पर एक लाइवस्ट्रीम के दौरान पेश किया गया, जिसमें एलन मस्क और xAI टीम के सदस्य मौजूद थे। मस्क ने लॉन्च के मौके पर कहा कि उनके पास ग्रोक का टेस्ट करने के लिए सवाल खत्म हो गए हैं, और 'वास्तविकता ही अंतिम तर्क परीक्षा है।' मस्क ने ग्रोक 4 की भविष्य की क्षमताओं के बारे में भी बड़े दावे किए हैं। उनका कहना है कि इस साल के अंत तक ग्रोक नई टेक्नोलॉजी खोजनी शुरू कर सकता है, और अगले दो सालों में तो यह नई फिजिक्स भी ढूंढ सकता है। उन्होंने अपनी पोस्ट को यह कहकर खत्म किया, 'इसे समझ लीजिए।'

**ग्रोक 4 कैसे मिलेगा?**

ग्रोक 4, X पर एक नए प्रीमियम सब्सक्रिप्शन का हिस्सा होगा। इसे $300 प्रति माह के 'प्रो' सब्सक्रिप्शन के तहत खरीदा जा सकता है। यह उन लोगों के लिए बनाया गया है जो एक ऐसा चैटबॉट चाहते हैं जो सिर्फ बेसिक सवालों के जवाब देने से कहीं आगे बढ़कर जटिल विषयों और विचारों को भी समझ और संभाल सके।

## जर्जर पुलिया से हर दिन गुजर रहा खतरा प्रशासन मौन

**महुआडांड़।** प्रखंड अंतर्गत दुरूप पंचायत के छगरही टोला स्थित पुलिया पिछले एक साल से क्षतिग्रस्त स्थिति में है। जो अब जानलेवा बन चुकी है। यह पुलिया लगभग आधा दर्जन गांवों को जोड़ती है। प्रतिदिन यहां से एक बस समेत सैकड़ों वाहन गुजरते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, पुलिया का एक पाया धंस चुका है। जिससे उसकी मजबूती पर सवाल खड़े हो गए हैं। कभी भी बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। इसके बावजूद न तो पुल की मरम्मत हुई है और न ही किसी अधिकारी ने इस ओर गंभीरता से ध्यान दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि इस पुलिया के धंसने की वजह से पहले भी कई छोटे-बड़े हादसे हो चुके हैं। अब सवाल यह उठता है कि प्रशासन किसी बड़ी जान-माल की क्षति का इंतजार कर रहा है क्या। इस पुल का निर्माण करीब सात साल पूर्व किया गया था। लेकिन अब इसकी हालत जर्जर हो चुकी है। लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र अतिशीघ्र पुलिया की मरम्मत कराई जाए, ताकि किसी अनहोनी से बचा जा सके।

### मनरेगा, शिक्षा व समाज कल्याण योजनाओं की समीक्षा

# किसानों को समय पर बीज वितरण सुनिश्चित करें : डीडीसी

**नवीन मेल संवाददाता**




**लातेहार।** उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मनरेगा, अबुआ आवास योजना, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग तथा समाज कल्याण विभाग से संबंधित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

इन बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय स्थापित कर सभी योजनाओं के कार्यान्वयन में पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मनरेगा के तहत मजदूरों को समय पर भुगतान, कार्यस्थलों पर आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जल्द से जल्द लंबित योजनाओं को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने विशेष रूप से बागवानी योजना के तहत नए आम बागान लगाने के कार्य में तेजी लाने को कहा। इसके लिए समन्वय बनाकर पीट खुदाई का कार्य समयबद्ध रूप से पूरा करने का निर्देश दिया गया।

अबुआ आवास योजना की समीक्षा करते हुए अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने एवं लक्ष्य के अनुरूप लाभुकों को योजना स्वीकृति, स्वीकृति के अनुरूप लाभुकों को किस्त का भुगतान करने का निर्देश दिया गया। शिक्षा विभाग से छात्रवृत्ति, नामांकन एवं आधार सीडिंग की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली गई। कृषि विभाग को किसानों को समय पर बीज वितरण सुनिश्चित करने को कहा गया।

धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान₹ के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए एक सप्ताह में सर्वे कार्य को पूर्ण करने की बात कही गई।

बैठक में आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई , डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी , सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, जेएसएलपीएस डीपीएम , संबंधित अन्य पदाधिकारी , कर्मी उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मना गुरु पूर्णिमा

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मूरत यादव सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बालूमाथ में बुद्ध पूर्णिमा के शुभ अवसर पर वेदव्यास की जयंती मनाई गई। इस दौरान विद्यालय के भैया बहन एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने विधिवत वेदव्यास की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया गया। मौके पर प्रधानाचार्य अनीकांत पाठक ने वेदव्यास की जीवनी बच्चों को विस्तार पूर्वक बतलाई।

### सरयू में झामुमो कमिटी विस्तार को लेकर बैठक

**लातेहार।** झारखंड मुक्ति मोर्चा सरयू की प्रखंड की गुरुवार कमिटी विस्तार को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता संजय उरांव ने की। बैठक में मुख्य रूप से जिला सचिव सह सरयू जिप सदस्य बुद्धेश्वर उरांव शामिल हुए। बैठक में महिला मोर्चा अल्पसंख्यक मोर्चा, किसान मोर्चा और युवा मोर्चा के विस्तार को लेकर नामों की अनुसंशा के लिए जिला कमिटी के माध्यम से सेन्ट्रल कमिटी को भेजने का निर्णय लिया। बैठक में मुख्य रूप से दिनायक करीम, उपाध्यक्ष पॉल एक्का, कार्तिक उरांव, जसविर उरांव, राजू नायक, मंजू देवी, सुनीता देवी सहित दर्जनों झामुमो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में 9 लोग गंभीर रूप से घायल

**लातेहार।** चंदवा थाना क्षेत्र के ब्राह्मणी के पास एनएच-39 सड़क में ट्रेलर ने यात्री से भरे टेंपो वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में टेंपो चालक समेत 9 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को एंबुलेंस से लातेहार सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉ ऋषभ झा ने प्राथमिक इलाज किया गया और गंभीर स्थिति को देखते हुए 6 घायलों को रिम्स रेफर कर दिया गया है। घायलों में गुड़िया देवी (बारियातू), कलौती देवी, चरकू भुईयां (दोनों बारी, चंदवा), रोशन उरांव, सैलेश्वरी देवी (दोनों धनकारा, लातेहार), चालक रंजीत प्रसाद, ममता देवी (मैक्लुस्कीगंज), प्रतिमा देवी (हौलांग, मासियातू, बालूमाथ) शामिल हैं। गुड़िया, कलौती, रोशन, सैलेश्वरी, चरकू और चालक रंजीत प्रसाद को रिम्स रेफर किया गया है। गुड़िया का हाथ टूटा है। जबकि अन्य चार रेफर घायलों का पैर टूटा हैं। चालक रंजीत प्रसाद ने बताया कि वह लातेहार से सवारी लेकर चंदवा जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से तेज रफ्तार ट्रक आया और सीधी टक्कर मार दी।

### नाले से मिला तैरता हुआ शव

**महुआडांड़।** थाना क्षेत्र के शिवनगर गांव के नाले में गुरूवार को लोगों ने एक तैरता हुआ शव देखा। इसकी पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी थाना को दिया। थाना प्रभारी मनोज कुमार के निर्देश पर पुआनि आंनद कुमार, दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। शव को पानी से बाहर निकला गया। अधिक समय पानी में रहने के कारण शव फूल चुका था एवं दुर्गंध आ रहा था। शव की शिनाख्त रेगांई टोंकाटोली निवासी विजय कुजुर, पिता स्व विक्टर कुजुर उम्र 50 वर्ष के रूप में हुई। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक व्यक्ति बहुत शराब पीता था, नशे में होने के कारण नाला में गिर गया होगा। मृतक का एक पैर भी खराब था। पुआनि आंनद कुमार ने बताया कि हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है कि यह हत्या या आत्महत्या मामला है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा, रिपोर्ट आने पर आगे कुछ कहा जाएगा।

### लगातार बारिश से मक्का व बादाम की खेती प्रभावित

**महुआडांड़ ।** प्रखंड क्षेत्र में हो रही लगातार मूसलाधार बारिश ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। खेतों में पानी भर जाने के कारण मक्का और बादाम की बुवाई अब तक शुरू नहीं हो सकी है। जिससे किसानों में भारी निराशा व्याप्त है। महुआडांड़ प्रखंड के अधिकांश किसान कृषि पर ही निर्भर हैं। यहां मक्का और बादाम प्रमुख फसलें मानी जाती हैं, जिनकी बुवाई का यही उपयुक्त समय होता है। लेकिन मौसम की मार के कारण किसान खेत में बीज डालने तक की स्थिति में नहीं हैं। किसानों का कहना है कि यदि कुछ ही दिनों में मौसम में सुधार नहीं हुआ, तो इस साल की खेती पर गंभीर असर पड़ेगा, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। कृषि विशेषज्ञों का भी मानना है कि लगातार जलजमाव और देरी से बुवाई होने पर फसल उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

### सिंदूवारी गुरु मठ में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**मयूरहंड (चतरा)।** जिले के मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र के सिंदूवारी गुरुमठ में गुरुवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर हजारों की संख्या में महिला श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गयी। आस्था के इस पावन अवसर पर बारिश के बावजूद हजारीबाग एवं चतरा जिले के विभिन्न गांवों से हजारों की संख्या में महिला श्रद्धालु गुरु मठ पहुंच पूजा अर्चना कर अपने गुरुओं को याद किया। वहीं इस मौके पर गुरु महराज रामकिशोर तिवारी ने दर्जनों शिष्यों को गुरुमुख करवाआ। ज्ञात हो कि सिंदूवारी गुरु मठ लगभग हजारों वर्ष पुराना ऐतिहासिक स्थल है। जहां दर्जनों गुरुओं का समाधि स्थल स्थापित होने के साथ राम जानकी मंदिर के अलावा शिव मंदिर स्थापित है। मंदिर के मठाधीश ही गुरु होते हैं जो शिष्यों को गुरुमुख कर जीवन का संस्कार देते हैं। इस मंदिर के चय एवं चम्पा परगना के बुंदेल राजपूत समाज के अलावा अन्य समाज के लोग शिष्य हैं। इस अवसर पर मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में दिवाकर सिंह, अजय कुमार सिंह, श्याम सुंदर सिंह, संत कुमार सिंह, राम कुमार सिंह ने अहम भूमिका निभाई।

## चैनपुर-नेवरा रोड का निर्माण जल्द हो : अरुणा शंकर

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने चैनपुर नेवरा रोड में कल एक और हुए दुर्घटना पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए बताया कही। आखिर कितने लोगों को जख्मी करेगा चैनपुर नेवरा रोड और कब प्रशासन एवं जवाबदेह लोगों की आंख खुलेगी। प्रथम महापौर ने कहा बुधवार रात सुनील कुमार गुप्ता जो चैनपुर बाजार मोहल्ला वार्ड नंबर 35 का रहने वाला है। रतनलाल हीरो होंडा से काम कर चैनपुर नवरा मार्ग से घर लौट रहा था जो रोड में बने बड़े-बड़े गड्ढे में पानी भरा होने के कारण समझ नहीं सका और गिर गया जहां गड्ढे में पड़ा शीशा से उसका पेट बुरी तरह कट गया जिसे कई टांके लगे हैं। प्रथम महापौर ने कहा हर वर्ष बरसात आने पर ऐसी कई घटनाएं होती लेकिन प्रशासन एवं जवाबदे लोग खामोश रहते हैं। रोटरी स्कूल के बच्चे बरसात के दिनों में टेंपो पलटने के डर से स्कूल नहीं जाते, प्रसूति वाली महिलाएं उस मार्ग से आवागमन बंद कर देती, कई गाड़ियां दुर्घटनाग्रस्त हो रही लेकिन किसी के कान में जू नहीं रेंग रहा ' प्रथम महापौर ने कहा अगर अभी प्रशासन उस मार्ग का तत्काल रिपेयर नहीं कराया तो चैनपुर शाहपुर की जनता, रोटरी स्कूल के बच्चे, पलामू चैंबर के सदस्यों एवं पांचों वार्ड के पार्षद के साथ मैं खुद धरने पर तब तक बैठूंगी जब तक इसका समाधान ना निकले।

### पवित्र श्रावण मास की शुरुआत आज से

# भगवान शिव को जल दूध अर्पित कर भक्त मांगेंगे आशीर्वाद

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** भगवान भोलेनाथ को समर्पित पवित्र श्रावण मास का शुक्रवार से शुभारंभ हो जाएगा। इस दौरान पूरे श्रावण माह भी भगवान भोलेनाथ के अनेक भक्त पूरे श्रावण मास उनकी अराधना, व्रत आदि करते हैं। जहां मंदिरों में प्रतिदिन पूरे मास भक्तगण भगवान शिव का दूध एवं गंगाजल आदि से अभिषेक करते हैं। वहीं मंदिरों में विशेषकर सोमवार एवं शिवरात्रि के दिन भारी भीड़ रहती है। श्रावण मास का प्रतिपदा की शुरूआत के बाद शुक्रवार से ही शिवालयों में हर हर महादेव के जयकारों के साथ शिव की विशेष पूजा अर्चना का दौर शुरू हो जाएगा। जिला मुख्यालय के प्रसिद्ध मंदिरों नर्मदेश्वर महादेव मंदिर, कामना पूर्ति शिव मंदिर, पहाड़ी शिव मंदिर, बुढ़वा शिव मंदिर, पुलिस लाइन रोड स्थित शिवालय, शिव शक्ति धाम सुदना में शिवरात्रि के दौरान पूरे माह के साथ श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को भक्तों की देवाधिदेव महादेव का जलाभिषेक करने के लिए भारी भीड़ लगती है। भक्त इस दौरान भक्तगण दूध, दही, शहद, गंगाजल, घृत, भांग, धतूरा, शमी के पत्ते, फल, फूल आदि सामान समर्पित कर भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करते है। इसके अतिरिक्त जिले से बड़ी संख्यामें पूरे माह भक्तों देवघर स्थित बाबा नगरी जाते हैं।वहीं हजारों भक्त प्रत्येक सोमवार को उपवास रखते हैं। जबकि विभिन्न मंदिरों तथा अपने घरों में भक्ति रुद्राभिषेक एवं शिव चालीसा का पाठ कर भगवान शिव का आशीर्वाद मांगते हैं। इस दौरान महिलाओं में श्रावण मास को लेकर विशेष उत्साह देखा जाता है।

**सावन 2025 की अवधि :** सावन की शुरूआत 11 जुलाई यानी शुक्रवार से हो रही है। जिसकी समाप्ति 9 अगस्त को होगी। इस अवधि के दौरान कुल 30 दिन श्रावण मास को समर्पित होगा। इस दौरान पहली सोमवारी 14 जुलाई, दूसरी सोमवारी 21 जुलाई,तीसरी सोमवारी 28 जुलाई व चौथी सोमवारी 4 अगस्त को होगी।

## जिले में खुलने लगी शराब की दुकान उत्पाद विभाग करेगा संचालन

- **विधि व्यवस्था को बनाए रखने हेतु होमगार्ड जवानों नियुक्त**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में करीब एक सप्ताह बंद रहने के बाद शराब दुकानों को दोबारा खोलने की प्रक्रिया चल रही है हालांकि सरकार द्वारा स्पष्ट निर्देश नहीं प्राप्त होने के कारण दुकान का संचालन उत्पाद विभाग द्वारा किया जाएगा। बताते चलें कि बीते 30 जून को शराब दुकान का संचालन कर रही एजेंसी का कार्यकाल समाप्त हो गया था। जिसके बाद आगे सरकार द्वारा शराब दुकानों के संचालन हेतु निविदा प्राप्त होने तक झारखंड स्टेट बेवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा टेकओवर किया गया था। बताते चलें कि जिले में 79 शराब की दुकानें हैं जिनमें अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार दो दर्जन दुकानों की शुरूआत की जा चुकी है। जिनमें अधिकतर मेदिनीनगर निगम क्षेत्र की दुकानें हैं। इसके अलावा लेस्लीगंज, पांकी, हरिहरगंज, हुसैनाबाद के भी कई दुकान शामिल हैं। उत्पाद अधीक्षक संजीत देव ने बताया कि सरकार से शराब बिक्री हेतु स्पष्ट निर्देश मिलने तक अस्थाई तौर पर इन दुकानों का संचालन उत्पाद विभाग द्वारा किया जाएगा। आगे कुछ दिनों में और भी शराब दुकानों में शराब की बिक्री शुरू की जाएगी। हालांकि इस दौरान शराब दुकानों के बाहर विधि व्यवस्था को बनाए रखने हेतु होमगार्ड जवानों को भी लगाया जा रहा है।

### ई-रिक्शा का किया गया जांच

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर बस स्टैंड के पास टेंपो गाड़ियों का जांच किया गया। जांच के क्रम में पाया गया कि वन वे में जबरदस्ती जेल हाता चौक से छः मुहान के तरफ आ रहे हैं। कुछ टेंपो एवं ई रिक्शा टेंपो सवारी गाड़ी बगैर नंबर के गाड़ी चला रहे थे और कुछ चालकों के पास लाइसेंस भी नहीं था। 11 ई-रिक्शा टेंपो सवारी गाड़ी और 3 टेंपो सवारी गाड़ी को जब्त कर शहर थाना परिसर में रखा गया है। सभी गाड़ियों का चालान जिला परिवहन कार्यालय पलामू भेजा गया है। वहीं एक मोटरसाइकिल चालक शराब पीकर अपनी गाड़ी चला रहा था उसको भी फाइन किया गया है। टोटल 26,337 रुपए का चलान काटा गया है।

## एमके डीएवी का छात्र हुआ सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज में इंग्लिश ओलिंपियाड 2025 के विजेता छात्र को सम्मानित किया गया। डीएवी क्षमता संवर्धन केंद्र नई दिल्ली द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित इंग्लिश ओलिंपियाड 2025 में एमके डीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज के नवम 'ब' के छात्र मोइनुद्दीन खान ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार प्रदर्शन किया। मोइनुद्दीन खान को विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य आलोक कुमार ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया । छात्रों को संबोधित करते हुए प्रभारी प्राचार्य आलोक कुमार ने कहा कि इस विद्यालय के छात्र पठन-पाठन के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी शानदार प्रदर्शन करते हैं। विद्यालय में उन्हें हर तरह का सहयोग, वातावरण व मंच प्रदान किया जाता है। उन्होंने मोइनुद्दीन खान एवं उनके अभिभावकों को बधाई एवं शुभकामना दी। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक सी एस पांडे, नीरज श्रीवास्तव, एके पांडे, कन्हैया राय, तुसार घोष, नीरज सिन्हा, अन्नत पाठक, विक्रम राय उपस्थित थे। मंच संचालन शिक्षक जितेंद्र तिवारी ने किया।

## पेज एक के शेष

### 36 घंटे तक...

लोग इसी के बीच से आवाजाही करने को मजबूर दिखे। कई इलाकों में गाद और कीचड़युक्त पानी जमा होने के बाद लोगों का घर से निकलना दूभर हो गया। मलीन और नई बस्तियों व कॉलोनियों में रह रहे लोगों को कच्चे मार्ग पर चलना खतरनाक हो गया। घरों में पानी घुसा तो दूसरी जगह गए लोग शहर के मुख्य इलाकों में शुमार हरमू रोड का विद्यानगर, गंगानगर, श्रीनगर, इटकी रोड में सुंदरनगर, पंडरा में पंचशील नगर, रातू रोड के कटहल गोंदा, सरोवर नगर, लटमा का विकास नगर, हातमा, बूटी मोड के जयप्रकाशनगर, कोकर का हैदर अली लेन, तिरिल, कांटाटोली का गौसनगर, मौलाना आजाद कॉलोनी, निवारणपुर, डिबडीह, पुंदाग के रहमतनगर कॉलोनी, हिंदपीढ़ी का नेजामनगर समेत कई मुहल्लों में जलजमाव हो गया। पंडरा शांतिनगर में घरों में पानी घुसने की वजह से कई लोगों को दूसरे स्थान पर जाना पड़ा। वहीं, सर्वे ऑफ इंडिया कॉलोनी का कच्चा पहुंच पथ कीचड़ में तब्दील हो गया। इससे लोगों के गिरने और चोटिल होने का खतरा भी बढ़ गया। पंडरा रोड समेत कई मार्गों में लगा जाम पंडरा रोड में पंचशीलनगर के सामने मुख्य मार्ग पर पानी चढ़ने से रुक-रुककर जाम लगता रहा। आवाजाही में परेशानी इस कदर बढ़ गई कि कई एंबुलेंस तक जाम में फंसी रहीं। पंचशीलनगर के सामने शांतिनगर की ओर से आने वाले बड़े नाले के उफनाने से मुख्य मार्ग पर घुटने तक पानी भरा रहा। यहां से जाने वाले दुपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल भी गए। दुकानों के बाहर भरा पानी पंचशीलनगर में दुकानों के बाहर पानी भर गया, जिससे वे बंद ही रहीं। इधर, नाला के ओवरफ्लो होने से करमटोली चौक, बरियातू रोड में आरोग्य भवन के पास और सिरमटोली चौक पर जलजमाव से आमजन बेहाल रहा। चुटिया थाना के पास गड्ढा होने और कीचड़ से कई राहगीर फिसलकर गिरने से चोटिल हो गए। यहां भी थोड़े-थोड़े अंतराल पर जाम लगता रहा। सफाई नहीं होने से हर ओर अव्यवस्था बारिश में पहले नगर निगम की ओर से शहर के अलग-अलग इलाकों में बड़े नाले और नालियों की युद्धस्तर पर सफाई नहीं कराने के चलते नालियां अभी भी बजबजा रही हैं। बड़े नालों के निकासी मार्ग पर कचरा जमा होने से गंदा पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों पर बह रहा है। गलियों में नालियों से निकाली गई गंदगी का उठाव नहीं होने से यह दोबारा नालियों में चला जा रहा है। शहरवासियों का कहना है कि ज्यादा श्रम संसाधन व ड्रोन कुली की संख्या बढ़ाकर नालियों की सफाई से परेशानी थोड़ी कम हो जाएगी।

### रांची मेट्रो रेल...

सीएम हेमंत के सुझाव और मांगे

- झारखंड के लंबित मुद्दों का समाधान मांगा
- पूर्वी राज्यों के साझा मुद्दों पर एकजुटता की बात
- पर्यटन और एमएसएमई को बढ़ावा देने की बात
- खनन क्षेत्रों के निवासियों को न्याय देने की मांग
- मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना की जानकारी दी
- रोजगार सृजन के लिए केंद्र से सहयोग की अपेक्षा
- वंचित वर्ग के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति योजना में सहयोग की मांग
- जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना का प्रस्ताव
- एमएमटी से रांची को जोड़ने वाले एक्सप्रेसवे के निर्माण का प्रस्ताव रखा।
- गढ़वा से दुमका को जोड़ने की योजना
- साहेबगंज-मानिकचक पुल निर्माण की मांग
- साहेबगंज में एयर कार्गो हब की योजना
- रेलवे नेटवर्क के विस्तार की मांग
- नमामि गंगे योजना में झारखंड के अन्य शहरों को जोड़ने की मांग
- रांची मेट्रो रेल परियोजना की स्वीकृति की मांग
- प्रधानमंत्री आवास योजना में राशि बढ़ाने की मांग
- मनरेगा मजदूरी दर में वृद्धि की मांग
- उग्रवाद के लिए केंद्रीय बलों की लागत केंद्र उठाए
- कुपोषण उन्मूलन के लिए अतिरिक्त राशि की मांग
- आंगनबाड़ी केंद्रों की संख्या बढ़ाने का प्रस्ताव
- वृद्धावस्था और विधवा पेंशन में केंद्र का अंशदान बढ़ाने की मांग
- पेटेंट और रिसर्च सेंटर की स्थापना का प्रस्ताव
- चिकित्सकों की कमी दूर करने के लिए मेडिकल कॉलेजों का प्रस्ताव
- मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के लिए केंद्र से डेटा सहयोग की मांग
- सिंचाई परियोजनाओं में केंद्र की भागीदारी की मांग
- कोल कंपनियों से बकाया राशि की मांग
- बंद खदानों के क्लोजर और भूमि वापसी की मांग
- सारंडा क्षेत्र में खनन पर रोक की योजना पर आपत्ति
- बौद्ध सर्किट और रामायण सर्किट में झारखंड को जोड़ने की मांग
- कॉम्फेड और होटल अशोका के हस्तांतरण का मुद्दा उठाया

### राज्यों के विकास...

उपमुख्यमंत्री चौधरी ने गंगा और नेपाल व अन्य राज्यों से आने वाली नदियों के जल प्रबंधन के लिए समन्वित नीति बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने राज्य की सभी ग्राम पंचायतों में बैंकों की शाखाएं खोलने के लिए केंद्र से मदद का आग्रह किया। माझी ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य में 6,794 ग्राम पंचायतों में से सिर्फ 2,421 में ही बैंक शाखाएं हैं। शेष 4,373 ग्राम पंचायतें अब भी बैंक शाखाओं से वंचित हैं। उन्होंने कहा कि इंटरनेट कनेक्टिविटी की समस्याओं को दूर करने के लिए केंद्र जरूरी कदम उठाए ताकि बैंकों को शेष पंचायतों में शाखाएं खोलने में सुविधा हो। पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से बैठक में शिरकत कर रहे वित्त राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) चंद्रिमा भट्टाचार्य ने "भड़काऊ सोशल मीडिया" कंटेंट पर रोक लगाने के लिए कड़े राष्ट्रीय कानून बनाने की मांग की। इसके अलावा, उन्होंने राज्य की ओर से केंद्र प्रायोजित विभिन्न योजनाओं के तहत लंबित बकाया भुगतान का मुद्दा उठाया।

### देवघर श्रावणी मेले...

मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा, अगले साल तक दो फ्लाईओवर की मिलेगी सुविधा : मंत्री ने बताया कि अगले सावन तक दो फ्लाईओवर का निर्माण करवाने को लेकर अधिकारियों से चर्चा की गई है। उन्होंने कहा कि इस मेले के उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री को भी आना था लेकिन रांची में केंद्रीय गृह मंत्री के नेतृत्व में होने वाली बैठक में शामिल होने की वजह से वह नहीं आ पाए।

**दीपिका पांडे सिंह ने कहा, दूर दूर से आते हैं श्रद्धालु :** पंचायती एवं राज मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि श्रावणी मेले में जो इंतजाम जिला प्रशासन के द्वारा किए गए हैं, उसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए वो कम है। उन्होंने कहा कि झारखंड के सबसे बड़े आयोजनों में श्रावणी मेला का नाम आता है। इस मेले में आसपास के राज्यों के लोग ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के श्रद्धालु यहां आस्था के साथ पहुंचते हैं। इसलिए राज्य सरकार का यह प्रयास है कि बेहतर व्यवस्था के माध्यम से देश दुनिया से आए लोगों की नजर में झारखंड की अच्छी छवि बनी रहे।

**संजय यादव ने कहा, स्थानीय लोग बनाते हैं आयोजन को सफल :** श्रम मंत्री संजय यादव ने कहा कि सिर्फ देवघर ही नहीं बल्कि पूरे संथाल क्षेत्र के लोग इस मेले से लाभान्वित होते हैं। इसलिए साल में एक बार आने वाले इस मेले का इंतजार पूरे क्षेत्र के लोग करते हैं। इस मेले को सफल बनाकर देवघर और आसपास के लोग अपनी सभ्यता का परिचय दें।

**वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ हुई विधिवत पूजा :** दुम्मा द्वार का फीता काटने से पहले तीनों मंत्री समेत जिला प्रशासन के सभी अधिकारियों ने मंदिर के तीर्थ पुरोहितों के साथ वैदिक मंत्रों का उच्चारण के साथ विधिवत पूजा अर्चना की। वहीं दुम्मा द्वार से प्रवेश करने वाले श्रद्धालुओं के साथ पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार, श्रम एवं उद्योग मंत्री संजय यादव ने बम बम बोले का नारा लगाया।

### कार व स्कूटी...

मृतका सुकरो मिंज के बेटे रमेश मिंज ने तोरपा थाने में जानकारी देते हुए बताया कि उसकी बहन हन्ना की शादी कामडारा थाना क्षेत्र के टुरूंडू गांव में तय हो चुकी थी और कुछ ही दिनों में उनकी शादी होने वाली थी। इसी सिलसिले में हन्ना और उसकी मां सुकरो मिंज बुधवार को टुरूंडू गांव गई थीं। गुरुवार को दोनों मां-बेटी अपनी स्कूटी पर सवार होकर वापस अपने गांव लौट रही थीं। जैसे ही उनकी स्कूटी छाता नदी जंगल के पास पहुंची, धुर्वा से रनिया की ओर जा रही एक तेज रफ्तार ऑल्टो कार ने उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी सवार मां और बेटी दोनों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। तोरपा थाना पुलिस को घटना की सूचना मिलते ही वे तत्काल मौके पर पहुंचे और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल खूंटी भेज दिया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को जब्त कर लिया है और कार चालक कमलेश कुमार, जो धुर्वा रांची का रहने वाला है, को हिरासत में ले लिया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है और दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है। इस दुखद घटना से कुदलूम गांव में मातम पसर गया है और शादी की खुशियां गम में बदल गई हैं।

### बोलेरो ने 3...

इस दौरान वो सभी मावेशी बेचकर घर की तरफ लौट रहे थे। इस दौरान दूसरी तरफ से आ रही बोलेरो ने तीनों को एक साथ रौंद दिया। इस हादसे में तीनों की मौत हो गई।

### सेना को सलाम...

वीरों को छू के आईं उन हवाओं को सलाम,
पैदा किए जिन्होंने ऐसी मांओं को सलाम।।

वीर सपूतों के साथ मैं उनकी मांओं को भी सलाम करती हूँ जिन्होंने ऐसे जांबाज हीरो पैदा किए और उनमें देशभक्ति के बीज बोए,जिनकी वजह से आज भारत माता गर्व से अपना मस्तक ऊँचा उठाकर उन्हें आशीषें दे रही है।

नारी शक्ति की मिसाल और प्रेरणास्रोत सेना की हमारी दो जांबाज बेटियों को बार-बार नमन और वंदन। हमारी बेटियों ने प्रमाणित कर दिया कि यदि हमारे वतन पर कोई बुरी नजरें डालेगा तो उसे अंजाम भुगतना होगा।हम भारत की नारियां फूल भी हैं और वक्त पड़े तो अंगार भी हैं।सभी सैनिकों को आश्वस्त करना चाहती हूं कि आप अकेले नहीं हो। संपूर्ण भारतवर्ष आपके साथ है।आप पर पूरा भरोसा करता है।आप हैं तो देश सुरक्षित है। आपके देशप्रेम की भावना को, आपकी शक्ति, पराक्रम और शौर्य को ईश्वर और भी अधिक दृढ़ता प्रदान करें। नमन, वंदन और बधाई।

## खामेनेई के सलाहकार की ट्रंप को ड्रोन हमले की धमकी, कहा-

# धूप सेंकते समय माइक्रो-ड्रोन पेट पर गिर सकता है, ट्रंप बोले- धूप सेकना पंसद नहीं

**वॉशिंगटन/ तेहरान । एजेंसी**

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह खामेनेई के वरिष्ठ सलाहकार मोहम्मद-जवाद लारीजानी ने 8 जुलाई को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर ड्रोन हमले की चेतावनी दी। लारीजानी ने एक टी.वी चर्चा के दौरान हंसते हुए कहा- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को अपने मार-ए-लागो रिसॉर्ट में धूप सेंकते समय एक माइक्रो-ड्रोन निशाना बना सकता है। उन्होंने कहा- वहीं, ट्रम्प ने बुधवार को व्हाइट हाउस में इस बारे में पूछे जाने पर कहा- मुझे धूप सेकना पंसद नही, शायद आखिरी बार मैंने 7 साल की उम्र में धूप में बैठा था। ट्रम्प बोले वो इस बयान को बड़े खतरे के तौर पर नहीं देखते।

### ईरानी सलाहकार की ट्रंप को ड्रोन हमले की चेतावनी

- अयातुल्लाह खामेनेई के वरिष्ठ सलाहकार मोहम्मद-जवाद लारीजानी का विवादित बयान
- 8 जुलाई को एक टीवी चर्चा के दौरान दी गई धमकी
- ट्रम्प को उनके रिसॉर्ट में माइक्रो-ड्रोन से निशाना बनाने की बात
- लारीजानी ने बयान के दौरान हंसी भी उड़ाई



### डोनाल्ड ट्रंप बोले- मुझे धूप सेंकना पसंद नहीं

- ट्रंप ने बयान को हल्के में लिया, नहीं मानी कोई बड़ी धमकी
- कहा – "शायद आखिरी बार 7 साल की उम्र में धूप में बैठा था"
- व्हाइट हाउस में पत्रकारों के सवाल पर दी प्रतिक्रिया
- ट्रंप ने ईरानी बयान को मजाकिया अंदाज़ में खारिज किया



### दावा- लारीजानी का बयान क्राउड फंडिंग से जुड़ा

लारीजानी के इस बयान को लेकर स्थानीय मीडिया ने एक रिपोर्ट में "ब्लड पैक्ट" नामक एक ऑनलाइन क्राउड फंडिंग अभियान से जुड़े होने का दावा किया। ये अभियान खामेनेई का अपमान करने वालों के खिलाफ बदला लेने के लिए फंड जुटा रहा है। जिसके बारे में दावा किया गया है कि 8 जुलाई तक इसने 27 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की राशि जुटा ली है।

***स्थानीय मीडिया रिपोर्ट में "ब्लड पैक्ट" नामक ऑनलाइन क्राउड फंडिंग अभियान का खुलासा***

### अमेरिका ने ईरान के एटमी ठिकानों पर हमला किया था

अमेरिका ने 22 जून को ईरान के 3 परमाणु ठिकानों पर हमला किया था। ये ठिकाने फोर्डो, नतांज और इस्फहान हैं। हमला भारतीय समयानुसार रविवार सुबह 4:30 बजे हुआ। ईरान पर हमले के करीब 13 घंटे बाद अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने हमले की डिटेल दी है। जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ जनरल डैन केन ने बताया कि इस मिशन में 125 एयरक्राफ्ट शामिल थे।

***हमले का उद्देश्य रणनीतिक ठिकानों को निशाना बनाना बताया गया।***

---

## चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश की तिकड़ी भारत के खिलाफ एकजुट!

# अनिल चौहान की चेतावनी से सतर्क हुआ सुरक्षा तंत्र, मोदी अलर्ट

**नई दिल्ली । एजेंसी**

पाकिस्तान भारत के खिलाफ बेहद घिनौनी साजिश रच रहा है। इसका खुलासा खुद भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ ने किया है। सीडीएस अनिल चौहान की तरफ से जो बातें कही गई हैं। वो बेहद चौंकाने वाली हैं। पाकिस्तान सिर्फ अकेला ही नहीं चीन और बांग्लादेश मिलकर भारत को किस तरह टारगेट किया जाए इससी साजिश बुन रहे हैं। सीडीएस अनिल चौहान एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान की परतें खोलने का काम किया। पाकिस्तान पिछले पांच सालों में कितने हथियार चीन से ले चुका है। इन हथियारों के जरिए क्या रणनीति इन देशों के द्वारा बनाई जा रही है, जो भारत के लिए खतरनाक हो सकती है। सीडीएस अनिल चौहान ने साफ और सटीक शब्दों में कहा कि बांग्लादेश, चीन और पाकिस्तान का एक साथ आना भारत के लिए खतरे का संकेत हो सकता है। भारत वैसे तो पाकिस्तान को हर मुहाने पर लगातार मुंहतोड़ जवाब दे रहा है। चीन सीधे तो आकर भारत से पंगे नहीं ले रहा है। लेकिन पाकिस्तान के कंधे पर बंदूक रखकर भारत के खिलाफ चलाने की पूरजोड़ कोशिश में लगा हुआ है। चीन भारत के खिलाफ पाकिस्तान को तैयार करने की कोशिश में लगा हुआ है। पाकिस्तान को कैसे पूरी ताकत के साथ खड़ा किया जाए, इसमें चीन लगा हुआ है और ताबड़तोड़ हथियार उसकी तरफ से इस्लामाबाद को मुहैया कराए जा रहे हैं। सीडीएस चौहान ने कहा कि पाकिस्तान सालों से भारत के खिलाफ साजिश को अंजाम देता रहा है और इसमें चीन की भी भूमिका रही है। पाकिस्तान और चीन का एक-दूसरे से मिलना भारत की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है पाकिस्तान को पिछले पांच सालों में 70 से 80 प्रतिशत हथियार और उपकरण चीन से मिले हैं।

हिंद महासागर क्षेत्र के देशों का आर्थिक संकट उन्हीं के लिए दिक्कत बन सकता है। इसकी वजह से बाहरी शक्तियों ने अपना प्रभाव बढ़ाने का मौका हासिल कर लिया है। इसका असर भारत पर भी हो सकता है दक्षिण एशिया में सरकारों के बार-बार बदलने के साथ भू-राजनीतिक समीकरण और वैचारिक दृष्टिकोण भी बदल रहा है, जो कि एक और अहम चुनौती है। इसी तरह, चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच निजी फायदे की वजह से नजदीकी बढ़ रही है, जो कि भारत की सुरक्षा और स्थिरता को लेकर खतरा बन सकती है। हम सभी मौजूदा स्थिति से वाकिफ हैं। सीडीएस ने यह भी रेखांकित किया कि कैसे भारत ने पाकिस्तान की परमाणु हमले की धौंस को उजागर किया।



### बाहरी ताकतों के प्रभाव से भारत को खतरा

- आर्थिक कमजोरी के कारण क्षेत्रीय देशों में विदेशी प्रभाव बढ़ा
- इसका सीधा असर भारत की सुरक्षा और कूटनीति पर पड़ सकता है

### दक्षिण एशिया में राजनीतिक अस्थिरता चुनौती

- सरकारों के साथ वैचारिक दृष्टिकोण और नीतियां भी बदल रहीं
- भू-राजनीतिक अस्थिरता भारत के लिए रणनीतिक समस्या

### मानवता विरोधी अपराध में शेख हसीना पर आरोप तय

**ढाका** । बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना पर गुरुवार को मानवता के विरुद्ध अपराध के मामले में औपचारिक रूप से अभियोग लगाया गया। अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने शेख हसीना पर मानवता के विरुद्ध अपराध के आरोप स्वीकार करते हुए उन पर अभियोग लगाया है। यह आरोप पिछले वर्ष एक बड़े पैमाने पर हुए विद्रोह के संबंध में लगाया गया था जिसमें सैकड़ों छात्र मारे गए थे। न्यायमूर्ति गुलाम मुर्तुजा मोजुमदार की अध्यक्षता वाले तीन सदस्यीय पैनल ने शेख हसीना, पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमां खान और पूर्व पुलिस प्रमुख चौधरी अब्दुल्ला अल-मामून पर पांच आरोप लगाए।



## चीन पर अमेरिकी का नया प्रतिबंध

# चीनी निवेशकों को अमेरिकी कृषि भूमि खरीदने की मनाही

**नई दिल्ली । एजेंसी**

अमेरिका और चीन के बीच की अदावत तो किसी से छुपी नहीं है। डोनाल्ड ट्रंप भले ही जिनपिंग को भले ही पसंद करने की बात करते हो। लेकिन एक्शन उनकी बातों से बिल्कुल भी मेल नहीं खाते। इसलिए तो पहला कार्यकाल हो या ट्रंप 2.0 चीन के प्रति अमेरिका का सख्त रवैया बदस्तूर जारी है।

टैरिफ वॉर हो या ताइवान के प्रति चीन का एग्रेसिव नेचर अमेरिका का ड्रैगन के प्रति स्टैंड एकदम साफ रहा है। अब इसी क्रम में अमेरिका ने चीन पर नया बैन लगा दिया है। लेकिन इस बार मसला खरीद-बिक्री से जुड़ा है और वो भी जमीन से जुड़ा मसला है। ट्रंप 2.0 के आने के बाद नया फैसला ये लिया गया है कि अब चीन अमेरिका में कोई खेती की जमीन नहीं खरीद सकता है। चीन इस फैसले को लेकर कह रहा है कि ये तो सीधा भेद-भाव है।

अमेरिकी कृषि विभाग ने राष्ट्रीय कृषि सुरक्षा कार्य योजना (एनपीपी) की घोषणा की है, जो एक नई पहल है जिसका उद्देश्य अमेरिकी कृषि भूमि को विदेशी प्रभाव, विशेष रूप से चीन से बचाना है।

### शिप पर कब्जा कर बम से उड़ाया, हूतियों ने टाइटैनिक की तरह डुबा दिया जहाज

**नई दिल्ली** । हूती उग्रवादियों द्वारा इस सप्ताह एक दूसरे जहाज पर हमला करके उसे डुबो देने के बाद बचावकर्मियों ने लाल सागर से चालक दल के छह सदस्यों को जीवित बाहर निकाला, जबकि अन्य 15 के बारे में अभी कुछ पता नहीं चल पाया है। ईरान-संबद्ध समूह ने कहा है कि उनमें से कुछ नाविक उनके कब्जे में हैं। हूती उग्रवादियों ने इस हमले की ज़िम्मेदारी ली है। समुद्री अधिकारियों के अनुसार, इस हमले में इटरनिटी सी पर सवार 25 लोगों में से चार की मौत हो गई, जबकि बाकी लोग मालवाहक जहाज छोड़कर भाग गए। बचाव अभियान में शामिल सुरक्षा कंपनियों के सूत्रों ने बताया कि पिछले दो दिनों में हुए हमलों के बाद इटरनिटी सी डूब गया।

---

# सुको ने बिहार में विधानसभा चुनाव से कुछ माह पहले मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया पर सवाल उठाया

**चुनाव आयोग से कहा** - आधार कार्ड नागरिकता के लिए नहीं हो सकता, ये आपका काम नहीं, गृह मंत्रालय का काम है

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय के जस्टिस सुधांशु धूलिया व जॉयमाल्या बागची की पीठ ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर दायर की गई याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग से कहा कि आधार कार्ड नागरिकता के लिए नहीं हो सकता, ये आपका काम नहीं, गृह मंत्रालय का काम है। सुनवाई के दौरान अदालत ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर रोक लगाने से इनकार कर दिया, लेकिन राज्य में विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले होने वाली इस प्रक्रिया के समय पर सवाल उठाया। चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए जस्टिस सुधांशु धूलिया व जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि आपकी कवायद समस्या नहीं है, समस्या समय की हैबिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण को नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनावों से क्यों जोड़ा जा रहा है? यह चुनावों से इतर क्यों नहीं हो सकता? जस्टिस धूलिया ने कहा कि एक बार मतदाता सूची को अंतिम रूप दे दिया जाए तो अदालतें उसे नहीं छुएंगी। जिसका अर्थ है कि मताधिकार से वंचित व्यक्ति के पास चुनाव से पहले उसे (संशोधित सूची को) चुनौती देने का विकल्प नहीं होगा।हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने कहा मतदाता सूची को गहन प्रक्रिया के माध्यम से सही करने में कुछ भी गलत नहीं है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि गैर-नागरिकों का नाम मतदाता सूची में न रह जाए। सुनवाई की प्रमुख बातें निम्न हैं —

कोर्ट ने एडीआर वकील से पूछा आप विशेष गहन पुनरीक्षण को चुनावों से क्यों जोड़ रहे हैं?

एडीआर वकील ने सफाई दी हम अधिकार नहीं, प्रोसेस के खिलाफ हैं।

कोर्ट की नागरिकता के मुद्दे पर सिब्बल ने खड़े किए सवाल।

कोर्ट ने कहा नागरिकता का काम चुनाव आयोग का नहीं, गृह मंत्रालय का है।

सिब्बल बोले, नागरिक नहीं हैं ये चुनाव आयोग सिद्ध करे।

### सुप्रीम कोर्ट में दोनों पक्षों की तरफ क्या दलीलें दी गईं

- **एडीआर वकील :** कानून के अनुसार, इलेक्शन कमीशन को एसएसआर और स्पेशल इंटेंसिव कराने का अधिकार है। सिर्फ 11 डॉक्यूमेंट ही लिए जा रहे हैं।आधार कार्ड वोटर आईडी कार्ड जैसे दस्तावेज नहीं मांगे जा रहे। आज तक स्पेशल इंटेंसिव रिविजन शब्द का उपयोग नहीं हुआ।
- **जज :** चुनाव आयोग जो कर रहा है उसे उसका अधिकार संविधान ने दिया है। सवाल है कि क्या चुनाव आयोग को इंटेंसिव रिविजन का अधिकार है या नहीं। आप अधिकार को चैलेंज नहीं कर रहे हैं?
- **एडीआर वकील :** हम अधिकार का नहीं बल्कि जिस तरीके से ये प्रक्रिया की जा रही है उसके खिलाफ हैं। कानून में संशोधन कर आधार कार्ड को वोटर कार्ड के दस्तावेज के तौर पर शामिल किया गया है। 2021 में संशोधन किया गया और 2022 में इसे लागू किया गया, लेकिन चुनाव आयोग आधार कार्ड को एसआईआर में शामिल नहीं कर रहा है।
- **जज :** क्या वोटर कार्ड दस्तावेज एसआईआर में शामिल है?
- **एडीआर वकील :** नहीं। फॉर्म 6 में आधार कार्ड, मनरेगा, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस जैसे दस्तावेज शामिल है, लेकिन एसआईआर में इसे शामिल नहीं किया गया। बिहार में एन्यूमरेशन फॉर्म 7.89 करोड़ मतदाताओं को देना है। ये नया फॉर्म चुनाव आयोग ने बनाया है इससे पहले ये फॉर्म नहीं था। अभी तक सिर्फ फॉर्म-6 था, जब नए वोटर का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाता था।
- **जज :** आधार कार्ड नागरिकता के लिए नहीं हो सकता। ये आपका काम नहीं, गृह मंत्रालय का काम है।
- **चुनाव आयोग :** हमें समय दें। अभी प्रक्रिया चल रही है। पता नहीं है कि कितने लोग बाहर होंगे।
- **कपिल सिब्बल :** संविधान के आर्टिकल 10 और 11 में लिखा है कि सिटीजन बनने के लिए 3 कैटेगरी है। चुनाव आयोग कहता है हर व्यक्ति जो 18 साल और भारत का नागरिक है वो वोटर बन सकता है तो फिर चुनाव आयोग कैसे पूछ सकता है कि अगर आप ये फॉर्म नहीं भरेंगे तो आप वोट नहीं कर पाएंगे। ये हैरानी की बात है, जो 11 दस्तावेज उसके आधार पर मतदाता सूची में नाम जोड़ने की बात कही गई है, वो बहुत ही कम लोगों के पास हैं।
- **जज :** क्या आप बोल रहे हैं कि बहुत बड़ी आबादी के पास ये 11 दस्तावेज नहीं है?
- **कपिल सिब्बल :** यही बात हम कहना चाहते हैं। नागरिकता साबित करने का दायित्व मुझ पर नहीं है। मुझे मतदाता सूची से हटाने से पहले, उन्हें ये दिखाना होगा कि उनके पास कोई ऐसा दस्तावेज है जो साबित करता है कि मैं नागरिक नहीं हूं।
- **अभिषेक मनु सिंघवी :** बिहार में करीब 4 करोड़ लोगों को अपने आप को मतदाता सूची में जोड़ने के लिए 3 अलग तरह के दस्तावेज देने होंगे। ये नागरिकता का मामला है। एक भी मतदाता को मताधिकार से वंचित करने से लोकतंत्र और बुनियादी ढांचे पर असर पड़ता है।
- **जज :** हम इस मामले में आपके साथ हैं। समरी रोल कराने को लेकर समय और उसकी प्रक्रिया संविधान में दिया गया है। लेकिन स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को लेकर समय नहीं दिया गया।
- **अभिषेक मनु सिंघवी-** क्यों चुनाव आयोग ने जून के आखिरी में एसआईआर की घोषणा की? अब ये एसआईआर बंगाल में कराने वाले हैं। अगर ये प्रक्रिया पहले हुई होती तो कोई दिक्कत नहीं थी।
- **जज :** याचिकाकर्ता न सिर्फ आपके अधिकार बल्कि पूरी प्रक्रिया पर सवाल उठा रहे हैं और एसआईआर के समय को लेकर सवाल है। जज ने यह बात चुनाव आयोग के वकील से कही।
- **चुनाव आयोग के वकील :** इलेक्टोरल रोल बनाने का अधिकार चुनाव आयोग को आर्टिकल 1 में दिया गया है।
- **जज :** याचिकाकर्ता सीधे तौर पर आपके अधिकार पर नहीं, एसआईआर की प्रक्रिया पर सवाल उठा रहे हैं।
- **चुनाव आयोग के वकील :** चुनाव आयोग का सीधे मतदाताओं से रिलेशन है। अगर मतदाता नहीं होंगे तो चुनाव आयोग का कोई काम नहीं।
- **जज :** हम पिछले 20 साल से चुनाव में शामिल हो रहें हैं तो अचानक से क्यों ये डॉक्यूमेंट मांग रहे?
- **चुनाव आयोग के वकील :** कौन लोग हैं जो ये सवाल पूछ रहें है, जो बिहार में मतदाता भी नहीं हैं।
- **जज :** हम 28 जुलाई को फिर से केस की सुनवाई करेंगे। आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, राशन कार्ड - मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए उपयोग करे।






# शादी के 4 साल बाद राजकुमार राव और पत्रलेखा बनने वाले हैं पेरेंट्स

## सोशल मीडिया पर दी प्रेग्नेंसी की घोषणा

कहानी फिल्म जगत की

*बॉलीवुड सेलिब्रिटी जोड़ी राजकुमार राव और पत्रलेखा 9 जुलाई, 2025 को अपनी प्रेग्नेंसी की घोषणा करके बेहद खुश हैं। इस जोड़े ने एक संयुक्त सोशल मीडिया पोस्ट के ज़रिए यह खुशखबरी साझा की और अपने जीवन के एक नए अध्याय का स्वागत करने की तैयारी में अपनी उत्सुकता व्यक्त की। उन्होंने नवंबर 2021 में शादी की थी।*



राजकुमार राव और पत्रलेखा ने सोशल मीडिया पर यह खुशखबरी साझा की, जिसमें लिखा था, "बच्चा आने वाला है।" यह घोषणा तेज़ी से वायरल हुई और कई अभिनेताओं, मशहूर हस्तियों और फिल्म जगत के सदस्यों ने कमेंट सेक्शन में भावी माता-पिता के लिए प्यार और बधाई की बाढ़ ला दी। सोनाक्षी सिन्हा, नुसरत भरुचा, पुलकित सम्राट, ईशा गुप्ता, भूमि पेडनेकर, मानुषी छिल्लर, हुमा कुरैशी और फराह खान सहित कई अन्य लोगों ने हार्दिक शुभकामनाएँ भेजीं। भूमि पेडनेकर, तृप्ति डिमरी, भारती सिंह, नेहा धूपिया, ईशा गुप्ता और कियारा आडवाणी समेत कई हस्तियों ने इंस्टाग्राम पर इस जोड़े को बधाई दी। फराह खान ने मज़ाक करते हुए लिखा, "आखिरकार, खबर सामने आ ही गई!! मुझे इसे अपने तक ही सीमित रखने में मुश्किल हो रही थी। बधाई हो।" सोनम कपूर ने लिखा, "आप दोनों के लिए बहुत खुश हूं, मेरे प्यारे दोस्तों।

**काम की बात करें :** काम की बात करें तो, 40 वर्षीय राजकुमार राव शुक्रवार, 11 जुलाई को अपनी फिल्म मालिक की रिलीज़ का इंतज़ार कर रहे हैं। उन्हें स्त्री 2, श्रीकांत, बधाई दो, ट्रैप्ड और शाहिद जैसी फिल्मों में उनके प्रशंसित अभिनय के लिए जाना जाता है। इस बीच, पत्रलेखा, जिन्होंने हंसल मेहता की फिल्म सिटीलाइट्स से अपने पति के साथ डेब्यू किया था, हाल ही में प्रतीक गांधी के साथ फुले में नज़र आईं। उन्होंने आईसी 814: द कंधार हाईजैक और मैं हीरो बोल रहा हूं।